सूर्योदय 6:51 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.2 न्यू | 16.6 अधि |
| धर्मशाला | 9.5 न्यू | 21.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79117.11 |
| निफ्टी | 23907.25 |
| सोना | 78,820 |
| चांदी | 93,744 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आईपीएल नीलामी: पंत रच सकते हैं इतिहास

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 24 नवंबर 2024 | 9 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 338, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702






## न्यूज शॉर्ट्स

### कैलाश गहलोत को चुनाव समिति का सदस्य बनाया



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थामने वाले कैलाश गहलोत को दिल्ली भाजपा बड़ी जिम्मेदार सौंपी है। दिल्ली भाजपा ने उन्हें चुनाव संचालन समिति का सदस्य बनाया है। दिल्ली भाजपा ने चुनाव अभियान का नेतृत्व करने के लिए यह समिति बनाई है। इसमें प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है। इस समिति का मकसद दिल्ली में पार्टी की स्थिति को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान ने 87 भारतीय तीर्थयात्रियों को दिया वीजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के 87 हिंदू तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किया है। ये तीर्थयात्री सिंध प्रांत में शादानी दरबार हयात पिताफी में शिव अवतारी गुरु संत शादाराम साहिब की 316वीं जयंती समारोह में हिस्सा लेने के लिए जा रहे हैं। पाकिस्तान उच्चायोग ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान की यात्रा करने वाले भारतीय हिंदू तीर्थयात्रियों को 87 वीजा जारी किए हैं।

### संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 25 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के लिए वक्फ संशोधन समेत 16 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। पांच नए विधेयक भी शामिल हैं। इन पांचों प्रस्तावित कानूनों में एक सहकारी विश्वविद्यालय स्थापना से जुड़ा विधेयक भी है। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। यह पिछले 10 साल में सबसे आक्रामक हो सकता है। दोनों सदनों की संयुक्त समिति की ओर से लोकसभा में अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

### असम में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**गुवाहाटी।** असम के बजाली और धुबरी जिलों में शनिवार को सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, बजाली जिले में एक वाहन रास्ते में खड़े एक ट्रक से टकरा गया जिससे वाहन सवार पांच लोगों की मौत हो गई । इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।


अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ताबो में माइनस 8.3 तक लुढ़का न्यूनतम तापमान -पेज 2
- सड़क किनारे खड़े दो लोगों को कुचला, एक की मौत -पेज 4
- बीबीएन में 40 दिन में बिका 17 करोड़ रुपए का धान -पेज 12
- अमेरिकी एसईसी ने अडानी व भतीजे सागर को किया तलब -पेज 13
- गुकेश का पलड़ा भारी, लेकिन लिरेन भी दमदार -पेज 14


# महाराष्ट्र में महायुति की सुनामी, झारखंड में झामुमो राज

## महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन 230 से ज्यादा व झारखंड में विपक्षी गठबंधन 56 सीटों पर आगे

एजेंसी, नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। रुझानों के अनुसार, महाराष्ट्र में महायुति और झारखंड में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनना तय है। चुनाव नतीजे आते ही राजनीतिक दलों की धुकधुकी शांत हो गई है। महाराष्ट्र में महायुति ने एकतरफा बढ़त बनाई है।

महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन यानी महायुति 230 पर आगे है, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है और 123 पर आगे है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा। समाचार लिखे जाने तक एमवीए ने 22 सीटें जीत ली थीं और 24 पर आगे चल रही थी। ऐसे में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। महायुति में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है।

वहीं, झारखंड विधानसभा चुनाव के रुझानों में हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दोबारा सत्ता में आना तय हो गया है। झामुमो गठबंधन ने 81 सीटों में से 56 सीटों पर बढ़त बनाई हुई है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है। भाजपा गठबंधन 24 सीटों पर आगे चल रहा है। अन्य 1 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को 81 सीटों पर मतदान हुआ था।



एकनाथ शिंदे 1.2 लाख मतों से जीते

### महायुति नेताओं का दावा- आसानी से हो जाएगा सरकार का गठन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे ऐतिहासिक हैं और इन नतीजों ने तय कर दिया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना किसकी है। सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन की जीत पर संयुक्त प्रेसवार्ता करते हुए 'महायुति' के नेताओं ने भरोसा दिलाया कि नई सरकार का गठन आसानी से हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि लोगों ने तुष्टीकरण की राजनीति को खारिज कर दिया है और प्रधानमंत्री मोदी के एकता के संदेश 'एक हैं तो सेफ हैं' पर मुहर लगा दी है। राकांपा प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन भारी जीत से बहकेगा नहीं और वित्तीय अनुशासन लाएगा।



### महायुति की जीत पर मोदी बोले एकजुट होकर और भी ऊंची उड़ान भरेंगे



**दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) ने प्रचंड जीत दर्ज की है। महायुति ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बात की और उन्हें राज्य में महायुति की जीत पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे। एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र के अपने भाइयों-बहनों, खासकर युवाओं और महिलाओं का दिल से आभार... मैं लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। पीएम ने कहा कि मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा सबसे आगे रहेंगे। मैं जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं।

### सीएम सुक्खू ने प्रियंका को दी जीत की बधाई

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को वायनाड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी रिकॉर्ड जीत उनके चुनावी सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे कांग्रेस पार्टी को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने झारखंड विधानसभा चुनाव में सफलता के लिए वरिष्ठ नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी। वहीं, सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में सहयोगात्मक राजनीति के बजाए अवरोधकारी राजनीति करने के लिए भाजपा की आलोचना की।

## प्रियंका का हुआ वायनाड, रिकॉर्ड 4.10 लाख वोटों से जीतीं



विधानसभा उपचुनाव

यूपी में भाजपा गठबंधन ने जीती 9 में से 7 सीटें

**नई दिल्ली।** 15 राज्यों की 46 विधानसभा और 2 लोकसभा (वायनाड, नांदेड़) सीटों पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट के नतीजे आ गए। वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। सीपीआई के सत्यन मोकेरी (2 लाख 11 हजार वोट) दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास (1 लाख 9 हजार वोट) तीसरे नंबर पर रहे। वहीं, महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के संतुक हंबार्डे की जीत लगभग पक्की है। समाचार लिखे जाने तक वह कांग्रेस के वसंत राव चव्हाण से करीब 42 हजार 527 वोटों से आगे थे। मध्य प्रदेश की विजयपुर सीट पर कांग्रेस से भाजपा में आए वन मंत्री रामनिवास रावत हार गए। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 7 और सपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। वहीं, 46 सीटों पर भाजपा गठबंधन 24, कांग्रेस 7, टीएमसी 6, सपा 3, 'आप' 3, सीपीआई (एम), नेशनल पीपुल्स पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी 1-1 सीटों पर आगे चल रही हैं। भाजपा गठबंधन में जेडीयू, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा, असम गण परिषद, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल शामिल हैं।

### झारखंड में लोकतंत्र की परीक्षा में हम सफल हुए : हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के शानदार प्रदर्शन के लिए शनिवार को राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी लोकतंत्र की परीक्षा में सफल रही है। सोरेन ने बरहैट सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गमलियल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराया है। सोरेन ने कहा कि 'झारखंड में लोकतंत्र की परीक्षा में हम पास हो गए हैं, चुनाव परिणाम के बाद हम अपनी रणनीति को अंतिम रूप देंगे।'

### महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हम इस पर मंथन करेंगे : राहुल



झारखंड में विपक्षी गठबंधन की जीत पर दी बधाई

**झारखंड** विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा कि झारखंड के लोगों का विपक्षी गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है। महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं, इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

## नगरोटा में संदिग्ध हालात में मिली युवक की लाश

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

**नगरोटा** बगवां थाना के तहत ठारू पंचायत के समीप बन रहे फोरलेन के पास शनिवार सुबह एक युवक का शव मिला है। मृतक युवक की पहचान नगरोटा बगवां के वार्ड नंबर 2 के 36 वर्षीय अंकुश पठानिया के रूप में हुई है।

आशंका जताई जा रही है कि चिट्टे की ओवरडोज से युवक की मौत हुई है। नगरोटा बगवां को सुबह आठ बजे सूचना मिली कि ठारू पंचायत के समीप बन रहे फोरलेन के पास युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

चिट्टे की ओवरडोज से मौत होने की आशंका

पुलिस ने टांडा मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि जानकारी मिली थी कि ठारू पंचायत के पास बन रहे फोरलेन के समीप एक डेड बॉडी मिली है।

धर्मशाला से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और उसने साक्ष्य जुटाए हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के साथ शुकवार रात को जिन-जिन लोगों के साथ था, उनको पूछताछ के लिए थाना में बुलाकर उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक टीम की ओर से जुटाए तथ्यों की पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि उसकी मौत कैसे हुई है।

## लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्कर्स के वेतन में 500 रुपए की बढ़ोतरी

**शिमला।** सुक्खू सरकार ने लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टीटास्क वर्करों को तोहफा दिया है। लोक निर्माण विभाग में कार्यरत करीब 4,800 मल्टीटास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी की है। अब इन कर्मचारियों को 4,500 रुपए के बजाय 5,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे। इस संबंध में शनिवार को राज्य के अतिरिक्त सचिव लोक निर्माण विभाग सुरजीत सिंह राठौर ने अधिसूचना जारी कर दी है। मंत्रिमंडल की बैठक में मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी का निर्णय लिया था। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मानदेय बढ़ोतरी की अधिसूचना को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है।

- अतिरिक्त सचिव ने जारी की अधीसूचना
- विक्रमादित्य ने भी सोशल मीडिया पर शेयर की अधिसूचना

## किन्नौर में ठंड से एनएच 505 मलिंग नाला जमा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के किन्नौर जिले में बढ़ती ठंड के कारण पूरा क्षेत्र शुष्क ठंड में तब्दील हो गया है। ठंड के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में बहते पानी के साथ कई क्षेत्रों में जल स्रोत भी जमने लगे हैं। एनएच 505 हो गई है, जिससे सुबह शाम वाहन चलाना जोखिम भरा है। वहीं, कई क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। किन्नौर जिले के शीत मरुस्थल वाले इलाकों में अधिकांश नदी-नाले पूरी तरह फ्रीज होना शुरू हो गए है।



मलिंग नाला के पास सड़क पर बहता पानी जमने से सड़क फिसलन भरी

## कॉलेजों की रैंकिंग करने पर विचार कर रही सरकार : सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली में आयोजित पूर्व छात्र एसोसिएशन के कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि कॉलेज में आर्ट्स ब्लॉक गर्ल्स हॉस्टल और पार्किंग को दो वर्ष में तैयार किया जाएगा।



उन्होंने पूर्व छात्र एसोसिएशन को 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के कॉलेजों की रैंकिंग करने पर विचार कर रही है। प्रदेश में 138 कालेज हैं और उनकी रैंकिंग का फॉर्मूला तैयार किया जा रहा है।

### कॉलेज का समय रहेगा हमेशा याद

**पुराने** दिनों को याद करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा इस कॉलेज में बिताया हुआ समय हमेशा याद रहेगा। मेरे मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने मेरे खिलाफ कॉलेज में चुनाव लड़ा था, लेकिन जीता मैं ही था। सभी छात्र संगठन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल किया करते थे, लेकिन सबकी सोच संस्थान को मजबूत करने की थी। संजौली कॉलेज के विद्यार्थी मेरिट में आते थे और पीएमटी की परीक्षा में भी बहुत से छात्र इसी कॉलेज से पास हुआ करते थे। इस महाविद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा नाम है। वहीं, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायधीश संदीप शर्मा ने कहा कि आज कॉलेज के पुराने दोस्तों के साथ दोबारा मिलकर अच्छा लगा और कई पुरानी यादें ताजा हो गईं।







## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चरस तस्कर को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पुलिस ने एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है,638 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान गोपाल सिंह उम्र 42 साल मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। व्यक्ति इतनी भारी मात्रा में चरस लेकर कहां जा रहा था, फिलहाल इसके बारे में जानकारी नही मिल पाई है। उधर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खाई में गिरी गाड़ी, एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** रोहडू में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। इस सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति रोहडू क्षेत्र के नसारी गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार पुलिस कोसूचना मिली कि एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहीं एचपी10 ए-9723 नंबर की गाड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार हुई है, जिसमें एक व्यक्ति सवार था जो गाड़ी से करीब 10 फीट नीचे घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सिविल अस्पताल रोहडू पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्थानीय व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### कोटी प्रवास के दौरान सीएम देंगे 24 करोड़ की सौगात

**जुन्गा (शिमला)।** करीब 10 वर्षो के लबें अतंराल के उपरांत राजकीय डिग्री कॉलेज चायल कोटी को अपना भव्य भवन नसीब होगा। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा 25 नवंबर को कॉलेज के इस नए भव्य भवन का लोकार्पण किया जाएगा। इनके साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और स्थानीय विधायक एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री आनिरूद्ध सिंह भी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। इस भवन के निर्माण पर साढ़े 21 करोड़ की राशि व्यय की गई है। सीएम पहली बार जुन्गा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं और कसुपंटी क्षेत्र के लोगों को करीब 24 करोड़ की सौगात देंगे।

### निरीक्षण टीम ने किया सीमा कॉलेज का दौरा



**दशमी रावत, रोहडू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के सत्यापन के लिए निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय का दौरा किया। यह दौरा रैंकिंग प्रक्रिया के अंतर्गत महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों के आंकलन के लिए आयोजित किया गया था। निरीक्षण टीम का औपचारिक स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत व स्टाफ के सदस्यों ने किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यशपाल शर्मा किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** हरियाणा प्रदेश के पुंडरी हल्के से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के चुनाव जीतने एवं चुनाव में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर वहां चुनाव में बतौर प्रवासी विस्तारक सेवा दें चुके हिमाचल प्रदेश के जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले यशपाल शर्मा को ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में हारी बाजी को जीतने में विस्तारकों का अहम योगदान रहा है जिसके लिए मुख्यमंत्री ने दिल की गहराई से सभी का धन्यवाद किया है।

### अवैध खनन करने पर 4 लाख जुर्माना वसूला

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ इस वर्ष बड़ी कार्रवाई की है। अवैध खनन में पुलिस 72 चालान किए हैं और लगभग 4 लाख के करीब जुर्माना वसूला है। इसमें अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टरों, टिप्परों के चालान किए गए हैं। जानकारी देते पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि अवैध खनन करने वाले ट्रक, टेंपो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। वर्ष 2024 में अब तक 72 चालान किए गए हैं। अब तक चार लाख के करीब जुर्माना भी वसूल किया गया है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आपको बता दें कि अवैध खनन करने वाले सुबह के समय ही धुंध के आगोश में छिप कर खड्डे में इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इस ठंड के मौसम में पुलिस को भी इन पर शिकंजा कसने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। आपको बता दें कि झंडूता में भी काफी समय से खनन का अवैण कार्य चला हुआ था, वहीं इसकी शिकायत पुलिस को भी मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

### सिक्योरिटी गार्ड्स के भरे जाएंगे 100 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी, द्वारा सिक्योरिटी गार्ड्स के 100 पदों हेतु 27 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास तथा मासिक मानदेय 16 हजार 5 सौ रुपए से लेकर 19 हजार पांच सौ रुपए दिया जाएगा। उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी एवं वजन 52 किग्रा होना चाहिए। 19 से 40 आयु वर्ग के केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 27 नवंबर को रोजगार कार्यालय बिलासपुर पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल **www-eemis-hp-nic-in** पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एस.आई.एस सिक्योरिटी, बिलासपुर के अधिकारी को 8558062252 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जनता के सामने आया कांग्रेस सरकार का असली चेहरा : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पांच सालों में पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार का असली चेहरा जनता के सामने आया है। विभागों में तैनात जिन आउटसोर्स कर्मियों के लिए कांग्रेस नीति बनाने का वादा करती थी, आज वहीं कांग्रेस सरकार सत्ता में आते ही इन आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकाल रही है। यह बात पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कही। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस सरकार युवा विरोधी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यदि आउटसोर्स कर्मियों के हित मे कोई नीति नहीं बना सकती है तो कम से कम उनको नौकरी से तो न निकाला जाए।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड के 80 और कौशल विकास निगम के 30 आाउटसोर्स कर्मियों को निकालने के बाद श्रम विभाग में 170 डेटा ऑपरेटर बेरोजगार किये हैं। घुमारवीं सिविल अस्पताल में तैनात आठ सिक्योरिटी गार्डों को नौकरी से बाहर किया गया। इसके अलावा अन्य विभागों से भी आउटसोर्स पर लगे लोगों को नौकरी से निकालकर बेरोजगार किया है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि जिन आउटसोर्स कर्मियों ने 10 से 12 वर्ष अपने उज्ज्वल भविष्य का सपना देखकर कम वेतन पर लंबे समय तक अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन एकदम से उनकी सेवायें समाप्त करना दुर्भाग्यपूर्ण और युवाओं के भविष्य के साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यदि आउटसोर्स कर्मियों के हित मं कोई नीति नहीं बना सकती है तो कम से कम उनको नौकरी से तो न निकाला जाए।

### महाराष्ट्र में भाजपा की जीत पर दी बधाई

**पूर्व** मंत्री गर्ग ने महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नातियों पर मुहर लगाई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में संगठन ने बेहतरीन कार्य किया है, जिसके बलबूते महाराष्ट्र में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है।

## कर्मचारियों का फूटा गुस्सा : कहा-मुख्यमंत्री अपने पास लें चार्ज

# निगम के होटल घाटे में नहीं,गलत आंकड़े किए पेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जानकारी देते हुए कर्मचारी।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों का गुस्सा फूट गया है। कर्मचारियों ने चेयरमैन आरएस बाली पर कई आरोपों का ठिकरा फोड़ दिया है।

शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय मजदूर संघ के प्रभारी एवं निगम से सेवानिवृत दावेराम चौहान ने कहा कि जिन होटलों को घाटे में बताया जा रहा है, वो घाटे में नहीं है। इनको लेकर गलत आंकड़े पेश किए गए हैं। इसके पीछे कर्मचारियों को साजिश की अशंका है, ताकि इन होटलों को प्राइवेट हाथों में दिया जा सकें।

वहीं बाली पर कांगड़ा के 70 लोग होटल में भर्ती करने का आरोप भी लगया है। दावेदार राम चौहान ने कहा कर्मचारियों ने आरएस बाली से स्टाफ मांगा। मगर आरएस बाली ने अपने ही चुनाव क्षेत्र के 70 लोग होटल में भर्ती कर दिए। उन्होंने एचपीटीडीसी के मौजूदा आर्थिक हालात के लिए चेयरमैन को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की और मुख्यमंत्री से पर्यटन निगम अपने पास लेने का आग्रह किया है।

गौर रहे कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने पर्यटन विकास निगम में नगरोटा बगवां से विधायक आरएस बाली को कैबिनेट रैंक के साथ चेयरमैन लगा रखा है। वहीं निगम कर्मचारी-पेंशनर ने कई बार चेयरमैन से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मिलने का समय ही नहीं दिया। वहीं राज कुमार एचपीटीडीसी के महासचिव राज कुमार ने हिमाचल हाईकोर्ट से शेष 9 होटल भी खोलने का आग्रह किया है। इस दौरान उन्होंने ने एचपीटीडीसी के घाटे के कारण भी गिनाए। निगम कर्मियों ने राज्य सरकार से 50 करोड़ रुपए की राहत राशि निगम को देने का आग्रह किया, ताकि पेंशनर की देनदारी क्लियर की जा सके।

गौर रहे कि एचपीटीडीसी की रिव्यू पिटिशन पर कोर्ट ने बंद किए 18 में से 9 होटल को खुला रखने की मोहलत दे दी है। इनमें चायल, चंद्रभागा केलांग, खज्जियार, मेघदूत, लॉग होटल मनाली, कुंजम, भागसू, कैसल नागर और धौलाधार को 31 मार्च तक खुला रखने की इजाजत दे दी है। प्रदेश में एचपीटीडीसी के कुल 56 होटल चल रहे है। मगर ज्यादातर होटल कई सालों से घाटे में है।

## शिक्षा विभाग प्रयोगशाला कर्मियों को मिलेगा नया पे स्केल



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** हिमाचल प्रदेश प्रयोगशाला कर्मचारी महासंघ द्वारा ग्रेड पे-पे बैंड 2012 में छूटी कैटेगरी की उच्च न्यायलय में दायर याचिका पर कोर्ट नंबर 9 में सुनवाई की गई । न्यायलय द्वारा इस संबंध में शिक्षा विभाग से जवाब मांगा गया था, जिस पर शिक्षा सचिव ने न्यायलय में 2014 का जवाब पेश किया, जिसे न्यायलय द्वारा निरस्त कर दिया गया।

कंवर सिंह ने कर्मचारियों की इस जीत का श्रेय एकता के साथ किए गए सामूहिक प्रयास को देते हुए महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सतीश गौतम, भोप सिंह ठाकुर, महासचिव निक्का राम शर्मा, संगठन सचिव बलवीर चौहान, सचिव केडी शर्मा, कर्मा नंद शर्मा आदि ने आभार व्यक्त किया।

इसके उपरान्त प्रयोगशाला कर्मचारी महासंघ ने अध्यक्ष कंवर सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से बैठक कर प्रयोगशाला कर्मचारियों की अन्य सभी मांगों से उन्हें अवगत करवाया गया ।

## प्रदेश में पड़ा सूखा, ताबो में माइनस 8 .3 तक लुढ़का न्यूनतम तापमान

- 26 तक राज्य के कई हिस्सों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में लोग जहां सूखे की मार झेल रहे है वहीं शुष्क ठंड ने लोगों की परेशानी बड़ा दी है। हिमाचल के ताबो में माइनस 8.3 तक न्यूनतम तापमान लुढ़का है। आगामी दिनों में अगर बारिश नहीं होती है तो लोगों को इससे भी ज्यादा परेशानी होगी। अक्तूबर महीने में 97 फीसदी तक कम बारिश के बाद नवंबर महीने में भी अब तक 100 फीसदी कम बारिश हुई है।

नवंबर के 23 दिनों में आमतौर पर 13.3 मिलीमीटर तक बारिश होती है, लेकिन अब तक शून्य मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इससे पहले अक्तूबर महीने में भी बारिश न होने की वजह से लोगों को शुष्क ठंड का सामना करना पड़ा था। बारिश न होने की वजह से राज्य में सूखे जैसे हालात पैदा होने लगे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आने वाले दिनों में भी बारिश चल कोई पूर्वानुमान नहीं है। हालांकि 24 नवंबर से 26 नवंबर तक राज्य के कई हिस्सों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन तीन दिनों के दौरान बिलासपुर, सुंदरनगर और मंडी में सुबह और शाम के वक्त घना कोहरा छाया रहेगा। इस दौरान विजिबिलिटी भी कम रहेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने ऊना और हमीरपुर के कुछ हिस्सों में भी घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ है। बीते 24 घंटे की बात करें तो बिलासपुर में हल्की धुंध छाई रही। इस दौरान विजिबिलिटी 500 मीटर तक रिकॉर्ड की गई। राज्य में 29 नवंबर तक मौसम साफ बने रहने का ही पूर्वानुमान है। हिमाचल में बीते 24 घंटे के अधिकतम तापमान की बात करें तो डलहौजी में 16.4, चंबा में 22.8, कुकुमसेरी में 15.7, भरमौर में 17.8, धर्मशाला में 21.0, कांगड़ा में 24.2, पालमपुर में 19.5, देहरा में 22.0, ऊना में 28.0, मंडी में 21.7, सुंदरनगर में 23.5, शिमला में 16.4, कसौली में 17.8, सोलन में 23.0, कुफरी में 11.7, नारकंडा में 13.3, नाहन में 23.0 अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

## स्कूली शिक्षा भविष्य की नींव बच्चे खूब करें पढ़ाई : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला**



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उपायुक्त में दसवीं और जमा दो की वार्षिक परिणाम में स्टेट मेरिट में जो बच्चा स्कूल से आएगा उसे 50 हजार रुपए का इनाम अपनी आय से देने घोषणा की। स्कूल के सभी बच्चों के परीक्षा के लिए क्लिप बोर्ड और ज्योमेट्री बॉक्स देने की घोषणा भी की। उपायुक्त ने वेतन से 50 हजार रुपए स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में ड्रेस खरीदने के गूगल-पे के माध्यम से समारोह के दौरान मौके पर ही ट्रांसफर किए। उपायुक्त ने स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि स्कूली शिक्षा भविष्य की नींव होती है। ऐसे में पढ़ाई के प्रति मन लगाकर खूब मेहनत करें। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने आवश्यक औपचारिकताएं शुरू कर दी है। स्कूल परिसर में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करें।

## 26 को 500 युवा निकालेंगे पदयात्रा

**शिमला।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ नेहरू युवा केंद्र संगठन हिमाचल प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा माई भारत के बैनर तले 26 नवंबर 2024 को राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेश इरा प्रभात ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य नागरिकों मुख्यत: युवाओं को अपने संविधान को जानने के लिए किया जा रहा है। इसमें 500 युवाओं द्वारा पदयात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद संविधान की प्रस्तावना का वाचन, भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों और मौलिक सिद्धांतों पर कर्तव्य संवाद तथा मौलिक कर्तव्यों की शपथ आदि का आयोजन किया जाएगा।

## टीसीपी विभाग और निगम में घर या व्यावसायिक भवन बनाना हुआ महंगा : नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस राज में महंगाई का बोलबाला पूरे प्रदेश में बढ़ रहा है, जहां एक तरफ हर चीज महंगी हो रही है, वहीं ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए लगातार टाउन एंड कंट्री प्लैनिंग एक्ट में संशोधन किए जा रहा है, हाल ही में व्यावसायिक भवनों की मंजिलें बढ़ाने का भी आदेश जारी हुए थे।

नंदा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) विभाग और नगर निगम में घर या व्यावसायिक भवन बनाना और महंगा हो गया है। मकान या व्यावसायिक भवन निर्माण के लिए नक्शा पास करने की दरों में सरकार ने चार से पांच गुणा तक की बढ़ोतरी की है। कांग्रेस सरकार में लगातार महंगाई बढ़ती चली जा रही है और इस बढ़ोतरी का कोई अंत नहीं दिख रहा है।

नगर निगम और टीसीपी के दायरे में आने वाली नगर पंचायतों व क्षेत्र में अलग-अलग दरें निर्धारित की हैं। टीसीपी विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक चार बिस्वा जमीन पर मकान बनाने का नक्शा पास करवाने के लिए पहले पांच हजार रुपये फीस लगती थी, अब 15,000 से 16,000 रुपए लगेंगे। होटल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए नक्शा पास करने की फीस भी आधे से ज्यादा बढ़ाई गई है।

## शिल्प प्रदर्शनी में बच्चों ने निखारी अपनी कला

**शिमला।** लोरेटो कॉन्वेंट तारा हॉल स्कूल में शनिवार को कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से दसवीं तक की छात्राओं ने पूरे वर्ष बहुत सी पुरानी चीजों का पुन: प्रयोग कर बेहतरीन वस्तुओं का निर्माण किया।

इस प्रदर्शनी में हिमाचली गुड़िया, हिमाचली देवता, कांगड़ा पेंटिंग, गोल्डन ट्री, पेपर हाउस, जगन्नाथ पेंटिंग, विश ट्री, हस्त निर्मित मधुबनी, कलमकारी, वर्ली कला, रीसाइकल लैंप, बैग्स, पिचवई कला, लोटस केंडल, ट्रेडिशनल पूजा थाली और पेपर बास्केट आदि को प्रदर्शित किया गया। शिल्प अध्यापिका रीना गौतम के मार्गदर्शन में कक्षा 6 से 10 के बच्चों ने यह सारा कार्य किया और विद्यालय के मैरी वॉर्ड हाल में इसे प्रदर्शित किया।

## दियोटसिद्ध के बाद अब श्री नयना देवी में भी प्रसाद के सैंपल भरेगा विभाग

**शुभम राही, बिलासपुर**

- मंदिर में चढ़ने वाले बेसन व प्रसाद के सैंपल लैब में भेजेगा डिपार्टमेंट

दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में रोट प्रसाद के सैंपल फेल आने के बाद अब प्रदेश के शक्तिपीठों के प्रसादों की जांच शुरू हो गई है। इसी कड़ी में बिलासपुर जिला के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में फूड सेफ्टी विभाग प्रसाद के सैंपल भरेगा। विभाग का कहना है कि शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में मंदिर प्रशासन की दुकान का बेसन व यहां पर चढ़ने वाले प्रसाद को जांच के लिए भरेगा। इन सैंपल को जांच के लिए कंडाघाट जिला सोलन लैब में भेजा जाएगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

गौरतलब है कि कुछ समय से दियोटसिद्ध मंदिर में रोट प्रसाद के सैंपल फेल पाए गए थे। वहीं, शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और माता का प्रसाद भी ग्रहण करते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो, इसके लिए विभाग की ओर से यह निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शक्तिपीठ श्री नयनादेवी जी में जल्द ही विभाग सैंपल लेगा। विभाग यहां पर मंदिर के प्रसाद और लंगर के सैंपल भरेगा। इन सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा, लैब से रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## विकास कार्यों को समयबद्ध किया जाए पूरा : जम्वाल

### सदर विधायक ने अभी तक केवल 25 फीसदी बजट खर्च होने पर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने विधानसभा क्षेत्र में पंचायतों के माध्यम से करवाए जा रहे विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज प्रणाली में हर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करके समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभांवित करने की व्यवस्था है। चिंतित करने वाला पहलू यह है कि पंचायतों में अभी तक केवल 25 फीसदी बजट ही खर्च हो पाया है।

आम जनता से जुड़े कार्यों में लेटलतीफी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार तथा विधायक निधि समेत अन्य मदों से करवाए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैंए, ताकि लोगों को सुविधा जल्द मिल सके। सदर विकास खंड के तहत आने वाली पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बीडीओ ऑफिस में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं रखी जा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ ही विधायक व सांसद निधि से भी पैसा आवंटित किया गया है। पर्याप्त बजट का प्रावधान होने के बावजूद विधानसभा क्षेत्र की कई पंचायतों में विकास कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे हैं। अभी तक केवल 25 फीसदी बजट खर्च होना इसका प्रमाण है। यदि कहीं पैसे की कमी है तो जरूरत के आधार पर उसके लिए अतिरिक्त बजट भी मुहैया करवाया जाएगाए लेकिन इस तरह की लेटलतीफी और लापरवाही स्वीकार करने लायक नहीं है। बाकी बचा 75 फीसदी बजट भी जल्द सही ढंग से प्रयोग में लाया जाए। 13वें व 14वें वित्त आयोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों रुपये का बजट सीधा पंचायतों को दिया है। देश की आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है।

इस बजट को भी सही ढंग से उपयोग में लाया जाए। बैठक में बीडीओ सदर बबिता के साथ ही विकास खंड के तहत आने वाली सभी पंचायतों के प्रधानोंए उपप्रधानोंए सचिवोंए तकनीकी सहायकों और ग्राम रोजगार सेवकों ने भाग लिया।

## एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स ने अमर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 32 कैडेट्स ने बिलासपुर शहर में स्थित शहीद स्मारक पर अमर जवानों को माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी महाविद्यालय का एक महत्वपूर्ण अंग है और कैडेट्स द्वारा की गई गतिविधियों से महाविद्यालय के अन्य छात्र भी सामाजिक कार्यों एवं देशभक्ति के लिए प्रेरित होते हैं। एनसीसी हमें जीवन में समस्याओं से लड़कर खुशहाल जीवन जीना सिखाती है। इससे हमारे दिल में त्याग और समर्पण की भावना पैदा होती है जिससे समाज को एक नई दिशा मिलती है। यह हमें अनुशासित करके सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर जीवन को जीने का तरीका सीखाती है। अतः एनसीसी मानव जीवन का आधार है। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जयचंद ने बताया कि एनसीसी आर्मी विंग हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद सप्ताह मना रहा है जिसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स विभिन्न गतिविधियां कर रहे हैं।



## तन्यूर में कल बाधित रहेगी बिजली आूपर्ति

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विधुत उपमंडल-।। रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया

अनंत ज्ञान बिजली बंद

कि 25 नवंबर को पेड़ों की कांट-छांट और लाइनों की आवश्यक मरम्मत हेतु ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र तन्यूर में प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

## बठरा स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बठरा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने कहा शिक्षा अनमोल है, शिक्षा के बिना विद्यार्थी का जीवन अधूरा है। विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है, जिससे विद्यार्थी उनती की मंजिले तय कर सकता है। कार्यक्रम अधिकारी सुरजीत कुमार व महिला अधिकारी शाया कुमारी ने कहा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बठरा में शनिवार को एनएसएस का सात दिवसीय कैंप सात दिन चलेगा। इस शिविर में 29 छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। इस अवसर पर स्कूल के बच्चे व स्टाफ उपस्थित रहा।




**संबोधन** बिलासपुर के धार गांव में लोगों को दिया सरकार के दो साल के जश्न में आने का निमंत्रण

## सुक्खू सरकार के प्रयासों से बढ़ा प्रदेश का राजस्व : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रदेश सरकार ने दो साल में कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिससे प्रदेश का राजस्व बढ़ा है। मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में वर्ष 2027 तक हिमाचल प्रदेश पूरी तरह से आत्मनिर्भर बन जाएगा और वर्ष 2032 तक देश के सबसे अमीर राज्यों में इसकी गणना होगी। यह बात हिमुडा के निदेशक मंडल सदस्य तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र चंदेल ने धार टटोह पंचायत के धार गांव में लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने कहा कि 11 तारीख को बिलासपुर में होने वाले कांग्रेस सरकार के 2 वर्ष के जश्न में सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में आएं और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धन्यवाद कहें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने लोगों से किए वादे पूरे किए हैं इसलिए भारतीय जनता पार्टी को तकलीफ हो रही है। कर्मचारियों को ओपीएस दिया गया, जो भाजपा नहीं दे पाई। सेब उत्पादकों को किलो में सेब बेचने की व्यवस्था के साथ यूनिवर्सल कार्टन चलाया, वहीं गोबर खरीद के लिए योजना बनायी और दूध की खरीद पर ज्यादा मूल्य दिया। उन्होंने कहा कि रोजगार की दृष्टि से हिमाचल सरकार ने हमीरपुर चयन आयोग को भंग करके अपना दम दिखाया और बड़े भ्रष्टाचार को खत्म करने की कोशिश की है। अब रिजल्ट निकलने के साथ रोजगार का सिलसिला भी आगे बढ़ने लगा है। सुक्खू सरकार ने इस दौरान हजारों युवाओं को रोजगार दिया है।

## सिरमौर





हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की तहसील शिलाई के गांव बौंच में एक शात महायज्ञ का आयोजन 2 साल पहले किया गया था। यहां पर काली माता का मंदिर बना हुआ है। इस नए मंदिर के बनने पर हुए आयोजन पर हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। पहली बार इस शात महायज्ञ में इतने लोग एकत्रित हुए थे। ऐसी शात शायद अब न हो। इस काली मां के मंदिर में 12 गांवों के लोग माघ की साजी के दिन माथा टेकते हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस मंदिर का निर्माण सुंदर तरीके से किया गया है। आज भी सिरमौर के अंदर ऐसा मंदिर कहीं नहीं बना हुआ है।



जिला सिरमौर के हरिपुरधार स्थित भाग्यणी माता मंदिर का अद्भुत नजारा। देवी के प्रति स्थानीय लोगों की गहरी आस्था है।



ऊना साहिब में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान साहसिक करतब दिखाते सिख युवक, नगर कीर्तन में गतका खेल और कई तरह के कौशल को भी दिखाया जाता है।



नरहणी पत्थर के नीचे माता धाम घोड़ी का मंदिर जहां 27 किलोमीटर दूर पैदल सफर करके पहुंचा जाता है

## ऊना



ऊना में सत्य साईं सेवा संगठन की ओर से साईं बाबा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई।

## कुल्लू



मणिकर्ण स्थित राम मंदिर के बाहर भगवान रघुनाथ जी का रथ।

## भरमौर





जनजातीय क्षेत्र भरमौर की अति दुर्गम पंचायत तुंदा का खूबसूरत गांव



भरमौर के अंतिम छोर पर बसा ऑर्गेनिक गांव कुगति




भरमौर के ऐतिहासिक चौरासी मंदिर का मनोहारी दृश्य

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर कॉलेज का स्कूलों के साथ एमओयू



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में आसपास के विद्यालयों से शिक्षा, तकनीक व शिक्षक आदान-प्रदान का समझौता ज्ञापन अभियान का आयोजन किया गया है। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने बताया कि शाहपुर महाविद्यालय द्वारा नजदीकी विद्यालयों के साथ एक समझौता किया जा रहा है। इसमें उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के कौशल, तकनीक व शैक्षणिक योग्यता में सुधार के लिए प्रयास किया जायेगा, जिसमें आज दो विद्यालयों भाली तथा सिहूआं से समझौता किया गया है। मंगलवार तक लगभग 8 अन्य विद्यालयों से भी ऐसा ही प्रयास किया जाना लक्षित है।

### जीएवी स्कूल ने निकाली सांप्रदायिक सद्भाव रैली




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा ने कांगड़ा बाजार में सांप्रदायिक सद्भाव रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली को अतिरिक्त थाना प्रभारी कांगड़ा गुरदेव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्डा ने छात्र-छात्राओं को रैली से पहले संबोधित किया और सांप्रदायिक सद्भाव के बारे में जानकारी प्रदान की। संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत जीएवी पब्लिक स्कूल में सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह मनाया जा रहा है। कक्षा छठी से आठवीं के छात्र-छात्राओं में रैली के दौरान जोश व उत्साह के साथ-साथ सांप्रदायिक हिंसा में अनाथ हुए बच्चों के लिए करुणा की झलक साफ दिख रही थी और छात्र जोर-जोर से निराश्रितों को दान दो के नारे लगा रहे थे ।देशभक्ति से ओतप्रोध करीब 475 छात्र-छात्राओं ने रैली के दौरान अपने हाथ में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर कांगड़ा की जनता को जागरूक किया। प्रधानाचार्य सुनील कांत ने बताया कि 25 जनवरी को स्कूल में झंडा दिवस मनाया जाएगा।

### जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरोटा महाविद्यालय इकाई द्वारा कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि नगरोटा कॉलेज के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सोनी व विशिष्टातिथि आयुष चौधरी धर्मशाला कॉलेज के इकाई अध्यक्ष रहे एवं विशेष आमंत्रित सदस्य आरके सैनी रहे। कबड्डी टूर्नामेंट में विद्यार्थियों की चार टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कबड्डी के हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि और विशिष्टातिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयुष ने कहा कि कैसे आज का स्टूडेंट केवल और केवल सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपना संपूर्ण विकास कर सकता है और खेल भी उसका एक माध्यम बन सकता है। विद्यार्थी कैसे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अपनी भाग्यदारी सुनिश्चित कर आज के इस दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया और उन्हे खेलों के महत्व के बारे में बताया।

# घुरकड़ी व वीरता के पोस्ट ऑफिस में काम करना आसान नहीं

## जर्जर हो चुकी किराये की दुकान में चल रहा डाकघर, जान जोखिम में डालकर काम कर रहे कर्मचारी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के साथ लगते गांव घुरड़ी का डाकघर, जो कि संयुक्त रूप से वीरता गांव का भी है, यहां पर ज्यादातर लोग पेंशन इत्यादि लेने के लिए आते हैं। यह डाकघर एक छोटी सी किराये की दुकान में चलाया जा रहा है। जहां पर बड़ी मुश्किल से एक छोटी सी अलमारी के सिवाय एक छोटा सा मेज रखा गया है, परंतु जिस दुकान से यह डाकघर चलाया जा रहा है, वह काफी जर्जर हालत में है।

इसकी छत कब गिर जाए कोई पता नहीं चलेगा। इस डाकघर में सेवाएं देने वाले कर्मचारी भी अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस डाकघर में लोगों के बैठने के लिए महज दो ही कुर्सियां लगाई गई हैं, लेकिन वे भी टूटी हुई हैं। यहां पर आने वाले लोग भी अपनी जान बचाते हुए दूर खड़े रहकर ही अपने कार्य करवाने के लिए मजबूर दिखते हैं। वहीं, इस बाबत जब वीरता ब घुरकड़ी के कुछ वरिष्ठ नागरिकों से बात की, तो उनका कहना है कि अगर इस जर्जर हो चुके डाकघर कार्यालय की एक झलक विभाग के आला अधिकारी खुद आकर देख लें तो उन्हें वास्तविकता दिख जाएगी। कुछ लोगों का कहना है कि यहां पर तैनात कुछ कर्मचारियों का रवैया भी ठीक नहीं है।

जब उनसे पेंशन इत्यादि आने के बाबत पूछा जाता है तो वे सही ढंग से उसका जवाब देना उचित नहीं समझते। (अनंत ज्ञान)


जर्जर हो चुकी दुकान में चल रहा घुरकड़ी और वीरता का पोस्ट ऑफिस।

### क्या कहते हैं सब-डिवीजन इंस्पेक्टर

**इस** संदर्भ में इंस्पेक्टर पोस्ट ऑफिस कांगड़ा सब-डिवीजन संदीप कुमार से बात की गई तो उनका कहना है कि मामला आपके माध्यम से ध्यान में आया है। इस विषय पर तुरंत घुरकड़ी एवं वीरता डाकघर के ब्रांच पोस्ट मास्टर को तलब किया जाएगा। इस सबकी जिम्मेदारी उनकी बनती है कि अगर ऐसी स्थिति बनी हुई है तो उन्होंने इसकी जानकारी उन्हें देना उचित क्यों नहीं समझा। उन्होंने कहा कि इस सबकी जानकारी लेकर इस विषय पर तुरंत आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# 137 ग्रामीण लिंक रोड लोक निर्माण विभाग के अधीन लाए : संजय रत्न

## ज्वालामुखी में लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

विधायक संजय रत्न ने शनिवार को ज्वालामुखी में लोक निर्माण मंडल कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विस क्षेत्र के लिए पीएमजीएसवाई के तहत पांच सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इसी के साथ नाबार्ड के तहत दस सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि 137 ग्रामीण संपर्क मार्गों को लोक निर्माण विभाग के तहत लाया गया है, ताकि इन संपर्क मार्गों का उचित रखरखाव सुनिश्चित हो सके। विधायक संजय रत्न ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले कार्यकाल में 200 ग्रामीण संपर्क मार्गों को लोक निर्माण विभाग के तहत लाया जा चुका है। विधायक संजय रत्न ने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं ताकि गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सड़कें जीवन की भाग्य रेखाएं कहलाती हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण से किसानों को अपने उत्पाद मंडियों तथा बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होती है। विधायक संजय रत्न ने कहा कि ज्वालामुखी को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल की सुविधाओं के लिए कार्य योजना भी तैयार की गई है ताकि लोगों को घर-द्वार पर ही बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक संजय रत्न ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा योजनाएं एवं कार्यक्रम आरंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौर उर्जा के क्षेत्र में स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं तथा सरकार राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा दोहन के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सरकार इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की आगामी 25 वर्षों तक खरीद करेगी, ताकि युवाओं के लिए एक स्थिर आय का स्रोत सुनिश्चित किया जा सके। विधायक संजय रत्न ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है तथा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि आम जनमानस की समस्याओं को दूर करने के लिए उचित कदम उठाएं, ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा का समाना न करना पड़े।




**कहा, मंडल कार्यालय 51 पंचायतों को करेगा कवर**

### खुंडियां स्कूल में एक करोड़ से बनेगा भवन

**ज्वालामुखी।** विधायक संजय रत्न ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुंडियां में भवन निर्माण पर एक करोड़ की राशि व्यय की जाएगी, जबकि खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए पंद्रह लाख खर्च किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुंडिया के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि विधायक संजय रत्न ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति पर निर्भर है और युवाओं को सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए देश तथा प्रदेश को विकास के स्वर्णिम पथ पर आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि व्यायाम एवं खेल इत्यादि में नियमित रूप से भाग लेते हुए नशे से दूर रहें। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों का प्रदर्शन है, जिससे वर्षभर बच्चों ने शिक्षा व अन्य गतिविधियों के लिए क्या प्रयास किए हैं, उससे उनकी प्रतिभा का पता लगता है। विद्यार्थियों को आगे आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## नई जोड़ी


अरलू के अंकित राणा व बंगाणा की काजल को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


सरकाघाट (खरोह) के अतुल और हमीरपुर की तनिशा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक


डाडासीबा के कमलजीत और पिंकी देवी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी पर दिया व्याख्यान

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के करियर परामर्श व प्लेसमेंट सेल द्वारा शनिवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संयुक्त तत्वावधान से सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक व्याखान आयोजित किया गया। इसमें डॉ. अंकीता शर्मा, सहायक आचार्या अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, केंद्रीय विश्विद्यालय धर्मशाला मुख्य वक्ता रही। अपने संबोधन मे डा अंकीता शर्मा ने अंतिम वर्ष के छात्रों को स्नातक के बाद सिविल सेवा में करियर अवसरों, परीक्षा का पाठ्यक्रम व सीयू द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के लिए प्रदान की जारी निशुल्क कोचिंग कक्षाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. अजय कटोच, प्रो. दिनेश, प्रोफेसर अजय प्रो. नीतू, प्रो.राज लक्ष्मी और कला व वाणीज्य स्नातक अंतिम वर्ष के 80 विधार्थी उपस्थित रहे।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर डिसड्रोमीटर स्थापित

## हिमालयी क्षेत्र में वर्षा पैटर्न और वर्षा माइक्रोफिजिक्स का लगेगा पता

**अनंत ज्ञान, गगल**



भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे ने पहली बार हिमालयी क्षेत्र में धर्मशाला के कांगड़ा एयरपोर्ट परिसर में अत्याधुनिक डिसड्रोमीटर स्थापित किया है। इस उपकरण का उद्घाटन हवाई अड्डे के निदेशक धीरेंद्र सिंह, आईआईटीएम अधिकारियों डॉ. कौस्तव चक्रवर्ती, वैज्ञानिक-एफ और हरिकृष्ण देवीसेट्टी, वैज्ञानिक-बी और आईएमडी प्रभारी विपिन शर्मा ने किया। डिसड्रोमीटर एक उन्नत उपकरण है, जिसका उपयोग वर्षा की बूंदों के आकार और गति को मापने के साथ-साथ वर्षा की तीव्रता और वर्षा संचय को हर आधे मिनट में मापने के लिए किया जाता है, जिससे वर्षा माइक्रोफिजिक्स पर महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त होता है।

इस स्थापना हिमालयी क्षेत्र में वर्षा पैटर्न और वर्षा माइक्रोफिजिक्स की समझ को बढ़ाने के लिए की गई है, जो जटिल मौसम घटनाओं के लिए संवेदनशील है। एकत्रित डेटा क्षेत्रीय मौसम मॉडलों, जलविज्ञान अध्ययन और जलवायु अनुसंधान को बेहतर बनाने में योगदान करेगा। इसके अलावा यह हवाई क्षेत्र में मौसम की सटीक भविष्यवाणी के लिए वर्षा के गुणकों को प्रदान करके विमानन सुरक्षा का समर्थन करता है।

### अगाहर का बुजुर्ग युगल किशोर अचानक लापता



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ते कस्बा अगाहर का एक व्यक्ति शुक्रवार से लापता हो गया है। शनिवार को पुलिस थाना परिसर फतेहपुर में लापता हुए व्यक्ति युगल किशोर (70) के भाई डॉक्टर अंजन किशोर ने मीडिया से होते हुए बताया उनका भाई शुक्रवार करीब साढे 12 बजे घर से महरून रंग की अपनी स्कूटी नंबर एचपी 84-5014 पर एसबीआई फतेहपुर के लिए निकला था, लेकिन शाम तक जब वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। करीब 20 लोगों ने रात भर आसपास के सभी क्षेत्रों में ढूंढा लेकिन कहीं भी उसका पता न चला। इसकी रिपोर्ट पुलिस में भी दे दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी अपील की है कि लापता हुए उनके भाई का जल्द सुराग लगाया जाए।

### जंबल स्कूल के होनहार सम्मानित




डाडासीबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जंबल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आगाज सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस समारोह में कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। मुख्यातिथि को स्कूल प्रधानाचार्य परमजीत सिंह और स्टाफ सदस्यों ने शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दुष्प्रभाव पर लघु नाटक, लेजी डांस, भांगड़ा, हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी व पहाड़ी गानों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। अंत में मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# सड़क किनारे खड़े दो लोगों को कुचला, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पठानकोट के नरोट जैमल सिंह कोलिया सड़क पर स्थित गांव कोठे में सड़क किनारे खड़े दो व्यक्तियों को पुलिस के 112 नंबर वाहन ने कुचल दिया, जिससे एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि एक गंभीर हालत में है।

मृतक की पहचान किशन चंद निवासी गांव कोठी के रूप में हुई है जबकि घायल की पहचान रवित कुमार निवासी कुलिया के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों की ओर से धरना लगाकर यातायात बंद कर दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए हादसे में घायल रबीत कुमार बताया कि वह दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे।

इसी दौरान गांव कोलिया की ओर से एक तेज रफ्तार पुलिस का 112 नंबर वहां वहां पहुंचा तो उक्त वाहन चालक की ओर से आगे जा रही निजी कंपनी की बस को ओवरटेक किया गया। इसी दौरान पुलिस वाहन चालक कान नियंत्रण गाड़ी से खो गया और उसने गाड़ी उन लोगों पर चढ़ा दी । घायल ने बताया की वह गाड़ी से टकराने के बाद खेतों में जा गिरा। किशन चंद को पुलिस वाहन चालक कई मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। जब लोग इकट्ठा हुए तो पुलिस कर्मचारी उन्हें अपनी इस गाड़ी में डालकर नरोट जमाल सिंह के सरकारी अस्पताल ले आए लेकिन उन्हें अस्पताल छोड़ने के तुरंत बाद गाड़ी लेकर वहां से भाग निकले।

मृतक के बेटे वैष्णो ने बताया कि उन्हें उनके पिता के एक्सीडेंट की जानकारी मिली थी तो वह अस्पताल पहुंचे थे । उन्होंने बताया कि पुलिस की गाड़ी की टक्कर से उनके पिता की मौत हो गई है मामले की शिकायत पुलिस को दे दी गई है । उधर इस मामले की घटना के बाद आकर्षित ग्रामीणों की ओर से गांव के सामने मुख्य मार्ग पर धरना लगा दिया एवं पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई ग्रामीणों ने कहा कि जब तक आरोपित पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, जब पुलिस थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल वे बाहर हैं।

### स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 2 दिन लगेगा शिविर

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 'स्वनिधि भी और स्वाभिमान भी' पखवाड़ा के तहत धर्मशाला नगर निगम द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए संयुक्त आयुक्त धर्मशाला नगर निगम सुरेंद्र कटोच ने बताया कि 26 और 27 नवंबर को टेंपल रोड पार्किंग मैक्लोडगंज में आयोजित होने वाले विशेष शिविर में स्ट्रीट वेंडर्स को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा।

# नशा तस्कर ने नारकोटिक्स टीम पर किया हमला

## टीम ने बड़ी मुश्किल से पकड़ा आरोपी, 13.56 ग्राम हेरोइन की खेप की बरामद

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत एसपी अशोक रत्न द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नारकोटिक्स टीम को सूचना मिली थी कि गांव भद्ररोया में एक नशा तस्कर हेरोइन की सप्लाई करता है, जिसके चलते उन्होंने उसका पीछा किया। शातिर अपराधी स्कूटी पर सवार होकर भद्रोया से मोहटली में अपने किसी रिश्तेदार के घर में पहुंच गया तथा गेट तोड़कर अंदर घुस गया। उसने नारकोटिक्स टीम के साथ धक्का-मुक्की भी की, जिसके तहत कुछ नारकोटिक्स टीम के अधिकारियों को चोटें भी आई हैं। पकड़े जाने पर आरोपी की पहचान राकेश कुमार उर्फ शानू पुत्र दौलत निवासी भद्रोया तहसील इंदौरा के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपी से 13.56 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा थाना डमटाल में आरोपी राकेश कुमार और शानू पर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


हेरोइन के साथ पकड़ा गया आरोपी।

# एसडीएम ने नवाजे क्रेयॉनज वर्ल्ड स्कूल के मेधावी

## स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

क्रेयॉनज वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने शिरकत की। मुख्यातिथि के पहुंचने पर निदेशक रिशब अवस्थी की अगुवाई में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई।

स्कूल प्रबंधन की ओर से रिशब अवस्थी तथा घनश्याम अवस्थी ने मुख्य अतिथि शाल ओढ़ाकर तथा टोपी पहनकर सम्मानित किया। स्कूली छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुति देकर आए हुए मुख्य अतिथि, अतिथियों तथा अभिभावकों का मनोरंजन किया। मुख्यातिथि ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि क्रेयॉनज स्कूल ने कुछ ही समय में काफी प्रगति की है, जिसके लिए स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्व है बिना शिक्षा के व्यक्ति पशु के समान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की जो लौ इस स्कूल से छात्रों को मिली है उससे उनका शारीरिक तथा बौद्धिक विकास हो रहा है।

उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। (अनंत ज्ञान)



क्रेयॉनज वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ के समारोह में रंगारंग कार्यक्रम पेश करते नौनिहाल।

**श्रद्धा** — सत्य साईं के भक्तों ने बधानी में निकाली विशाल शोभायात्रा, साईं भजन और मंगला आरती भी की

# श्री साईं ग्रुप ने मनाया सत्य साईं का 99वां जन्मदिन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साईं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन समारोह पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज मौजूद थे। सत्य साईं बाबा लगभग 60 वर्षों से भारत के कुछ अत्यधिक प्रभावशाली अध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे।

बता दें कि सत्य साईं बाबा का बचपन का नाम सत्यनारायण राजू था। सत्य साईं का जन्म आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी गांव में 23 नवंबर, 1926 को हुआ था। 23 मई, 1940 को सत्यनारायण राजू ने अपने परिवार वालों को कुछ चमत्कार दिखाते हुए घोषणा कर दी कि वह शिरडी के साईं बाबा के अवतार हैं। बाद में सत्य साईं हवा में हाथ घुमाकर फूल, भभूत, प्रसाद और सोना बनाने के लिए प्रसिद्ध हुए। सत्य साईं की प्रसिद्धि जब अपने चरम पर थी, तब लोग उन्हें मसीहा की तरह देखा करते थे। वे एक संत थे जिनके अनुयायी हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों के थे और उन्होंने दोनों धर्मों की शिक्षाओं को एक साथ अपनाया था। श्री साईं ग्रुप की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई और साईं भजन और मंगला आरती भी की गई। (अनंत ज्ञान)


श्री साईं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में शोभायात्रा निकालते सत्य साईं के भक्त।

### भोडा स्कूल में सत्य साईं जन्मोत्सव पर बांटा प्रसाद

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में सत्य साईं जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल, ईएमसी प्रभारी संदीप व महिला अधिकारी रुचिका राणा द्वारा सामूहिक ओम् उच्चारण के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। सत्य साई पूजा के लिए बच्चों द्वारा खुद का निर्मित एवं ई एम सी प्रोटेक्ट द्वारा प्रेरित स्थानीय जड़ी बूटियों के धूप का प्रयोग किया गया। सत्य साई सेवा समिति के प्रमुख सदस्य व प्रवक्ता हिंदी राजन सूद द्वारा कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भक्तिमय रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छठी कक्षा की अकांक्षा द्वारा किए गए नृत्य को सभी ने बहुत सराहा। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा अपने संबोधन में बच्चों को जिंदगी में अध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल परिसर में हलवा प्रसाद बांटा गया। प्रवक्ता हिंदी राजन सूद द्वारा सत्य साई के जीवन परिचय तथा उनकी द्वारा दी गई शिक्षा पर प्रकाश डाला गया।

# धारकंडी बनेगा ट्राउट हब : केवल पठानिया

## उपमुख्य सचेतक व विधायक ने कहा, सदूं के शिव मंदिर के समीप बनेगा नया मच्छयाल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर के धारकंडी को ट्राउट हब के रूप में विकसित किया जाएगा और इस पर 3.03 करोड़ व्यय होंगे। यह जानकारी उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने दी । वह आज शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत मच्छयाल में विभिन्न विकास कार्यों एवं मच्छयाल तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य के निरीक्षण के उपरांत जनसभा की संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मच्छयाल जन भावनाओं की धार्मिक आस्था से जुड़ा स्थान है और इसके सौंदर्यीकरण पर 50 लाख से अधिक की धनराशि व्यय की जाएगी।



उन्होंने जानकारी दी कि सदूं पंचायत के अंतर्गत शिव मन्दिर के समीप नया मच्छयाल बनाया जाएगा और मत्स्य विभाग ने इसके लिए 16.68 लाख जलशक्ति विभाग को दे दिए हैं और जल्द ही कार्य योजना बनाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैत से कोहला सड़क के उन्नयन पर 6 करोड़ की धनराशि व्यय की जा रही है और इसका कार्य प्रगति पर है और इससे रैत , ततवानी, नेरटी, सलोल तथा साथ लगती अन्य पंचायतों के लगभग 12 हज़ार लोगों को अच्छी सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा । उन्होंने बताया कि 2.20 करोड़ से बनाई जा रही भैरों - चूड़था -योल झरेड़ पेयजल योजना के सुधारीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और शीघ्र ही उसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। विधायक केवल पठानिया ने बताया कि ततवानी के लिए भी शीघ्र ही कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने शाहपुर विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धन का प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।

इससे पूर्व उन्होंने रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुना। पूर्व पंचायत प्रधान संजीव बलौरिया ने उपमुख्य सचेतक तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया। प्रदीप बलौरिया ने मुख्यातिथि का पंचायत में आने पर आभार जताया एवं विभिन्न विकास कार्यों हेतु उपमुख्य सचेतक एवं सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने अपने क्षेत्र की मांगों को भी उनके सम्मुख रखा।

इस अवसर पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, उपनिदेशक मत्स्य विभाग चंचला ठाकुर, सहायक निदेशक राकेश, कांग्रेस नेता डीडी शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत अमित शर्मा, जलशक्ति अमित डोगरा, सहायक अभियंता लोक निर्माण बलवीत, सहायक अभियंता जलशक्ति रज्जाक मोहम्मद, एसएचओ शाहपुर करतार सिंह, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, उपप्रधान पप्पू, ओम के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किशोरी लाल ने सन्साई में किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

## सन्साई और मझौटी में 'विधायक जनता के द्वार' कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के धार चढ़ियार की ग्राम पंचायत सन्साई और ग्राम पंचायत मझौटी में 'विधायक जनता के द्वार' कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने 5 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

विधायक किशोरी लाल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आम, गरीब तथा असहाय लोगों की सरकार है और लोगों के दुख-तकलीफ को अच्छी तरह से समझती है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में आम जनमानस की उम्मीदों के अनुरूप जनहित में सामाजिक और सामूहिक विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि लोगों को सही रूप में इनका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बैजनाथ से हलके की समस्याओं और मांगों को जानने तथा समझने के लिये प्रत्येक पंचायत का प्रवास कर रहे है। उन्होंने कहा कि घर-द्वार पहुंचकर लोगों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में समान विकास को सुनिश्चित बनाया गया है और हर पंचायत में विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से विकास के लिये आवंटित धनराशि समयबद्ध व्यय करने का आह्वान किया, ताकि अन्य विकास कार्यों के लिए और धन उपलब्ध करवाया जा सके। उनके पास सड़क, बिजली, पानी सहित राजस्व विभाग की लगभग 180 समस्याएं आईं। उन्होंने अधिकतर समस्याओं को मौके पर ही निपटारा कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सामुदायिक भवन के लिए प्राक्कलन तैयार करने व मझौटी गांव के लिए सड़क को कंक्रीट करवाने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त दोनों पंचायतों के प्रधानों व स्थानीय लोगों द्वारा रखी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 6.29 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा पुलिस ने नशे के अवैध कारोबारियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के चलते उन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 6.29 ग्राम हेरोइन रखने के आरोप में एक और व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है । नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में, कांगड़ा पुलिस टीम ने एक बार फिर हेरोइन के आदी और फेरीवाले को 6.29 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। कांगड़ा से मिली सूचना पर पुलिस ने हेरोइन रखने के मामले में सिकंदर बंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उस व्यक्ति के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस के 5 मामले हैं और हर बार जब वह हिरासत से बाहर आता है, तो वह उन्हीं गतिविधियों में शामिल हो जाता है। उन्हें एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है और स्थानीय अदालत में पेश किया गया तथा 3 दिन की पुलिस रिमांड दी गई है। इस बीच, उनके फोन का गहन विश्लेषण किया जा रहा है और ऐसे अन्य व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा सकती है जो समान गतिविधियों में लिप्त हो सकते हैं। वह व्यक्ति कांगड़ा के मटौर क्षेत्र से संबंधित है।



### उचित मूल्य की दुकानों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, पुरुषोत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांगड़ा के विभिन्न विकास खंडों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी हैं, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है। उन्होंने बताया कि विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत कनोल के वार्ड 2, ग्राम पंचायत मैटी के गांव बंगरेड़ वार्ड 3, विकास खंड कांगड़ा की ग्राम पंचायत भंगवार के वार्ड 4, विकास खंड सुलह स्थित भेड़ु महादेव की ग्राम पंचायत सिहोटू वार्ड 3, विकास खंड पंचरुखी की ग्राम पंचायत अपर रजोट वार्ड 1 और विकास खंड बैजनाथ की ग्राम पंचायत महाकाल गांव मंधोल वार्ड 2 में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी हैं।इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमन्त्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र पर वांछित दस्तावेजों सहित **https://emerginghimachal.hp.gov.in** वेबसाइट पर 11 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### संचित गोयल ने पास की यूपीएससी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के पपरोला के रहने वाले संचित गोयल ने यूपीएससी इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर छठा स्थान हासिल कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। संचित गोयल के पिता संजय गोयल का बैजनाथ में अखबारों तथा किताबों का कारोबार है। बैजनाथ क्षेत्र से इस प्रकार की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले वे पहले युवा है। संजय गोयल और वनिता गोयल के सुपुत्र संचित गोयल की प्रारंभिक शिक्षा बैजनाथ के बिनवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। उसके बाद एन आई टी हमीरपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद मल्टीनेशनल कंपनी में 2 साल तक नौकरी की। बीआरओ में भी उनका सिलेक्शन हो चुका था। वर्ष 2023 से वे यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। पहले ही प्रयास में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनके पारिवारिक सदस्यों रंजन गोयल, नवनीत गोयल, नंदन गोयल, अजय गोयल ने संचित गोयल की कामयाबी पर बधाई दी है।



### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के जिला कांगड़ा क्षय रोग उन्मूलन एवं निक्षय दिवस कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी धर्मशाला के मीटिंग हॉल में किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने की। बैठक का संचालन करते हुए जिला स्वास्थ्य व क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी जिला कांगडा डॉ राजेश सूद ने कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. राजेश सूद ने 27 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले एचआईवी एड्स जागरूकता से जुड़ी गतिविधि से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। डॉ. गुलेरी ने बताया कि जिला में टीबी के साथ जी रहे 1233 शांति प्राप्त रोगियों तुम भी मैसेज 1017 को निक्षय मित्रों द्वारा पोषण सहायता दी गई है । डॉक्टर गुलेरी ने कहा कि टीबी के साथ जी रहे 216 रोगियों को निक्षय मित्रों की आवश्यकता है, जिसके लिए डॉ गुलेरी ने सबसे निक्षय मित्र बनकर आगे आने का आह्वान किया।

# धर्मशाला में याद किए टांडा मेडिकल कॉलेज को जमीन दान देने वाले जोधा मल कुठियाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज व टीबी सैनिटोरियम के लिए प्रदेश सरकार को साढ़े छह सौ कनाल भूमि दान करने वाले राय बहादुर जोधा मल कुठियाला के 143वें जन्मदिवस पर शनिवार को उन्हें याद किया गया। उनके जन्म दिवस पर सूद सभा धर्मशाला के सदस्यों ने डिपो बाजार स्थित कार्यालय में स्थापित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

राय बहादुर जोधामल का जन्म 23 नवंबर, 1881 को कुठियाला रियासत के गांव हरोली जिला ऊना में हुआ था। उन्होंने टांडा में 650 कनाल भूमि 200 बिस्तर के क्षय रोग सेनेटोरियम एवं चिकित्सालय को खोलने के लिए सरकार को दान में दी थी। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष नरेश कुमार सूद ने कहा कि कई वर्ष पूर्व यहां टीबी रोग के उपचार के लिए दो सौ बिस्तरों के अस्पताल के निर्माण के लिए कुठियाला रियासत गांव हरोली के राय बहादुर जोधामल ने भूमि दान में देने के साथ ही अस्पताल का निर्माण करवाया था, जहां पर अब डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज है। सूद बिरादरी के सदस्य ऐसे दानवीर को उनके जन्मदिवस पर पुष्प अर्पित कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में राय बहादुर जोधा मल को श्रद्धांजलि देते हुए।

### टांडा में भी याद किए जोधा मल कुठियाला

**टांडा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज में टीबी सैनिटोरियम के लिए भूमि दान करने वाले राय बहादुर जोधा मल कुठियाला को टांडा में उनके 143वें जन्मदिवस पर याद किया गया। इस सैनिटोरियम का उद्घाटन देश के तत्कालीन एवं प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था।

### छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**कांगड़ा।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला कांगड़ा में पहल संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न शिविर आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में आज एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने अपनी टीम के साथ मिलकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजल में बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि कैसे नशे के सेवन से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बच्चों को हमेशा नशे से दूर रहने के लिए कहा और बताया यदि कोई युवा नशे की चपेट में आ जाता है तो उसके पूरे परिवार को मुश्किल का सामना करना पड़ता है। उन्होंने युवाओं को अपने जीवन में खेलों और पढ़ाई से संबंधित गतिविधियों में अपना समय व्यतीत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति हम सभी का दायित्व बनता है कि यदि कहीं भी किसी भी तरह के नशे का आदान-प्रदान होता हुआ देखते हैं तो उसकी जानकारी अवश्य साझा करें।

# नंदलू गांव के विकास का था भागसूनाग में मिला कंकाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के भागसूनाग के ऊपरी क्षेत्र में मिले नर कंकाल की पहचान हो गई है। यह देहरा तहसील के नंदलू गांव के विकास सिंह का है। डीएनए रिपोर्ट और परिवार की शिनाख्त के आधार पर इसका खुलासा हो पाया है। हालांकि इस मामले में कैमिकल अनालिसिस रिपोर्ट आनी बाकी है। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्रिहोत्री ने इस बात की पुष्टि की है कि यह कंकाल विकास का ही था।

बताते चलें कि 15 अक्तूबर, 2024 को धर्मशाला के अंतर्गत मैगी प्वाइंट के पास कंकाल बरामद हुआ था। घटनास्थल से मिले बैग और अन्य दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान 24 वर्षीय विकास कुमार पुत्र मनजीत सिंह निवासी नंदलू, डाकघर बणे दी हट्टी तहसील देहरा के रूप में हुई। विकास 3 अप्रैल, 2024 से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट हरिपुर थाना में दर्ज भी थी। एसपी शालिनी अग्रिहोत्री ने बताया कि पिछले माह भागसूनाग के अपर एरिया में एक नरकंकाल मिला था। देहरा के नंदलू के एक परिवार ने उसके कपड़ों की पहचान की तो वे विकास के ही पाए गए। मृतक के माता-पिता के खून के सैंपल लेकर स्पॉट पर जो हड्डियां पुलिस को मिली थीं, उन्हें मैच करने के लिए डीएनए रिपोर्ट के लिए आरएफएसएल धर्मशाला को भेजा गया था। इसकी रिपोर्ट अब पुलिस के पास आ चुकी है। एसपी ने इस बाबत पुष्टि कर दी है कि यह कंकाल विकास सिंह पुत्र मनजीत सिंह निवासी नंदलू डाकघर बणे दी हट्टी तहसील देहरा का ही था। फिलहाल इस मामले में कैमिकल अनालिसिस रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसके आने के बाद तस्वीर भी पूरी तरह साफ हो जाएगी कि यह कंकाल किस का है। कंकाल के पास कागज और पानी की बोतल मिली थी।

# कमलेश ने हार और कड़ोल में बांटे मुख्यमंत्री शगुन योजना के चेक

**अनंत ज्ञान, देहरा**

विधायक देहरा कमलेश ठाकुर ने शनिवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हार मिटा और कड़ोल का दौरा कर वहां की जनता को पेश आ रही समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जनसमस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान सुनिश्चित किया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शेष बची जनसमस्याओं का भी निराकरण जल्द से जल्द किया जाए। विधायक ने क्षेत्र में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसे जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**विधायक ने लोगों की समस्याओं को भी सुना**

कमलेश ठाकुर ने कहा कि हार में पानी की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा पानी का टैंक तैयार करवा दिया गया है और कनेक्शन के लिए भी टेंडर हो चुके है। उन्होंने कहा कि अब जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हार और कड़ोल में सिंचाई की समस्या को लेकर 2025-26 के बजट में प्रावधान किया जाएगा जिससे किसानों की आमदनी में भी बढ़त होगी। विधायक ने कहा कि हार में पंचायत भवन की मरम्मत के लिए भी रेजोल्यूशन के बाद राशि उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री शगुन योजना के 5 लाभार्थियों को 31-31 हजार के चेक वितरित किए। पंचायत प्रतिनिधियों ने माता की चुनरी भेंट कर विधायक का पंचायत में स्वागत किया।

### नरेंद्र मोंगरा ने किया सब्जी मंडी कांगड़ा का निरीक्षण

**कांगड़ा।** उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा के चेयरमैन बनने के बाद नरेंद्र (निशु) मोंगरा सब्जी मंडी कांगड़ा पहुंचे। यहां पहुंचने पर आढ़तियों द्वारा उनका स्वागत किया गया वही इस दौरान चेयरमैन निशु मोंगरा ने सब्जी मंडी कांगड़ा का निरीक्षण कर समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उनके साथ उपज मंडी समिति कांगड़ा के अधिकारी व कर्मी भी मौजूद रहे। बता दे कि सब्जी मंडी कांगड़ा में पंच 40 से अधिक दुकानदार पंजीकृत है। कांगड़ा, नगरोटा, शाहपुर, धर्मशाला व साथ लगते क्षेत्रों से सैकड़ों किसान और व्यापारी सब्जी मंडी में कारोबार के लिए रोजाना आते हैं। उन्होंने सब्जी मंडी में व्यवस्थाओं में सुधार लाने व जीर्णोद्वार के लिए रूपरेखा तैयार करने बारे संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था को नियमित सुचारु रूप से रखने बारे भी कर्मियों को आदेश दिए।

# पंचायतों में निर्माण कार्यों का नियमित तौर पर निरीक्षण करें अधिकारी : हेमराज बैरवा

## उपायुक्त ने फतेहपुर उपमंडल की पंचायतों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर निर्माण कार्यों का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करना जरूरी है ताकि विकास कार्यों को पूर्ण करने में तेजी लाई जा सके। शनिवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा ने फतेहपुर उपमंडल की विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के उपरांत कहा कि प्रदेश सरकार का जन कल्याण और विकास की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध तरीके से लागू करने पर विशेष जोर है। इसके अलावा जन समस्याओं एवं शिकायतों के कारगर निपटारे पर खास ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार के इन्हीं प्रयासों के अनुरूप पूरी तत्परता से कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशानुसार वे एक-एक करके सभी उपमंडलों का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब तथा वंचित वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं और अधिकारी फील्ड में कैम्प लगा कर योजनाओं का प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें ताकि पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुँच सके। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति पर भी अधिकारियों से रिपोर्ट ली।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों से राजस्व मामलों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने व मामलों के तुरन्त निपटारे के भी निर्देश दिए ताकि लोगोंको अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उपायुक्त ने अधिकारियों संग फील्ड में जाकर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने छत्तर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने आपदा के समय क्षतिग्रस्त हुए घरों के पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा मकान मालिकों से मकान बनाने के दौरान आई परेशानियों के बारे जानकारी ली।

### घराणा में मनाया वार्षिक समारोह

**डरोह।** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। प्रधानाचार्या ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और पेश आ रही समस्याओं और स्कूल व विद्यार्थियों की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। संजय सिंह चौहान ने अपने संबोधन में प्रदेश में किस प्रकार सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में संवेदनशील तथा गतिशील है, उसके बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि खुद मुख्यमंत्री एक आम परिवार से संबंध रखते हैं, इसीलिए उन्हें आर्थिक दृष्टि से निम्न या सामान्य परिवारों के दुख-दर्द का पूरा ज्ञान है। अंत में उन्होंने मेधावियों को सम्मानित भी किया।

### इस माह में अब तक 247 चालान किए जारी

**बैजनाथ।** जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और तंबाकू के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 के तहत उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई शुरू की है। नवंबर माह में अब तक बैजनाथ उपमंडल में 247 चालान जारी किए गए हैं, जो सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान और अन्य नियमों के उल्लंघन को रोकने की दिशा में पुलिस की सक्रियता को दर्शाता है। इस कार्रवाई अभियान में बैजनाथ उपमंडल के तीनों थाने बैजनाथ, लंबागांव तथा पुलिस स्टेशन बीड सम्मिलित है।






**प्रेरणा** — निजी कंपनी की नौकरी छोड़कर अपनाई स्वरोजगार की राह, युवक ने खुद लिखी सफलता की कहानी

# बिलासपुर का साहिल मत्स्य पालन कर बना आत्मनिर्भर

**अनत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के छोटे से गांव छड़ोल में रहने वाले साहिल ने यह साबित कर दिया है कि बड़े सपने देखने के लिए शहरों में रहना जरूरी नहीं। चंडीगढ़ में एक निजी कंपनी में काम करने वाले साहिल ने आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक स्थिरता पाने के लिए स्वरोजगार की राह चुनी। मत्स्य पालन का व्यवसाय अपनाकर साहिल ने न केवल खुद की नई पहचान बनाई, बल्कि अपने गांव को भी विकास और प्रेरणा की मिसाल बना दिया। उनकी इस सफलता के पीछे हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग और पीएम मत्स्य संपदा योजना का अभूतपूर्व सहयोग रहा। पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत साहिल ने 30 नवंबर, 2023 के निर्माण के लिए अनुदान का आवेदन किया।

उन्होंने 7 टैंकों की योजना बनाई, जिनका व्यास 4 मीटर और ऊंचाई 1.5 मीटर थी। इस आवेदन की एक खास बात यह रही कि इसे मात्र 12 दिनों में स्वीकृत कर दिया गया, जो कि साहिल की मेहनत और सरकार की योजनाओं की प्रभावशीलता को दर्शाता है।



इस त्वरित स्वीकृति ने साहिल को अपने मत्स्य पालन के व्यवसाय को तेजी से स्थापित करने में महत्वपूर्ण मदद प्रदान की। लगभग 7.50 लाख रुपए की लागत वाली इस परियोजना के लिए सरकार ने 40 प्रतिशत के 3 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया। मार्च 2024 में साहिल ने टैंकों का निर्माण कार्य शुरू किया। अप्रैल और मई में साहिल ने 7,000 पंगेसियस मछलियों का बीज संग्रहित कर अपने व्यवसाय की शुरुआत की। अक्टूबर में साहिल ने पहली बार अपनी मछलियों की बिक्री की। उन्होंने 500 किलोग्राम मछलियां बेचकर 62,500 रुपए की आय अर्जित की। यह उनकी मेहनत और सरकार की योजना के सफल क्रियान्वयन का प्रमाण है। वर्तमान में साहिल के टैंकों में 1.5 मीट्रिक टन मछलियां तैयार है, जिनकी बिक्री से लाखों रुपए का मुनाफा होने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुभाष नगर में साइकिल चोरी की घटना कैमरे में कैद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर सदर थाना के तहत सुभाष नगर वार्ड-11 में साइकिल चोरी का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत साइकिल मालिक ने पुलिस थाना मे दर्ज करवाई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमन शर्मा पुत्र सोमनाथ शर्मा वार्ड-11 सुभाष नगर मकान-430 ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 21 नवंबर को सुबह चार बजे के करीब उनके आंगन से किसी अज्ञात व्यक्ति काले रंग की गेयर वाली साइकिल को चुरा ले गया है। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है तथा आगामी कार्रवाई जारी है।

### श्री सत्य साईं बाबा जन्मदिवस पर समारोह आयोजित



**नादौन।** नादौन के डीडीएम साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी श्री सत्य साईं बाबा जी के 99वें जन्मदिवस पर मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज का स्टाफ व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का क्षेत्रवासियों ने भी इस मुफ्त चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों से शारीरिक जांच करवाई व मुफ्त दवाइयों का लाभ उठाया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट भुवनेश शर्मा, सेक्रेटरी पवना शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, प्रिंसिपल डॉ. ओपी भारद्वाज ने शिविर में आए हुए सभी चिकित्सकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### तहसील को जाने वाली सड़क को रखा जाए बहाल



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** नेशनल हाईवे नंबर तीन के निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुए ऐतिहासिक कोल्हू सिद्ध मंदिर का पुनर्निर्माण इन दिनों चला हुआ है। एनएच निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि मंदिर पर नए सिरे से टीन की छत डाल दी गई है और अगले एक सप्ताह में पुनर्निर्माण का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। एनएच निर्माण कंपनी अब कार्य को गति प्रदान कर रही है। टौणी देवी कस्बे में कार्य जोरों पर चला हुआ है। अनेक जगह पानी की पाइपें टूट गई थीं व पानी की आपूर्ति बाधित हुई थी, वहां भी पाइपलाइन ठीक करवाने का कार्य प्रगति पर है। तहसील कार्यालय टौणी देवी के पास अंडर पास की संभावनाएं नजर नहीं आ रही व लोगों को तहसील जाने के लिए चाहड़ गांव से पैदल या बारीं मंदिर सोसायटी चेक से दोपहिया वाहन जा सकते हैं, लेकिन लोगों में इसके प्रति रोष है। पूर्व प्रधान श्रवण कुमार, जगदीश चौहान, ग्रामीण अशोक कुमार, भूमि राज, तोता राम सहित सभी की मांग है कि तहसील के लिए टौणी देवी उहल चैक से जाने वाली सड़क को बहाल रखा जाए। (अनंत ज्ञान)

### संन्यासियों से जातियों में न बंटने की अपील



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुरी धाम उड़ीसा में हिमाचल गोसेवा समिति द्वारा आयोजित धार्मिक महासम्मेलन में शनिवार को भागवत आचार्य मुकेश शर्मा ने बताया कि हिंदू समाज को भिन्न-भिन्न जातियों और धर्मों में बांटने में अंग्रेजों ने पूरी कूटनीति से काम किया, जबकि हमारे सतयुग, द्वापर, त्रेता युग में केवल चार ही वर्ण थे। गुरुकुल में सभी पढ़ने वालों को ब्राह्मण वर्ण, देश की रक्षा करने वाले क्षत्रिय वर्ण, व्यापार करने वाले वैश्य और सेवा का कार्य करने वालों को सूद वर्ण से जाना जाता था। हमारे नाम के साथ कोई सर नेम नहीं होता था, यह भी अंग्रेजों की ही देन है जबकि हमारे किसी ऋषि-मुनि, देव, राम कृष्ण के नाम के साथ कोई सर नेम नहीं है। मेरा सभी सन्यासियों से अपील है कि अब हमें जातियों में नहीं बंटना है क्योंकि बटेंगे तो कटेंगे...सनातन की रक्षा के लिए सभी को साथ रहना होगा। आज के कार्यक्रम में मंडी से सनातन के विद्वान केवल कृष्ण शर्मा भी उपस्थित रहे। आज की पूजा-अर्चना बलदेव धीमान परिवार द्वारा करवाई गई। इस कार्यक्रम की पूरे शहर में खूब चर्चा हो रही है।

### महाराष्ट्र में भाजपा ने जीत के तोड़े सारे रिकॉर्ड : उषा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कहा की महाराष्ट्र में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत एवं भारतीय जनता पार्टी में लगभग पिछले कई रिकॉर्ड तोड़कर इस बार प्रचंड जीत हासिल की है। उषा बिरला ने कहा जिस तरह से देश व राज्यों में एनडीए की सरकार काम कर रही है, उससे स्पष्ट होता है कि देश के जनता का विश्वास देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की सरकारें जिस तरह से आम जनमानस के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि एनडीए प्रचंड बहुमत से महाराष्ट्र में सरकार बनाने जा रही है।

### महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत : देशराज शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू उपाध्यक्ष अभय सिंह लवली, विजयपाल सोहारू, कपिल, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए को मिले प्रचंड



बहुमत एवं भारतीय जनता पार्टी ने लगभग पिछले कई रिकॉर्ड तोड़कर रख दिए। उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश व राज्यों में एनडीए की सरकार काम कर रही है, उससे स्पष्ट होता है कि देश के जनता का विश्वास देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की सरकारें जिस तरह से आम जनमानस के विकास के लिए कार्य कर रही हैं, उसी का नतीजा है कि आज एनडीए प्रचंड बहुमत से महाराष्ट्र में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने सभी भारतीय जनता पार्टी व एनडीए के कार्यकर्ताओं को समर्थकों को इसके लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### नहीं रहे सनातन की आवाज बुलंद करने वाले शास्त्री

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** हर जगह सनातन की आवाज बुलंद करने वाले और संघर्ष समिति गलोड़ के अध्यक्ष विजय कुमार शास्त्री आयु 64 साल का गत रात्रि दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। विजय कुमार शास्त्री गलोड़ क्षेत्र के टिहरी गांव से संबंध रखते थे और शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। गलोड़ क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी अच्छी खासी पकड़ थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व सनातन धर्म से जुड़े हुए अन्य कई संगठनों में उनकी अच्छी पकड़ थी। अभी 4 दिन पहले ही विजय कुमार शास्त्री अपनी पत्नी सहित 18 दिन के धार्मिक भ्रमण से वापस आए थे। विजय कुमार शास्त्री के निधन पर पूर्व विधायक विजय कुमार अग्निहोत्री, सुनील कुमार, कुलदीप कुमार, राजेश कुमार, प्रधान राकेश कुमार, अश्विनी कुमार, अशोक कुमार शर्मा, राजकुमार, कमल शर्मा, कैप्टन कमलेश शर्मा, विद्या प्रकाश, संजय शर्मा, संजीव कुमार, रविंद्र लखनपाल, राजेंद्र कुमार, सहित अन्य लोगों ने शोक प्रकट किया है।

### भरमोटी कलां की 102 वर्षीय प्रेमी देवी का निधन



**नादौन।** नादौन के साथ लगती भरमोटी पंचायत के गांव भरमोटी कलां की 102 वर्षीय प्रेमी देवी पत्नी हवलदार स्व. वीर सिंह का शुक्रवार शाम को निधन हो गया है, जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मृतिका अपने पीछे तीन वेटे व एक बेटी छोड़ गई हैं। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी एवं भरमोटी कलां पंचायत के पूर्व प्रधान प्रियतोष निशु जाट ने बताया कि प्रेमी देवी के पति स्वर्गीय वीर सिंह भारतीय सेना में बतौर हवलदार कार्यरत थे, उन्होंने 1965 की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदार दिया था। प्रेमी देवी के निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए शोकग्रस्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रक्ट करते हुए इस सदमे को सहन करने की क्षमता दें।

# अल्ट्रासाउंड मशीन मामला : भुगतान के बगैर सॉफ्टवेयर की खराबी कैसे होगी दूर?

## मेडिकल कॉलेज प्रशासन और कंपनी में ठनी, मामले को हल करने में प्रशासन और सरकार नाकाम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

स्थानीय मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड की महत्वपूर्ण एक मशीन के सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी को लेकर पैसे का भुगतान बाधा बना हुआ है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन को इसका भुगतान संबंधित कंपनी को करना है, लेकिन पैसा नहीं चुकाया जा रहा, इसलिए एक सप्ताह से ज्यादा का समय हो गया है, अल्ट्रासाउंड की मशीन ठीक नहीं हो रही। इसका खामियाजा उन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें महत्वपूर्ण टेस्ट करवाने हैं, जो आसानी से बाहर नहीं हो सकते और अस्पताल के भीतर दूसरी मशीन उन टेस्टों को करने में सक्षम नहीं है। यही असली पेचीदगी है।

इसका हल न प्रशासन कर पा रहा है और न ही सरकार का कोई नुमाइंदा इस ओर ध्यान देने की स्थिति में दिख रहा है। परेशानी मरीजों की है, इसलिए उनका कोई भी खैर ख्वाब नहीं है, वे दिक्कत झेलते हैं तो झेलते रहें। इससे मेडिकल प्रशासन को कोई लेना-देना नहीं लग रहा। तभी तो इतने दिनों से सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खामी दूर नहीं हो रही।



डायग्नोस्टिक सेंटर की दूसरी छत पर स्थित परिसर में इक्का-दुक्का मरीज ही मौजूद हैं, जहां आमतौर पर भारी भीड़ जमा रहती है।

### प्रिंसिपल डॉ. भारती की जवाबदेही ज्यादा

छानबीन से पता चला है कि केवल सॉफ्टवेयर की दिक्कत है और संबंधित फिलिप्स कंपनी को इसमें जो पार्ट डाला जाना है, उसके लिए इस केंद्र के एचओडी ने काफी समय पहले संबंधित मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को रिपोर्ट कर दिया था, मगर उसके बाद आगे की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए प्रिंसिपल डॉ रमेश भारती की जवाबदेही ज्यादा बन गई है, क्योंकि पेमेंट उन्हीं के हवाले से होनी है। पेमेंट का इशू क्यों फंसा हुआ है, इस पर जवाब देने की स्थिति में कोई नहीं है।

**प्रेगनेंसी टेस्ट सबसे महत्वपूर्ण :** इस मशीन पर रोजाना 60 से ज्यादा अल्ट्रासाउंड हो जाया करते हैं, इनमें प्रेगनेंसी से संबंधित टेस्ट सबसे महत्वपूर्ण हैं। बड़ी तादाद में रोजाना महिलाएं इस डायग्नोस्टिक सेंटर की दूसरी छत पर पहुंचती हैं, लेकिन यहां पर जिस परिसर के दो अलग-अलग कमरों में दो अलग-अलग मशीनें अल्ट्रासाउंड की लगाई गई हैं, उनमें ज्यादा महत्वपूर्ण मशीन खराब है। एक पर टेस्ट हो रहे हैं, लेकिन उसमें भी रोजाना 30 से 40 टेस्ट ही हो पा रहे हैं। इससे काम नहीं चल सकता। तभी तो अस्पताल के बाहर निजी क्लिनिकों में अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### किसने क्या कहा

एमएस अजय कुमार कहते हैं कि इस बारे में प्रिंसिपल ही बता सकते हैं, जो भी कार्रवाई होनी है, उन्हीं के हवाले से होनी है।

उधर, प्रिंसिपल डॉक्टर आर भारती का कहना है कि वे एक कार्यक्रम में व्यस्त हैं, इसलिए अभी सही स्थिति नहीं बता सकते।

# सेर बलौणी उठाऊ पेयजल योजना के पानी के सैंपल संतोषजनक नहीं

## चार दिन में लिए 16 पानी के सैंपलों में से 6 फेल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



**सफाई पूरी, दो-तीन दिन में होगी पेयजल आपूति**

ग्राम पंचायत सेर बलौणी और धनेड़ की सीमा पर बनाई गई उठाऊ पेयजल योजना सेर बलौणी धनेड़-2 के पास अज्ञात व्यक्ति ने फैंकी गई सेप्टिक टैंक की गंदगी फैंक दी थी जिसकी वजह से जल जनित रोग फैलने की संभावना बढ़ गई थी। इस पेयजल योजना से पांच गांवों के लोगों को पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पानी दूषित होने से विभाग ने तुरंत सप्लाई बंद कर दी थी।

जल शक्ति विभाग ने पिछले चार दिनों पानी के 16 सैंपल लिए जिनकी रिपोर्ट आ गई है। इनमें 6 सैंपलों की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है। विभाग ने शनिवार को भी पानी के सैंपल लिए हैं जिनकी रिपोर्ट 72 घंटे के बाद आएगी। पानी के सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद विभाग अभी पानी के साफ होने का इंतजार कर रहा है।

विभाग ने इनफिलटरेशन गैलरी, बोर से और बाबड़ी के सैंपल लिए थे जो ठीक नहीं है। हालांकि विभाग ने इस इनफिलटरेशन गैलरी, बोरों की और बाबड़ी के साथ कुओं की सफाई करवा दी है। जल शक्ति विभाग ने सभी गांवों के लिए पेयजल की व्यवस्था कर दी है जिससे ग्रामीणों को पानी की कोई समस्या नहीं हैं, लेकिन सेर बलौणी उठाऊ पेयजल योजना को सही तरीके से शुरू करने के लिए अभी समय लगेगा।

इस बारे में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश सोनी ने बताया कि उठाऊ पेयजल योजना की गैलरी, बोर और कुओं की सफाई कर दी है। उन्होंने बताया कि विभाग ने 16 सैंपल लिए जिनमें से 6 सैंपलों की रिपोर्ट ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि दो तीन दिन में पानी की सैंपलों की रिपोर्ट ठीक आने पर सही तरीके से पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### बाबा बालक नाथ ट्रस्ट के गठन पर सीएम का आभार जताया



**एसके ठाकुर, बड़सर।** उत्तरी भारत के प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ न्यास के गठन पर कांग्रेस पार्टी के नेता सुभाष ढटवलिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार का ट्रस्ट के गठन के लिए आभार प्रकट किया है। कांग्रेस पार्टी के नेता ढटवालिया ने बताया कि बाबा बालक नाथ ट्रस्ट के गठन में हर क्षेत्र को प्रतिनिधित्व देकर लोगों की मांग को पूरा किया गया है। इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है।

कालिया के अनुसार 12 गैर सरकारी और 13 गैर सरकारी व 19 स्पेशल आमंत्रित सदस्य बनाकर ट्रस्ट में कई लोगों को स्थान दिया गया है। कांग्रेस पार्टी ने ट्रस्ट में नई नियुक्तियों पर ट्रस्ट के सदस्यों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी आभार प्रकट किया है। ढटवालिया ने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर के महंत को भी ट्रस्ट में शामिल किया गया है। जो लंबे समय से ट्रस्ट में शामिल नहीं रहे हैं। महंत की नियुक्ति के लिए भी बाबा जी मैं पूर्ण आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने सरकार सरकार की इन नियुक्तियां के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है।

# बीबीएन टेंपल ट्रस्ट में 'विशेष आमंत्रित' सदस्यों पर क्यों हो रही चर्चा?

## आयुक्त ने जारी की अधिसूचना, पारिश्रमिक मिलेगा या नहीं, बनी उहापोह की स्थिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लंबे इंतजार के बाद आखिर बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध टेंपल के 'न्यासियों' की अधिसूचना आयुक्त और डीसी अमरजीत सिंह ने कर दी है, लेकिन चर्चा 'विशेष आमंत्रित' सदस्यों की अच्छी खासी फौज की हो रही है। इसका कारण यह है कि इतनी बड़ी संख्या आमंत्रित सदस्यों की पहले कभी भी नहीं रही है।

ट्रस्ट की बैठकों में तो विशेष आमंत्रित सदस्यों को बुलावा नहीं जाएगा, ऐसे में इनका आखिर काम क्या होगा? कौन सी जिम्मेदारियां इन्हें दी जाएंगी? क्या इनसे सुझाव लिए जाएंगे? इन सवालों का जवाब फिलहाल न ही तो मंदिर एक्ट दे रहा है और न ही कोई अधिकारी बताने की स्थिति में है। जिन्हें, विशेष आमंत्रित बनाया गया है। उन्हें भी खुद मालूम नहीं है कि इस ट्रस्ट में उनकी भूमिका आखिर रहेगी क्या? फिर सवाल तो एक ही बार-बार चर्चा में आ रहा है कि विशेष आमंत्रित सदस्यों की संख्या को 19 तक पहुंचा देने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी? इक्का-दुक्का लोग पहले हुआ करते थे।

अनंत ज्ञान खास खबर



दूर से बाबा की गुफा के दर्शन करतीं श्रद्धालु।

यह परंपरा भी कुछ सालों से ही चली थी।

**कितनी है एक्ट में संख्या :** बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट में एक्ट के मुताबिक 25 सदस्य ही नामजद हो सकते हैं। इनमें ऑफिशियल और नॉन ऑफिसियल आधे आधे संख्या में बांटे गए हैं। ऑफिशियल, आमतौर पर 13 लोग रहते हैं, लेकिन इस बार इन्हें 12 की संख्या देनी पड़ेगी क्योंकि नॉन ऑफिसियल में 13 लोगों की सूची की अधिसूचना जारी हुई है।

**पारिश्रमिक पर भी विवाद :** पिछले कुछ समय में बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध और शाहतलाई टेंपल ट्रस्ट में ट्रस्टियों के मानदेय पर जो विवाद पैदा हुआ था, वह अभी खत्म नहीं हुआ है। कारण यह है कि बैठकों में आने के लिए उन्हें पारिश्रमिक दिया जाता है। इसके अलावा उनकी जब ड्यूटी मंदिर में मेलों के दौरान लगती हैं, तो भी उन्हें अलग से पारिश्रमिक देने की पिछले कुछ सालों से रूटीन बनी हुई है। इस पर कुछ साल पहले जब विवाद हुआ, तो इसे रोक दिया गया था। उसे अभी तक बहाल नहीं किया गया। अब नए गठित ट्रस्ट में यह सुविधा बहाल होगी या नहीं? इस पर अभी संशय है।

### रोचक और विवादित बनी स्थिति

चार दिन पहले सरकार ने नॉन ऑफिसियल और विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची को लेकर जो पत्र मंदिर आयुक्त और डीसी हमीरपुर को लिखा था, उसमें विशेष आमंत्रित सदस्यों को शाहतलाई ट्रस्ट में डालकर बताया गया था। इस पर फिर से करेक्शन तो हो गई है, मगर विशेष आमंत्रित सदस्यों की स्थिति पर अभी भी अधिसूचना जारी होने के बाद स्थिति रोचक भी बनी हुई है और विवादित भी।

### क्या कहते हैं डीसी

मंदिर ट्रस्ट के आयुक्त और डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह का कहना है कि एक्ट में जो कुछ होगा, वही लागू होगा। फिलहाल अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### नादौन के केहर सिंह मित्र भूंपलवी भाषा एवं कला परिषद एवं समिति के सदस्य मनोनीत



**नादौन।** नादौन के निवासी सहित्यकार एवं लेखक केहर सिंह मित्र भूंपलवी को हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी द्वारा पहाड़ी भाषा एवं साहित्य के विकास हेतु स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया है, जबकि अकादमी की सामान्य परिषद का भी सदस्य बनाया गया है। यह सदस्य जहां हमीरपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, राज्य स्तर पर भाषा एवं साहित्य के विकास हेतु अपना योगदान देंगे। हिमाचल प्रदेश कला एवं संस्कृति एवं भाषा अकादमी के सचिव राकेश कंवर ने बताया कि इस बारे हिमाचल सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### भाजपा गठबंधन की हुई बंपर जीत : अर्चना

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** महिला मोर्चा जिला हमीरपुर अर्चना चौहान ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव संपन हो चुका है। इस बार के चुनाव में महायुति गठबंधन की सरकार बंपर जीत हासिल कर सत्ता में वापसी कर चुकी है। महायुति में शामिल भाजपा ने अकेले ही 127 से अधिक सीटों पर जीत हासिल कर विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन को औंधें मुंह गिरा दिया है।

### 30 तक केवाईसी करवाएं बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने अभी तक केवाईसी न करवाने वाले घरेलू बिजली कनेक्शनधारकों से 30 नवंबर तक हर हाल में अपनी केवाईसी करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर संख्या को उनके आधार नंबर से जोड़ने के लिए यह प्रक्रिया आरंभ की गई है। इससे छूटे उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 26 नवंबर को विद्युत अनुभाग कार्यालय बोहनी, 27 को विद्युत अनुभाग कार्यालय ताल एवं भीड़ा और 28 नवंबर को विद्युत अनुभाग कार्यालय टिक्कर में केवाईसी की जाएगी। इन तिथियों को केवाईसी न करवाने वाले उपभोक्ता 30 नवंबर तक उपमंडल कार्यालय लंबलू में आकर भी अपनी केवाईसी करवा सकते हैं।

### बंद पड़ी रेडक्रॉस लैब को बजट का प्रावधान कर दोबारा से शुरू किया जाए काम : संगठन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में रेडक्रॉस लैब में जो रियायती दरों पर विभिन्न टेस्ट किए जाते थे, वह बजट के अभाव से बंद पड़ी है। इस संबंध में संगठन अनुरोध करता है कि इस प्रयोगशाला को पहले की भांति आरंभ किया जाए तथा बजट का भी प्रावधान किया जाए जिससे गरीब लोग रेडक्रॉस प्रयोगशाला का लाभ उठा सकें। बैठक में निर्णय लिया कि मृदुल चैक हमीरपुर से लेकर अणु टियाला तक सड़क के किनारे एक तरफ फुटपाथ का निर्माण किया जाए। संगठन के सदस्यों ने यह मांग की कि एक पुलिस कांस्टेबल सत्यम काम्प्लेक्स के बाहर नियुक्त किया जाए, क्योंकि बुजुर्गों और महिलाओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अलवा भी उन्होंने कई अन्य मांगें रखीं। इस अवसर पर महासचिव मनोहर लाल कानूनगो, एसके कौड़ा, विपिन शर्मा, पीएन शर्मा, शंभू राम जसवाल युद्ध वीर पठानिया, अशोक सोनी, हेमराज शर्मा, ओम प्रकाश नंदा, सुमन भारती सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत ऐतिहासिक : दीपक शर्मा



झारखंड में अन्य नेताओं के साथ दीपक शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी (झारखंड एवं जम्मू-कश्मीर) दीपक शर्मा ने झारखंड में इंडिया गठबंधन सरकार को प्रचंड बहुमत प्राप्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आमजन जीत गया और सांप्रदायिक जहर घोलने वाले हार गए। उन्होंने कहा कि इस जीत में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के 45 पर्यवेक्षकों ने भी अहम भूमिका निभाई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में सभी कांग्रेस जनों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को सफल बनाने में दिन रात एक किया, जिसकी बदौलत यह जीत हासिल हुई।

### भड़मेली में महिंद्रा गाड़ी से 200 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर-हमीरपुर मुख्य मार्ग पर पुलिस की ओर से वाहनों को रूटीन में चेक किया जा रहा था। करीब चार बजे हमीरपुर की तरफ से आ रहे एक पिकअप ट्राला को रोककर चेक किया गया तो गाड़ी से ऊना नंबर वन देशी शराब बरामद हुई।

देशी शराब को ले जाने बारे चालक कोई कागजात नहीं दिखा पाया। जब चालक ने परमिट दिखाया तो परमिट के अवलोकन करने पर पाया गया कि परमिट पर गाड़ी का नंबर अंकित नहीं था और न ही रूट परमिट सही था। परमिट में शराब को ले जाने का रूट कृष्णानगर बड़ा रंगस पाया गया। गाड़ी में लोड पेटियों की गिनती की गई तो दो सौ पेटी शराब थी। पुलिस ने शराब और गाड़ी को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की।



हमीरपुर पुलिस पर्यवेक्षक सुनील दत्त ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने एक्साइज एक्ट 39 के अनुसार मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**आयोजन** तकनीकी विवि के दीक्षांत समारोह की राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की अध्यक्षता

# 259 मेधावियों का डिग्री और पदक से किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में पांचवां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के नीति आयोग के सदस्य प्रो. विनोद कुमार पॉल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि हिमाचल सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी विशेष अतिथि रहे।

समारोह में भोरंज के विधायक एवं तकनीकी विवि शासक मंडल सदस्य सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील कुमार शर्मा व एनआईटी हमीरपुर के निदेशक एवं शासक मंडल सदस्य हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने 110 मेधावियों को पदक सहित कुल 259 मेधावियों को डिग्री देकर सम्मानित किया। इसमें स्नातक व स्नातकोत्तर के 59 को स्वर्ण और 51 मेधावियों को रजत पदक वितरित किए गए। दीक्षांत समारोह में जिन अभ्यर्थियों को पदक और डिग्री वितरित की गई, जिसमें 162 छात्राएं और 97 छात्र शामिल हैं। इससे पूर्व तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर की अगुवाई में दीक्षांत समारोह की शैक्षणिक शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद राज्यपाल व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर दीक्षांत समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।



तकनीकी विवि के पांचवें दीक्षांत समारोह में उपस्थित गणमान्य।

समारोह में राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव, वित्त अधिकारी केके शर्मा सहित शैक्षणिक परिषद के सदस्यों सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के अधिकारी व गणमान्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्होंने किन परिस्थितियों में उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने युवाओं से अलग ढंग से सोचने तथा जोखिम उठाने की अपील की, जिससे वे समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य प्रो. विनोद कुमार पॉल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब उनकी कड़ी मेहनत और लगन तथा अभिभावकों की प्रार्थनाओं का फल मिला है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आप केवल डिग्री प्राप्त नहीं कर रहे हैं, बल्कि यह उससे कहीं अधिक है और यह आपको समाज की समस्याओं का समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि हर कोई सरकारी नौकरी नहीं पा सकता और मानसिकता बदलकर आपको दूसरों के लिए रोजगार पैदा करने होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सनाही**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

| क्र.सं. | सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | धुला रेता | प्रति फुट |
| 2. | रेता क्रशर | प्रति फुट |
| 3. | क्रशर बजरी 10,20,40 एमएम | प्रति फुट |
| 4. | पक्की ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति पीस |
| 5. | पक्की ईंट द्वितीय श्रेणी | प्रति पीस |
| 6. | गटका | प्रति घनफुट |
| 7. | शटरिंग भवन (लोहा/लकड़ी) | प्रति फुट |
| 8. | शटरिंग रास्ता/डंगा/नाली (लोहा/लकड़ी) | प्रति फुट |
| 9. | पानी टैंकर | प्रति दिन |
| 10. | मिक्कर मशीन डीजल सहित | प्रति दिन |
| 11. | जेसीबी खुदाई कच्ची/पक्की | प्रति घंटा |

निविदा के साथ जीएसटी नं., पैन कार्ड और वाहन की आरसी की कॉपी संलग्न करना आवश्यक है। बिना जीएसटी व वाहन आरसी के निवादा रद्द की जाएगी। निविदा पास होने के उपरांत सप्लाई न देने पर 25000/- रुपए तक जुर्माना हो सकता है। निविदा पारित फर्म को माल कार्य स्थल तक पहुंचाना होगा। सिक्योरिटी मनी के तौर पर 15000/- रुपए जमा करवाने होंगे अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। निविदा 28/11/2024 तक डाक या स्वयं पंचायत कार्यालय सनाही में जमा करवा सकते हैं। निविदा 30/11/2024 को पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों के समक्ष सुबह 11 बजे खोली जाएंगी। वेंडर के उपस्थित न होने पर उसकी निविदा को रद्द समझा जाएगा।

**प्रधान ग्राम पंचायत सनाही**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में बंदर स्कूली बच्चों पर कर रहे हमला

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों को बंदरों से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। बंदरों के आतंक से लोगों का इन दिनों रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। इन दिनों खासकर स्कूली बच्चों पर बंदर हमला कर रहे हैं। बीते दिन भी एक स्कूली बच्चे को बंदर ने गिरा दिया था वहीं रोजाना ही बच्चों व बुजुर्ग लोगों पर बंदर झपटते हैं। शिमला के अगर डीडीयू और आईजीएमसी की बात की जाए तो यहां पर रोजाना चार से पांच लोग बंदरों के काटने के पहुंच रहे हैं। तीन माह पहले भी एक सप्ताह के अंदर बंदरों ने शहर के विभिन्न जगहों पर 30 लोगों को काटा था। बंदर के काटने के मामले जाखू, ढली, पुराना बस स्टैंड, लक्कड़ बाजार व कसुम्पटी, टुटू व घणाहट्टी से आ रहे हैं। डीडीयू अस्पताल के एमएस लोकेंद्र शर्मा ने कहा कि डीडीयू अस्पताल में बंदरो के काटने मामले आ रहे हैं। लोगों को गभराने की जरूरत नहीं है। जैसे ही किसी लोगों को बंदर काटता है तो वे अपना उपचार करवाने तुरंत अस्पताल में आए। इन दिनों अस्पताल में बंदरो के काटने के मामले आ रहे हैं।

### नशे से युवा पीढ़ी को बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य



**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर में रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेले के आयोजन का मुख्य विषय 'नशा मुक्त पधर- स्वास्थ्य पधर' थीम पर आधारित था। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव से आज की युवा पीढ़ी को बचाना व जागरूक करने के लिए समाज के हरेक व्यक्ति का नैतिक दायित्व व कर्तव्य है। इस दौरान युवाओं को नशा आदि कुरीतियों से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिला व पुरुष वर्ग के विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त महिला मण्डलों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा मेले में कचौरी, भल्ले व लड्डू आदि के स्टॉल भी लगाए। सेवा आश्रय संगठन के द्वारा अपंग लोगों को 10 व्हील चेयर भी बांटी गई।

### कैथू जेल में कंबल को लेकर दो कैदियों के बीच लड़ाई

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सर्दी के इस मौसम में अब जेल में भी बंद कैदियों को ठंड सताने लगी है। शिमला के कैथू जेल में शनिवार को दो कैदी कंबल को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक कैदी के आंख में चोटें आई है। घायल अवस्था में कैदी को उपचार के लिए आईजीएमसी ले जाया गया है, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। घायल कैदी का नाम गौरव है। रामपुर निवासी कैदी ध्रुव पर दूसरे कैदी पर हमले का आरोप लगा है। घटना के बाद कारागार प्रशासन ने पुलिस थाना बालूगंज को सूचित किया और थाना से अन्वेषण अधिकारी को आईजीएमसी शिमला भेजा गया। पुलिस थाना बालूगंज को सूचना मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। थाना से अन्वेषण अधिकारी आईएमसी शिमला के लिए रवाना हो गए। यह भी सामने आया है कि ध्रुव और गौरव दोनों ही चिट्टे के मामले में अंडर ट्रायल कैदी हैं। बहरहाल बालूगंज पुलिस इस घटना की तफ्तीश में जुटी है और घायल गौरव के बयान लिए जा रहे है। पुलिस की टीम भी आईजीएमसी में पहुंची है।

### वार्षिक समारोह में थपथपाई मेधावियों की पीठ

**चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसरूंड में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तिलक ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल शिक्षकों व बच्चों द्वारा मुख्यातिथि का तालियों से स्वागत किया। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके बाद स्कूल विद्यालय के छात्र-छात्राओं पारंपरिक वेषभूषा में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां पर मौजूद दर्शकों का खूब मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्राथमिक विद्यालय के अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हमल गला के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। बच्चों द्वारा पेश किए कार्यक्रम की मुख्यातिथि सहित अन्य ने खूब सराहना की। अंत में मुख्यातिथि ने वर्षभर विभिन्न तरह की गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को मुख्यातिथि की ओर से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि मुझे खुशी है कि जिस विद्यालय मैंने शिक्षा ग्रहण की, उसमें मुख्य अतिथि बनने का सुअवसर मिला है। मैं प्रणाम करता हूं इस विद्यालय और गुरुओं को, जिन्होंने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने सरकारी स्कूलों के स्तर के सुधारीकरण की भी सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कहा कि विद्यार्थियों के प्रोत्साहन और समाज उत्थान के लिए स्कूल प्रयासरत हैं।

### बच्चों ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण



**आनंद ज्ञान, डलहौजी।** शनिवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के प्राथमिक विभाग के कक्षा 1 से 5 तक के सभी छात्र-छात्राओं को पीएम श्री योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि विज्ञान केंद्र चंबा का दौरा करवाया गया। इस आयोजन को लेकर कृषि वैज्ञानिक श्री के सिंह ठाकुर ने बच्चों को कृषि और विज्ञान के बीच गहरे संबंध के बारे में बताया कि हम अपने खेतों की पैदावार को किस तरीके से बढ़ा सकते हैं और पौधों की देखभाल उत्तम तरीके से कैसे की जा सकती है तथा रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग भी कम से कम कर सकते हैं। प्राचार्य कमलजीत कौर ने बच्चों को बताया कि शैक्षणिक भ्रमण बच्चों को समाज से जोड़ने का कार्य करता है।

### मुकेश रेपसवाल ने किया उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण

# बागवान मनरेगा के तहत करवाएं सिंचाई टैंक का निर्माण : उपायुक्त



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व साथ हैं अन्य ।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज ग्राम पंचायत साहू व कीड़ी में पहुंचकर उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया तथा योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की।

उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि भ्रमण के दौरान उपायुक्त चंबा ने उत्कृष्ट बागबानों द्वारा उच्च घनत्व के सेवों के बगीचों में उधान विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं के माध्यम से उनके द्वारा लिए गए लाभ का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपायुक्त ने उद्यान विभाग के उपनिदेशक को बागवानी के क्षेत्र में जिला चंबा में सिंचाई टैंक तथा सिंचाई परियोजनाओं को और अधिक बढ़ाने बारे महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने बागवानों को मनरेगा के तहत फलदार बगीचों को लगाने तथा सिंचाई टैंक के निर्माण के लिए सेल्फ तैयार करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उद्यान विभाग के उपनिदेशक प्रमोद शाह ने उपायुक्त को गत चार वर्षों के दौरान उधान विभाग द्वारा बागवानों के लिए अनुदान पर बनवाए गए सिंचाई टैंकों तथा अन्य सिंचाई योजनाओं बारे भी विस्तृत जानकारी दी।

### 6 दिसंबर को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**चंबा ।** जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र चंबा विवेक कुमार ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र चंबा व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से 06 दिसंबर को राजकीय महाविद्यालय चंबा (सुल्तानपुर) के परिसर में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। युवा उत्सव में लेखन,चित्रकला, फोटोग्राफी, भाषण, लोक नृत्य प्रतियोगिता के अलावा साइंस मेला (एकल) साइंस मेला (समूह) जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के पहले तीन विजेताओं को नगद धनराशि प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 5 हज़ार, 2 हज़ार 500 तथा 1 हज़ार 500, लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 7 हज़ार, द्वितीय विजेता को 5 हज़ार तथा तृतीय विजेता को 3 हज़ार की नगद धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह लेखन, चित्रकला तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता में यह पुरस्कार राशि 2 हज़ार 500, 1 हजार 500 तथा एक हजार निर्धारित की गई है। वहीं साइंस मेला प्रदर्शनी में यह राशि प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को एकल के लिए 3 हज़ार, 2 हज़ार तथा 1 हज़ार 500 तथा साइंस (ग्रुप) के लिए यह राशि 7 हज़ार, 5 हज़ार तथा 3 हज़ार निर्धारित की गई है। विवेक ने बताया कि कार्यक्रम में जिला स्तर से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर तथा राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने में इच्छुक युवा नेहरू युवा केंद्र चंबा में 3 दिसंबर से पूर्व अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित बनाएं। जिसके लिए पंजीकरण फॉर्म नेहरु युवा केंद्र के कार्यालय तथा मेल के माध्यम से प्राप्त तथा जमा करवाई जा सकती है। प्रतिभागी की आयु सीमा 30 दिसंबर 2024 तक 15 बर्ष से 29 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

# भाजपा दिशाहीन पार्टी, 5 गुटों में बंटी, भाजपा नेताओं में चली वर्चस्व की लड़ाई : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

▶ कहा-लोकतंत्र में एक पार्टी चुनाव जीतती है और एक हारती है



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने शिमला के संजौली कॉलेज में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा दिशाहीन पार्टी बनकर रह गई है। वह कभी टॉयलेट टैक्स की बात करती तो कभी समोसे की।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने शिक्षा में हिमाचल 21 वें रैंक पर पहुंच गया। प्रदेश में स्वास्थ्य का स्तर क्यों गिर गया है। जयराम इसकी बात नहीं करते। उनकी सरकार इसमें सुधार कर रही है। सुक्खू ने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई चली हुई है। हिमाचल में भाजपा 5 गुटों में बंट चुकी है।

सुक्खू ने कहा कि एक गुट जेपी नड्डा , दूसरा जयराम ठाकुर ,तीसरा अनुराग ठाकुर , चौथा राजीव बिंदल और पांचवा ग्रुप ने भाजपा को गुलाम बना रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा उन पर व्यक्तिगत टिपण्णी कर रही है ।

उन्होंने कहा कि भाजपा जितनी मर्जी टिप्पणी कर लें लेकिन वह सत्ता में सत्ता सुख के लिए नही बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए है । उनकी सरकार के सख्त निर्णयों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। भाजपा को उससे तकलीफ है क्योंकि अपने शासन काल मे भाजपा ने प्रदेश के संपदा को बेचा है। सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार ने आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रख दी है। उनका लक्ष्य 2032 तक हिमाचल को भारत का सबसे समृद्ध शाली राज्य बनाने का है। जिसके लिए उनकी सरकार कार्य कर रही है।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने महाराष्ट्र व झारखंड में आए चुनावी नतीजों पर कहा कि लोकतंत्र में एक पार्टी चुनाव जीतती है और एक चुनाव हारती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस गठबंधन सरकार बना रही है। सुक्खू ने कहा कि केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चार लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त बना रखी है। उनकी जीत तय है।

## नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश देते हुए।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन भरमौर ईकाई ने राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के छात्रों को नशे के खिलाफ दिलाई शपथ। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन भरमौर ईकाई अध्यक्ष समीर कुमार ने कहा कि समूचे प्रदेश के स्कूलों कॉलेज में नशे को रोकने के लिए संकल्प अभियान के तहत छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई जा रही है ताकि नशे की बढ़ती श्रृंखला को विराम लगाया जा सके।

एनएसयूआई के परिसर अध्यक्ष समीर कुमार ने कहा कि इसमें अध्यापकों का भी अहम योगदान रहेगा। बता दें कि आज नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो जैसे चरस अफीम गांजा बीड़ी गुटका तम्बाकू शराब या कोई नशीली दवाई इनका प्रचलन आज तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिसकी चपेट में लगातार युवा आकर अपनी जीवन को बर्बाद कर रहे हैं।

नशे के बढ़ते प्रचलन के कारण कई घरों की चिराग बुझ गए हैं। लिहाजा इस प्रकार के अभियान समूचे प्रदेश भर में चलाने की आवश्यकता है। इस अभियान में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशे को जड़ से खत्म करने की शपथ ली।

### भाजपा के संगठनात्मक दृष्टि से नए मंडलों के गठन पर समिति गठित

**शिमला।** भाजपा के संगठनात्मक दृष्टि से नए मंडलों के गठन हेतु निम्न समिति का गठन किया गया है। त्रिलोक कपूर, प्रदेश महामंत्री इस समिति के संयोजक होंगे, इसी प्रकार कांगड़ा संसदीय क्षेत्रों के संयोजक पवन काजल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक होंगे, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के संयोजक रणधीर शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक, मंडी संसदीय क्षेत्र के संयोजक राकेश, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक और शिमला संसदीय क्षेत्र के संयोजक सुखराम चौधरी, विधायक एवं प्रभारी शिमला संसदीय क्षेत्र होंगे। यह अधिसूचना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने जारी की।

## विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध बनाए जागरूकता पोस्टर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



कार्यक्रम में मुख्य मेहमान के साथ गणमान्य।

राजकीय महाविद्यालय तीसा मे आयोजित हो रहे दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय तीसा के प्राचार्य सुभान मोहम्मद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ मे मुख्यातिथि को महाविद्यालय राष्ट्रीय कैडट कोर द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके पश्चात महाविद्यालय खेल प्रभारी डॉ. भगत राम ठाकुर व अन्य स्टाफ द्वारा मुख्यातिथि का ओपचारिक स्वागत व सम्मान किया गया। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्जवलन करने के पश्चात विद्यार्थियों को खेल प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ भाग लेने की शपथ दिलाई व विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरूद्ध जागरूकता हेतु बनाए गई पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मशाल प्रज्ज्वलन के पश्चात शुरू हुई खेल प्रतियोगिता की पहली स्पर्धा, ऊंची कूद में छात्र वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के विनीत प्रथम रहे व छात्रा वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की रिया ठाकुर प्रथम रही।

जैवलीन थ्रो छात्र स्पर्धा में बीए द्वितीय वर्ष के कमलेश कालिया प्रथम रहे व छात्रा स्पर्धा में बीए तृतीय वर्ष की भुवनेश्वरी प्रथम रही । डिस्कस थ्रो छात्र स्पर्धा में बीए तृतीय के विनीत कुमार प्रथम रहे व छात्रा स्पर्धा मे बीए द्वितीय वर्ष की मनीषा प्रथम रही। शतरंज स्पर्धा मे बीए तृतीय वर्ष के सुभाष खन्ना विजेता रहे। 100 मी दौड़ छात्र वर्ग मे बीए प्रथम वर्ष के रोहित ठाकुर प्रथम रहे व छात्रा वर्ष में बीए तृतीय वर्ष की पल्लवी ठाकुर प्रथम रही। 200 मी दौड़ छात्र वर्ग में बीए वर्ष के रोहित ठाकुर प्रथम रहे व छात्रा वर्ष में बीए तृतीय वर्ष पल्लवी ठाकुर प्रथम रही।

कार्यक्रम के समापन समारोह मे यशवंत सिंह खन्ना मुख्यातिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय प्राचार्य श्री सुभान मोहम्मद के आभार वक्तव्य के साथ हुआ।

## 'पहली शिक्षक मां' के तहत करवाई कार्यशाला

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम के कार्यशाला में मौजूद गणमान्य।

बीते कल शनिवार को शिक्षा खंड बनीखेत के तहत बीआरसी कार्यालय परिसर में 'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। बनीखेत क्लस्टर स्तरीय माता ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम के समापन में आज जिला चंबा पहले समन्वयक ओमकार वर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल रहे। उन्होंने आए हुए समस्त माता को पहली शिक्षक मां कार्यक्रम की विस्तृत रूप से जानकारी सांझा की। इस आयोजन को लेकर उन्होंने यह भी कहा कि है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस आयोजन में बहुत ही निपुण अध्यापक गतिविधियां कर रहे हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम संचालक विनय कुमार ने बताया कि यह आयोजन माता में नहीं ऊर्जा का संचार करेगा करेगा। तो वहीं प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मनी बहादुर थापा ने अपने संबोधन में कहां की जिस उद्देश्य के लिए हमने यह कार्यक्रम रखा था वह निश्चित ही पूरा होगा, ऐसी उन्हें पूरी उम्मीद है इस आयोजन को कामयाब करने हेतु जिन्होंने भी अपना सहयोग दिया सभी का तहे दिल से धन्यवाद भी किया गया।

### बस में चरस लेकर जा रहा व्यक्ति काबू

**बनीखेत।** पुलिस ने पठानकोट-चंबा-भरमौर एनएच पर परिवहन निगम की बस में सवार एक व्यक्ति से 396 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। बनीखेत पुलिस चौकी के जवानों ने रूटीन चैकिंग के दौरान पठानकोट-भरमौर एनएच पर गोली जीरो प्वाइंट के समीप नाका लगाया हुआ था। जांच के दौरान बस में सवार एक व्यक्ति के बैग से 396 ग्राम चरस बरामद हुई। व्यक्ति की पहचान चतर सिंह (54) पुत्र उमेदा कुमार निवासी गांव साहू चुराह के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व आगामी कारवाई जारी है।

## महाराष्ट्र में विकास और सशक्त नेतृत्व के भरोसे की हुई जीत : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

महाराष्ट्र में विकास, सुशासन और सशक्त नेतृत्व के भरोसे की जीत हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव नतीजों पर कहा कि दोनों राज्यों की जनता ने कांग्रेस पार्टी को नकार दिया है जबकि महाराष्ट्र की देवतुल्य जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए महायुति को सत्ता की चाबी सौंपी है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा-महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होने पर मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा और महायुति के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से भाजपा-महायुति ने महाराष्ट्र के समग्र विकास एवं जनता की आकांक्षाओं को प्राथमिकता से पूरा करने हेतु अहम भूमिका निभाई है और अब फिर से सत्ता में आकर अपने विकासरथ को आगे बढ़ाएगी।

जनता ने सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है उससे ये स्पष्ट हो गया है कि जनता अब कांग्रेस पार्टी की जात-पात, क्षेत्रवाद और झूठी गारंटियों पर विश्वास न कर केवल विकास के साथ बढ़ना चाहती है। महाराष्ट्र की जनता ने कांग्रेस की झूठी गारंटियों को न मानते हुए केवल डबल इंजन की सरकार को ही प्राथमिकता दी है।

### सूडोकु 00126 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00125का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## व्यापार मंडल बनीखेत कार्यकारिणी भंग,नई पर नहीं बनी सहमति

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज व्यापार मंडल बनीखेत की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया तथा नई कार्यकारिणी के गठन के लिए सहमति नहीं बन पाई जिसको अगले सप्ताह शनिवार के लिए स्थगित कर दिया गया।

बता दें कि व्यापार मंडल बनीखेत के प्रधान विजेंद्र शर्मा ने बनीखेत व्यापार मंडल के अंतर्गत समस्त व्यापारियों को आज बैठक में बुलाया था। इस बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन करना था किंतु इस पर सभी व्यापारियों में किसी तरह से भी कोई सहमति नहीं बन पाई जिसको फिलहाल के लिए अगले सप्ताह के लिए टाल दिया गया है। अध्यक्ष पद के लिए तीन व्यापारियों ने अपनी दावेदारी पेश की है तो वही अन्य पदाधिकारी की औपचारिकताएं अध्यक्ष पद का फैसला हो जाने के बाद ही पूरी होंगे। इस आयोजन में जहां बस अड्डा मुख्य बाजार तथा पद्दर बाजार के व्यापारी शामिल रहे।

## तीसा बिजली बोर्ड के कार्यालय की हालत खराब

**आजम डार, चुराह**



खस्ताहालत में भवन।

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीसा में चल रहा बिजली बोर्ड का कार्यालय खंडहर बन चुका है। बिजली बोर्ड कार्यालय की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि यहां पर काम कर रहे कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं बिजली बोर्ड के उच्च अधिकारी इस भवन को सुधारने में अपने दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे हैं इस भवन में इतनी बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी है कि भारी बर्फबारी में यह भवन कभी भी गिर सकता है।

इस भवन में तीन कमरे बने हुए हैं जिसमें एसडीओ का कार्यालय भी शामिल है । इस भवन की हालत को देखकर कर्मचारी भी इसमें रहने और कार्य करने से डर रहे हैं इसलिए सभी कर्मचारियों ने सरकार वह बोर्ड से यही मांग की है कि इस भवन की हालत जल्द से जल्द सुधारी जाए

अधिशासी अभियंता प्रवेश ठाकुर ने बताया कि कि इस भवन की डैमेज रिपोर्ट बनाकर सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है भवन बनाने के लिए बजट का प्रावधान होते ही इस भवन की तुरंत मरम्मत की जाएगी।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

24 नवंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** नवमी (10:22): **नक्षत्र** फाल्गुनी (10:17), **पक्ष :** कृष्ण **योग : वैधृति** (12:16) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:46-12:28), **राहुकाल** (04:05 -05:24)।

### विशेष दिन

» 24 नवंबर : श्री जाम्भोजी का पुण्य दिवस आज।
» 25 नवंबर : महावीर तप कल्याण पुण्य दिवस कल।

**मेष:** मित्रों से आज आप को लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी होगा। सामाजिक कार्यों में अधिक अभिरुचि रहेगी।

**वृषभ:** आज के दिन आप मानसिक रूप से थकावट का अनुभव करेंगे। आज आप कुछ अधिक ही भावुक रहेंगे। मन में उठ रहे विचारों पर कुछ परेशान रहेंगे।

**मिथुन:** आज आपके नए मित्र बनेंगे व ऐसे लोगों से संपर्क होगा जो कि भविष्य में आप के लिए लाभदायी साबित होंगे। घर से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:** क्रोध और जलन पर नियंत्रण रखें। थकान और आलस्य होगा। संतान के विषय में चिंता बनी रहेगी। कर्ज चुकाने में भाग दौड़ करनी पड़ सकती है।

**सिंह:** आज निर्धारित कार्य सम्पन्न न होने की वजह से निराशा बनी रहेगी। खर्च भी बढ़ेगा। वाहन से सावधान रहे चोट भी लग सकती है।

**कन्या :** मानसिक रूप से आज एकाग्रता रहेगी। खर्च अधिक मात्रा में होगा। इच्छा शक्ति के बल पर चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**तुला:** आपसी लोगों की वजह से खर्च ज्यादा बढ़ेंगे। स्त्री के साथ मनमुटाव होने की संभावना है पारिवारिक जीवन में शांत वातावरण देखने को मिलेगा।

**वृश्चिक:** दूसरों की बातों में हस्तक्षेप ना करें क्योंकि इससे आपका नुकसान हो सकता है। भ्रांति एवं अकस्मातों से बचिएगा। क्रोध पर संयम रखें।

**धनु :** आज का दिन इश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में अनुकूल परिस्थिति रहेगी। हर कार्य सरलता से पूर्ण होगा।

**मकर :** आज आपके परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा। दैनिक कार्यों में कुछ रुकावटें आएंगी।

**कुंभ :** भौतिक साधन तथा वस्त्र इत्यादि की खरीदारी होगी। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अनुकूल संयोग बनेंगे। यात्रा का अवसर आएगा।

**मीन:** किसी नए कार्य का प्रारंभ न करें। क्रोध के कारण कुछ अनिष्ट न हो, इसका खास ध्यान रखिएगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी लाभदायी दिन रहेगा।

## वार्षिक समारोह में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित




कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य व छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंधा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर एसएमसी प्रधान वकील राम और उपप्रधान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा ने मुख्यातिथि का और सभी अभिभावकों का स्वागत किया और सबसे इस तरह के कार्यक्रम में सहयोग की कामना की । उन्होंने अपने भाषण में अभिभावकों से अपील की की 10+2 के बाद भी अपने बच्चों को आगे जरूर पढ़ाए।

स्कूल प्रभारी जीवन लाल ने मुख्यातिथि को टोपी और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

### आंगनबाड़ी सहायिका के सात पदों पर भर्ती

**सलूणी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सलूणी के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के सात पद भरे जा रहे हैं। इन पदों के लिए 11 दिसंबर तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सलूणी में आवेदन किया जा सकता है। इन पदों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया 12 दिसंबर को एसडीएम कार्यालय सलूणी के परिसर में संपन्न होगी।

जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सलूणी आरआर भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि इस विभागीय कवायद के तहत सलूणी उपमंडल के आंगनबाड़ी केंद्र भजौतरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद भरा जाएगा।

## आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित होगा जोगिंद्रनगर विद्युत प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

▶ परियोजना में सालाना 500 मिलियन यूनिट होता है उत्पादन

जोगिंद्रनगर विद्युत परियोजना के कायाकल्प के लिए केंद्र सरकार के उपक्रम मेकॉन लिमिटेड ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। आगामी माह से मेकॉन लिमिटेड के विशेषज्ञ इंजीनियर मोर्चा संभालेंगे और प्रोजेक्ट के हर उपकरण की गहन जांच करेंगे। इसके तहत जलाशय, सुरंग, पेन स्टॉक और विद्युत गृह के उपकरणों के अवशिष्ट जीवन का आकलन किया जाएगा।

विशेषज्ञों ने किया दौरा मेकॉन लिमिटेड के दो विशेषज्ञ जोगिंद्रनगर पहुंच चुके हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट प्रबंधन के साथ बैठक कर मशीनरी और उपकरणों के आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा की। सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों की टीम यह तय करेगी कि किन उपकरणों को बदला जाना है और किन्हें भविष्य में उपयोग में लाया जा सकता है।

प्रोजेक्ट के तहत कर्मचारियों के पुराने आवासों की मरम्मत की जाएगी और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

परियोजना में सालाना 500 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन होता है। उत्पादन क्षमता 110 मेगावाट ही बरकरार रहेगी। यह प्रोजेक्ट न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी अहम भूमिका निभाता है।

> **जब** तक हम स्वयं के साथ शांति नहीं बना लेते, तब तक हम बाहरी दुनिया में शांति प्राप्त नहीं कर सकते। –**दलाई लामा**

## संपादकीय

# नतीजों के मायने

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा तथा लोकसभा की दो सीटों वायनाड और नांदेड़ एवं 13 विभिन्न राज्यों की कई विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों का लंबा इंतजार आखिर खत्म हो गया। महाराष्ट्र में जहां भाजपा गठबंधन वाली महायुति को प्रचंड बहुमत मिला है तो वहीं, झारखंड में विपक्षी गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला है। यानी दोनों राज्यों में मुकाबला बराबरी वाला रहा। नतीजों के अनुसार, जहां एक राज्य में एक पार्टी ने खोया तो वहीं दूसरे राज्य में दूसरी पार्टी ने पाया वाली स्थिति देखने को मिली। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे सामने आए हैं वो हर किसी को हैरान करने वाले हैं। महायुति की जीत सुनामी जैसी है, जिसमें महाविकास अघाड़ी का सूपड़ा साफ हो गया। अब सवाल है कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? चुनाव से पहले महायुति गठबंधन ने सीएम चेहरा घोषित नहीं किया था। झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की अगुवाई वाले गठबंधन में एक बार फिर से सत्ता में वापसी की है। विपक्षी गठबंधन शानदार बहुमत के साथ सत्ता में आया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर हेमंत सोरेन की सरकार की जीत में किसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। हेमंत सोरेन पिछले साल ईडी की कार्रवाई में जेल चले गए थे। वोटरों का रुझान देखकर सीएम हेमंत सोरेन ने तत्काल मंईयां सम्मान योजना लॉन्च की। अब दोबारा हेमंत सोरेन के सीएम बनने के कयास लगाए जा रहे हैं।

इन दोनों राज्यों के चुनावी नतीजे ने कांग्रेस और राहुल गांधी को गंभीर राजनीतिक संदेश दिए हैं। कांग्रेस जीती हुई बाजी कैसे हारती है यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा विधानसभा में भाजपा की जीत से समझा जा सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जरूरत से ज्यादा भरोसा महंगी पड़ा। हुड्डा फैक्टर के कारण कांग्रेस की कलह सार्वजनिक मंचों पर सामने आ गई थी। राहुल ने सैलजा और हुड्डा का हाथ तो मिलवाया, मगर दिल नहीं मिला सके। उस हार का एक बड़ा कारण यह था कि कांग्रेस भाजपा के खिलाफ उपजे गुस्से को भुनाने में कामयाब नहीं हुई। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस में शुरू से ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चली। उन्होंने अपने मन के मुताबिक टिकट बांटे। भाजपा रणनीतिकारों की बात करें तो हरियाणा में अपने कोर वोटर का भरोसा तो था ही। इसके साथ साथ हरियाणा में वोट के बिखराव के कई कारण बन जाए या बनाए गए। चर्चा यह है कि इनेलो और जेजेपी को अकेले दम पर चुनाव लड़ने के पीछे भाजपा की शक्ति काम कर रही थी। यही नहीं, जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी और इनेलो और बसपा के गठबंधन के पीछे भी भाजपा के हाथ थे। अब चुनाव के परिणामों के बीच कांग्रेस और राहुल गांधी की राजनीतिक स्थिति को लेकर बहस शुरू हो गई है। भाजपा नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी का कोई भविष्य नहीं है। इसके साथ ही यह तलाशा जाने लगा है कि दोनों राज्यों के चुनावी नतीजे राहुल के लिए क्या संदेश दे रहे। राहुल खुद नतीजों को अप्रत्याशित बता रहे हैं और विश्लेषण करने की बात कर रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे में कांग्रेस कहां खड़ी है इस पर भी चर्चा हो रही है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति की प्रचंड जीत ने कांग्रेस को दो साल पहले गुजरात में मिली करारी हार की याद दिला दी है। गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस को महज 17 सीटें ही मिल पाई थी। करारी हार के चलते गुजरात में दो दशकों से ज्यादा समय से सत्ता से बाहर कांग्रेस के हाथ से विधानसभा में नेता विपक्ष का पद भी छिन गया था। महाराष्ट्र में इसके साफ संकेत दिखे। महाविकास आघाड़ी के किसी भी घटक दल को नेता विपक्ष के पद के लिए अनिवार्य न्यूनतम 29 सीटें भी नहीं मिली हैं। दूसरी ओर नेता विपक्ष की कुर्सी को पाने के नियम के मुताबिक, विधानसभा में कम से कम 10 प्रतिशत सीटों पर जीतना जरूरी है। कांग्रेस को 15 सीटें ही मिली हैं। महाविकास आघाड़ी में हुए सीटों के मुताबिक, कांग्रेस ने 100 विधानसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारा था। साथ ही बीते चुनाव में कांग्रेस 147 सीटों पर लड़कर 44 पर जीत दर्ज की थी। हरियाणा में सत्ता के करीब आकर पिछड़ जाने के बाद कांग्रेस के लिए यह लगातार दूसरा बड़ा झटका है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए मरहम लगाने का काम कर सकते हैं। ■

# सोशल मीडिया से आज हर कोई प्रभावित

सोशल मीडिया वह माध्यम है जो लोगों से बातचीत करने और सामाजिक रूप से जुड़ने में हमें सक्षम बनाता है। सोशल मीडिया द्वारा दुनिया भर में चल रही खबरों और घटनाओं के संदर्भ में जनता की जागरूकता में जबरदस्त वृद्धि हुई है, क्योंकि इंटरनेट किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में समाचार और समीक्षा को अधिक तेजी से फैलाता है। एक समय था जब केवल प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रिक मीडिया ही प्रचलन में थे, लेकिन धीरे-धीरे अब इंटरनेट का प्रादुर्भाव हुआ तो सोशल मीडिया ने अपने तरीके से परिवार, समाज और राष्ट्र को प्रभावित करना आरंभ कर दिया। आज परिवार, गली मोहल्ला, गांव, जिला राज्य और राष्ट्र से वैश्विक स्तर तक अपनी भावनात्मक,विचारात्मक भाषायी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है। सूचना क्रांति के बाद से तो हिंदी भाषा की व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे सोशल नेटवर्किंग साइट पर लोकप्रियता बढ़ी है। वर्तमान में यूनिकोड जैसे फोंट के आने पर इंटरनेट पर हिंदी के लेखन और पठन का कार्य बहुत कम समय में और भी सुलभ हो गया है।


लेखक : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

जीमेल के द्वारा हिंदी में ही ईमेल की सुविधा होना, गूगल पर ही हिंदी समाचार सेवा तथा बोलकर हिंदी टाइप करना, व्यापार, उद्योग, मनोरंजन, धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक समस्त कार्य आज हिंदी भाषा में सोशल साइट पर सुगमता से प्रसारित और प्रचारित हो रहे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सोशल मीडिया का प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है विशेष कर युवाओं के नैतिक और सामाजिक मूल्यों के साथ ही वह युवाओं की जीवन शैली और विचारों को भी प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया की बादशाहत पूरे समाज के सिर चढ़कर बोल रही है। युवा ही नहीं हर आयु वर्ग के लोग इसकी गिरफ्त में हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक इसके प्रभाव से अछूते नहीं हैं। हम छोटे बच्चों को भी मैदान में खेलने के बजाय पूरा दिन यूट्यूब पर खेलते देख रहे हैं।




आज का दौर अगर सही मायने में देखें तो युवा शक्ति का दौर है। भारत में इस समय 65 प्रतिशत के करीब युवा हैं जो किसी और देश में नहीं हैं। यह वह वर्ग है जो सबसे ज्यादा सपना देखता है और उन सपनों को पूरा करने के लिए जी जान लगाता है। जहां एक तरफ सोशल मीडिया युवाओं के सपनों को एक नई दिशा दे रहा है वहीं दूसरी ओर युवा वर्ग अपने सपनों को साकार करने के लिए इस माध्यम का प्रयोग कर रहे हैं। इंटरनेट से लेकर 5ज मोबाइल तक युवा सोशल मीडिया के माध्यम से देश दुनिया की सरहदों को पार कर सपनों की उड़ान भर रहे हैं। ब्लॉगिंग के जरिए जहां यह युवा अपनी समझ, ज्ञान और भड़ास निकालने का कार्य कर रहे हैं वही सोशल साइट्स के जरिए पूरी दुनिया भर में अपनी समान मानसिकता वाले लोगों को जोड़कर सामाजिक सरोकार के दायित्व को भी पूरी तन्मयता से पूरा कर रहे हैं। यद्यपि सोशल मीडिया जानकारी साझा करने और अभिव्यक्ति के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है, लेकिन निरंतर इसके उपयोग ने व्यक्तिगत उत्पादकता, रिश्तों और पूरे समाज को प्रभावित किया है। युवा सोशल मीडिया पर अपनी निजी जिंदगी खोलने लगा है साथ ही अप्रमाणिक खबरों को भी सच मानने लगा है, जिसके कारण सोशल मीडिया का नकारात्मक पहलू भी उभर रहा है। सोशल मीडिया पर दिन में कई बार स्टेटस अपडेट करना, घंटों तक मित्रों के साथ चैटिंग करना, जैसी आदतों ने युवा पीढ़ी को काफी हद तक प्रभावित किया है। घंटों तक फेसबुक और ट्विटर जैसी वेबसाइट पर समय बिताना न केवल उनकी पढ़ाई को प्रभावित करता है बल्कि धीरे-धीरे कुछ नया करने की रचनात्मकता भी खत्म हो रही है। सोशल नेटवर्किंग के जरिए तमाम अश्लील सामग्री और भड़काऊ बातें भी प्रसारित हो रही है, जो लोगों की मन मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती हैं।

सोशल मीडिया ने लोगों के वास्तविक जीवन को भुलाकर आभासी जीवन में रहने के लिए मजबूर कर दिया है। सोशल मीडिया के प्रभाव से हमें खुद को मुक्त करने की आवश्यकता है। लोग फेसबुक पर तो दुनिया से जुड़ जाते हैं, लेकिन जो उनकी अपनी जड़ें होती है उनसे जुड़ना नहीं चाहते। सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के अधिकतर उपयोग से सामाजिक रिश्तों के प्रति अलगाव की स्थिति पैदा हो गई है। जो आपसी बातचीत और मिलना जुलना कहीं बैठकर होता था। आज लोग इकट्ठे बैठकर भी मोबाइल से चिपके होते हैं, जो आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली आदत सी बन गई है। स्मार्टफोन से चिपके रहने के कारण जब आप अपने करीबी रिश्ते को भी नजर अंदाज कर देते हैं तो यह दूसरों का अनादर या अनदेखा करना होता है, तभी आज के दौर में मोबाइल से बढ़ता लगाव भी पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में विघटन का कार्य कर रहा है। पहले घर के बड़े बुजुर्ग परिवार को एक सूत्र में बांधने के लिए सेतु का कार्य करते थे। उनका परिवार में एक अलग ही रौब हुआ करता था। घर के बड़े बुजुर्ग जो कह देते थे वही पत्थर की लकीर होता था, लेकिन वर्तमान समय में बुजुर्गों को भी वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है। रातों-रात सफलता के शिखर पर पहुंचने की लालसा, आपसी संवेदनहीनता, खाली पन और पारिवारिक विघटन के लिए काफी हद तक सोशल मीडिया जिम्मेदार है।

सोशल मीडिया से हमारे देश के युवाओं की पूरी जीवन शैली प्रभावित दिखाई पड़ रही है जिसमें रहन-सहन, खान पान, वेशभूषा और बोलचाल सभी समग्र रूप से शामिल हैं। मद्यपान और धूम्रपान उन्हें एक फैशन का ढंग लगने लगा है। नैतिक मूल्यों के हनन में यह कारण मुख्य रूप से है। आपसी रिश्ते- नातों में बढ़ती दूरियां और परिवार में बिखराव की स्थिति इसके दुखदायी परिणाम हैं। आज देश के सामने सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि युवा शक्ति इसका सदुपयोग कैसे करें? इसका जवाब भी सोशल मीडिया में ही छुपा है। अगर हमारे देश का युवा चाहे तो सोशल मीडिया के द्वारा अपने आप को एक अच्छा इंसान बना सकता है। यहां वे अपनी अच्छाइयों व रचनात्मकता से रू-ब-रू करा सकते हैं। सूचना के आदान-प्रदान, जनमत तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों के लोगों को आपस में जोड़ने के लिए सोशल मीडिया को एक सशक्त और बेजोड़ उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मौत से पहले आने वाले संकेत के मायने

हाल ही में ब्लैक एंड वाइट विश्लेषण में आज तक टीवी में मौत के संकेत पहले मिल जाते है दिखाया गया और उसमें अस्पताल में एक मैना का संवाद भी दिखाया कि हम भी आ रहे हैं जैसा कि मालूम होगा, बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा जिंदगी और मौत से जूझते हुए अपने जीवन के अंतिम दिनों में जब अस्पताल में थी, तो का मंगलवार रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया।


लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उन्हें कैंसर था। गायिका मल्टीपल मायलोमा नामक रक्त कैंसर से जूझ रही थीं, जिसने 2018 से उनके स्वास्थ्य को काफी प्रभावित किया है, उन्होंने छठ पूजा के पहले दिन यानी 5 नवंबर 24 को अंतिम सांस ली, यह दिन उनके प्रशंसकों के लिए विशेष रूप से उनके प्रतिष्ठित छठ महापर्व गीतों के कारण महत्वपूर्ण है। जहां तक मौत को जानने का संदेश मिलने की बात है यह कहीं विज्ञान ने सिद्ध तो नहीं किया है, लेकिन कभी कदाल दिव्य मनुष्य को हो जाता होगा, लेकिन जीवन के अंतिम दिनों तक केवल जिसे फांसी पर चढ़ाई जाती है उसे ही मालूम होता होगा।

ईश्वर ने सभी को समय पर जन्म व मौत उनके कर्मों के आधार पर मिलता है आखिर दिन क्या अंतिम समय तक स्थूल शरीर में जीवन की आस में मनुष्य रहता है। ईश्वर ने सबको एक ही समय दिया है, लेकिन इंसान गलतियां कर बैठता है और अकाल मौत हो जाता है यानी मौत भी दो प्रकार से होती है। एक अकाल मौत दूसरा समयानुसार मौत, मौत तो जीवन का सत्य है, लेकिन लोग जानकर भी अनजान बन जाते हैं, मैं एक बार इसी तरह काल के चक्र में फंसकर 2002 में अस्पताल में प्रभु राम की कृपा से बाहर निकला हूं मुझे फरवरी 2002 में पटना से मुंबई आने के क्रम में काल ने पकड़ लिया था। मैं ईश्वर को ही अपना सबकुछ मानता हूं घर परिवार आपका कुछ भी अपना नहीं है जिसे आप अपना मानते हैं। वहीं आपके मरने पर जला देते हैं रोते हैं चिल्लाते हैं और फिर कुछ दिनों बाद भूलकर फिर माया के दलदल में धंसते चले जाते हैं, मेरी मौत तो बहुत ही पहले तय थी। आप 2002 का अस्पताल में पड़ा मौत और जीवन की जंग से लड़ रहा था देखें जब मैं टाइफाइड में कभी 104-105 डिग्री से निचे जा ही नहीं रहा था। करीब 1 महीने हो गए डॉ. ने लगभग सभी दवाई चलाई लेकिन कोई शूट नहीं कर रही थी। उस समय एक ही सहारा मेरे माता-पिता थे जो खारघर से आते जाते थे। जब एक महीने से ऊपर हो गया और उस समय न कुछ खा पा रहा था सिर्फ पानी चढ़ रहा था।



कोई भी दवा शूट नहीं कर रही थी बर्फ की सिल्ली से कुछ बाहर से बड़े-बड़े डाक्टर को बुलाया गया। अंत में जब डॉक्टर ने जावाब दे दिया, डॉक्टर ने आठ में हार मान ली, क्योंकि उस समय जो वार्ड में शिफ्ट किया था। सारे घर से आ गए थे। डॉक्टर ने बोल दिया 2 दिन के अंदर आपका लड़का चला जाएगा, मैं चल नहीं पा रहा था। और मेरी एक बच्ची हुई थी। सबका रोते-रोते बुरा हाल था, मैं बेहोश की अवस्था में था। एक ही चीज का अपने अंदर ध्यान किया था वो थे गुरु गोबिंदसिंह जी का ध्यान अचानक पैर हाथसुन हो गए और एक का काली सी परछाई दिखाई देती है और आंख बंद हो रहा था, यानी यमराज मेरी प्राण लेने के लिए कमरे में आया तो जरूर था, लेकिन गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज घोड़े पर सवार होकर आए थे और यमराज को भगा दिया आप इसे कुछ भी माने मैं तो मानता हूं एक अद्भुत सा प्रकाश मेरे साथ खड़े से टकराती है और कुछ समय बाद कुछ ताकत सी आ गई। डाक्टर ने निर्णय लिया। कुछ दिनों बाद ठीक हुआ सपने में गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज ने कहा कि अगर तुम इस दुनिया से चला जाता तो तुम्हारे माता-पिता का मेरे ऊपर से विश्वास उठ जाता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**एक** बड़ी आबादी की वजह से काम करने की क्षमता रखने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या भी खड़ी हो जाती है। इस बड़ी संख्या को रोजगार उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता है। आज की तारीख में भी भारत में बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या की वजह से यह समस्या भविष्य में एक विकराल रूप ले सकती है। रोजगार की कमी आर्थिक असमानता और गरीबी को बढ़ाने का काम काम कर सकते हैं। जिससे सामाजिक अशांति फैल सकती है। एक बड़ी आबादी को शिक्षित और कुशल बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि समय के साथ जितने लोगों को शिक्षित और कुशल बनाने की जरूरत होगी उतनी क्षमता शैक्षणिक संस्थानों के पास शायद नहीं होगी। **अरविंद,कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता

**अमोल** पालेकर हिंदी फिल्मों के एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। अपने अभिनय से सभी का दिल जीतने के बाद आजकल वे एक निर्देशक के रूप में सक्रिय हैं। अमोल पालेकर भारत के पहले ऐसे अभिनेता हैं जिनकी डेब्यू फिल्म ने सिल्वर जुबली तो मनायी ही, उसके बाद उनकी प्रदर्शित दोनों फिल्मों ने भी जुबलियां मनायीं। अमोल पालेकर ने 1974 में 'रजनीगंधा' फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद उनकी दो फिल्में 1975 में 'छोटी सी बात' और 1976 में 'चितचोर' प्रदर्शित हुई थीं। इन तीनों फिल्मों ने मुंबई में सिल्वर जुबली मनायी। अमोल पालेकर ने कॅरियर की शुरुआत मराठी मंच से की। सफल अभिनेता और निर्देशक अमोल का जन्म बंबई (अब मुंबई) में हुआ और वहीं जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई की। पढ़ाई के साथ-साथ थियेटर की ओर भी रुझान था। थियेटर में करियर के लिए संघर्ष करने के साथ ही अमोल एक बैंक में क्लर्क का काम भी कर रहे थे। अमोल पालेकर ने अभिनय में साल 1971 में सत्यदेव दुबे की मराठी फिल्म 'शांतता कोर्ट चालू आहे' से शुरुआत की। इनकी पहली हिंदी फिल्म 'रजनीगंधा' की सफलता ने इन्हें इसी तर्ज की कई कम बजट वाली कॉमेडी फिल्में दिलाई। बासु चटर्जी और ऋषिकेश मुखर्जी की 'चितचोर' (1976), 'छोटी सी बात' (1975) तथा 'गोलमाल' (1979) 70' के दशक की सफल कॉमेडी फिल्में रहीं। अमोल पालेकर सशक्त और हल्के गुदगुदाते सभी भूमिकाओं में फिट जल्दी ही सिनेमा जगत में जाना-माना नाम बन गए। भीमसेन की 'घरौंदा' (1977), श्याम बेनेगल की 'भूमिका' (1976) और कुमार साहनी की 'तरंग' (1984) अमोल के अभिनय बहुआयामी कला छवि को दर्शाती हैं। बेहतरीन अभिनय और निर्देशन के लिए अमोल पालेकर को कई पुरस्कार और सम्मान मिले। इनमें शामिल है- फ़िल्म 'दायरा' (1996) के लिए पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार। ■


**अमोल पालेकर**
**जन्म :** 24 नवंबर, 1944

# सब्जियों की खेती परंपरागत तरीके के साथ वैज्ञानिक तकनीक के प्रयोग से की जाए

भारत में अब कई तरह की खेती की बात कृषि वैज्ञानिकों नीति निर्धारकों एवं राजनेताओं द्वारा समय-समय पर किसानों के बीच में की जाती है, परंतु अभी तक यह आम राय उभर कर सामने नहीं आ रही है कि सब्जियों की खेती परंपरागत तरीके के साथ वैज्ञानिक तकनीक के भरपूर प्रयोग से किया जाए, जिससे देश की 140 करोड़ जनसंख्या को भरपूर मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त जहर से मुक्त सुरक्षित सब्जी आसानी से मिल सके तथा इन सब्जियों का निर्यात भी विश्व में बढ़ाया जा सके। परंपरागत सब्जी उत्पादन में भारत का स्थान दुनिया में दूसरा है। जैसे-जैसे कृषि की तकनीक का विकास होता गया, कृषि में भी बहुत बदलाव होता गया।


लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

बैल की जगह ट्रैक्टर से खेती कृषि यंत्रों के प्रयोग से खेतिहर मजदूरों का कृषि क्षेत्र से पलायन शुरू हो गया। कारण कि किसान की खेती आधुनिक उपकरणों पर निर्भर हो गई है, परंतु जब हम संरक्षित खेती की बात करेंगे, तो इसमें कृषि यंत्रों का प्रयोग नहीं के बराबर होता है। यहां तो मजदूर ही ज्यादा उपयोगी होता है। संरक्षित खेती के तहत पालीहाउस, शेड नेट हाउस, लो टनल, ग्रीनहाउस में नियंत्रित मौसम में खेती की जा सकती है और सिंचाई के लिए ड्रिप सिंचाई की व्यवस्था की जाती है। इसमें पानी को फिल्टर करके पौधों तक पहुंचाया जाता है, ड्रिप से ही उर्वरक दिया जाता है। तापमान को नियंत्रित करने के लिए स्प्रिंकलर और फ्रागर का प्रयोग किया जाता है। संरक्षित खेती की सहायता से लोगों की जरूरत के हिसाब से बेमौसमी या सीजन की मांग के अनुसार फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। इस तकनीक के माध्यम से परंपरागत खेती की तुलना में दो गुना से लेकर 10 गुना ज्यादा उत्पादन लिया जा सकता है। संरक्षित खेती के स्ट्रक्चर के लिए भारत सरकार की तरफ से राष्ट्रीय बागवानी मिशन और राज्य सरकार की तरफ से उद्यान व कृषि विभाग द्वारा अनुदान और बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध है। संरक्षित खेती की तकनीकी उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों के उत्पादन के लिए अनुकूल सूक्ष्म जलवायु स्थितियां प्रदान करती हैं।



इन संरचनाओं के जरिए किसान एक भूमि के टुकड़े पर साल भर कई फैसले उगा सकता है। इस तकनीक से फसल को हवा, बारिश, बर्फ और पक्षियों से बचाया जा सकता है। यह उन्नत कृषि तकनीकी हाइड्रोपोनिक्स, एयरोपोनिक्स वर्टिकल खेती की को बढ़ावा देता है। इस तकनीक से खेती करने से फसलों को कम सिंचाई की जरूरत होती है। संरक्षित खेती में लगने वाले रोगों और कीटों को प्रभावी तरीके से नियंत्रित होता है।

यदि किसान दो सौ वर्ग मीटर की पालीहाउस में खीरे की एक फसल से खेती करता है। तो एक फसल से 30 से 35 कुंतल की पैदावार मिल जाती है और लागत मूल्य काटकर 4 महीने में किसान को 60 से 65000 रुपए की बचत होती है, परंतु लाभ पूर्ण रूप से बाजार के भाव पर निर्भर होता /आधारित होता है। इस तरह से वर्ष भर लगभग डेढ़ लाख से 2 लाख रुपए तक की बचत हो सकती है। पर किसान यह भी ध्यान दें कि आंधी तूफान से पालीहाउस को नुकसान की संभावना बनी रहती है या फिर उन क्षेत्रों में बंदर या जंगली जानवर से भी नुकसान का खतरा बना रहता है। इसको ध्यान में रखकर पालीहाउस को कृषि बीमा के अंतर्गत बीमा करा देना चाहिए, जिससे नुकसान की भरपाई बीमा कंपनियों से हो सके। संरक्षित खेती आज के कृषि स्नातक युवाओं के लिए एक सुनहरा रोजगार का अवसर दे सकता है।

जरूरत है कि सरकार कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि स्नातक छात्रों को तथा जो कृषि स्नातक नहीं है, परंतु संरक्षित खेती करना चाहते हैं उन्हें कम से कम 6 माह का प्रशिक्षण दिलवाया जाए। इस वर्ष के बजट में सरकार ने युवाओं के लिए प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण के लिए कंपनियों में भेजना और वहां पर प्रशिक्षण लेने के लिए युवाओं को छह माह या साल भर स्टाइपंड भी देने का वचन दिया है। इस खेती के लिए भारत सरकार को विशेष नीति के तहत प्रोत्साहन देना होगा, जिससे कृषि स्नातक लड़के जो नौकरी की तरफ भाग रहे हैं। वे अपने गांव में अपने लिए रोजगार के अवसर बनाते साथ में अन्य युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# तुझे बुला रही है तेरी मंजिल


भीम बसेड्रू राजपूत

*कहने दो लोगों को,*
*भद्दे कमेंट बॉक्स में डूबे हैं जो, आकंठ।*
*नहीं है उलझना मगर किसी से, अपने रास्ते है आना -जाना,*
*बन भद्र, लिए जाना अपना उद्देश्य।*
*मिलेंगे बहुत ऐसे-वैसे,*
*चुगली-चर्चा करते हुए, निराश हुए बिना तुझे है रखनी।*
*आगे ही आगे दूरगामी सोच, चलते रहना है निरंतर,*
*अपना सच्चा कर्म लिए, लगाना है ध्यान पूरा-पूरा।*
*बगैर समय गवांए है बढ़ते चले जाना, यात्रा है यह अकेले की,*
*कर्मवीर सौभाग्य पाने की, राह है वह सच्चे-पक्के पथिक की।*
*न कर तू दुनिया की परवाह, तुझे बुला रही है तेरी मंजिल,*
*तुझे बुला रही है तेरी मंजिल।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# गुरु तेग बहादुर ने बलिदान दे दिया, लेकिन औरंगजेब के आगे नहीं झुकाया सिर

सिखों के नौवें गुरु जिनका बचपन का नाम त्याग मल था का जन्म पंजाब के सोढ़ी खत्री परिवार में 1 अप्रैल 1921 को अमृतसर में माता नानकी व पिता हरगोविंद सिंह जी के यहां हुआ था।

वे बचपन से ही बड़े गंभीर, विचारशील, उदार चित व निडर प्रवृति के मालिक थे। बालक के इन्हीं हाव भाव को देखते हुए पिता गुरु हरगोविंद सिंह ने अपनी विशेष देख रेख में बेटे को गुरु वाणी, धर्म शास्त्रों के अध्ययन में वेद , उपनिषद व पुराणों की शिक्षा के साथ ही साथ अस्त्र-शस्त्रों के प्रयोग में तीरंदाजी व घुड़सवारी प्रशिक्षण का प्रबंध करवा रखा था। इस तरह पिता की देख रेख में बालक एक अच्छा घुड़सवार, तीरंदाज व तलवार बाज बन गया था। एक बार करतारपुर की लड़ाई से जब गुरु हरगोविंद अपने बेटे के साथ किरतपुर की ओर आ रहे थे, तो फगवाड़ा के समीप पलाई गांव में, पीछे से मुगल सैनिकों ने इन पर हमला कर दिया, लेकिन त्याग मल ने बड़ी ही बहादुरी व अपनी तलवार बाजी से दुश्मन की न करवा दी थी।


लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

उसी लड़ाई के पश्चात गुरु हरगोविंद जी ने बालक त्याग मल को तेग बहादुर का नाम दे दिया था। तेग बहादुर का अर्थ भी तो तलवार का माहिर ही होता है। तेग बहादुर में कुछ अपनी ही विशेषताएं भी थीं जो कि आम देखने सुनने में नहीं मिलती, अर्थात उसमें अस्त्र और शास्त्र, संघर्ष और वैराग्य, लौकिक और आलौकिक, राजनीति और कूटनीति, संग्रह और त्याग आदि के गुण देखे जा सकते थे। उसके इन सभी गुणों के फलस्वरूप ही तो 3 फरवरी 1632 को जालंधर के निकट करतारपुर की रहने वाली गुजरी नामक लड़की से उसकी शादी करा दी गई। वर्ष 1640 में समस्त परिवार अर्थात माता नानकी, पिता गुरु हरगोविंद व तेग बहादुर अमृतसर के नजदीकी अपने पैतृक गांव बकाला आ गए।



फिर वर्ष 1665 में गुरु हरकिशन जी के परलोक सिधारने के पश्चात 4 मार्च को 9वें गुरु के रूप में गुरु तेग बहादुर जी को जब गद्दी सौंपी गई, तो ये अमृतसर आ गए। गुरु तेग बहादुर धर्म की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि वे तो धार्मिक स्वतंत्रता भी चाहते थे, किसी पर भी किसी तरह का प्रतिबंध मुगल शासकों की तरह नहीं थोपना चाहते थे और न ही किसी के दबाव में रहना चाहते थे। इसी कारण मुगल शासक औरंगजेब हमेशा सिखों व गुरु तेग बहादुर से नफरत किया करता था।

फिर भी गुरु तेग बहादुर जी अपनी समाज सेवा, ईश्वरीय निष्ठा, समता, करुणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान की भावना से धर्म का प्रचार करते हुए आनंदपुर से किरतपुर, रोपड़, सैफाबाद से होते हुए खिआला(खदल) व आगे कुरुक्षेत्र पहुंच गए। यह जनसेवा और प्रचार आगे से आगे चलता रहा और गुरु तेग बहादुर जी मथुरा, आगरा, प्रयाग, बनारस, पटना तथा असम तक जा पहुंचे। इस तरह गुरु तेग बहादुर जी के आध्यात्मिक व धार्मिक प्रचार के साथ ही साथ सामाजिक सुधारों, अंधविश्वासों और रूढ़ियों की आलोचना भी साथ में चलती रही थी। जन हित के कार्यों के अंतर्गत गुरु जी ने कई स्थानों पर धर्मशालाएं, कुएं, बावड़ियां और रास्तों का निर्माण भी करवाया था। गुरु तेग बहादुर जी ने बलिदान दे दिया, लेकिन औरंगजेब के आगे कभी भी अपना सिर नहीं झुकाया। गुरु तेग बहादुर के बेटे गुरु गोविंद सिंह सिखों के 10वें गुरु बने थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नवाही देवी मंदिर हॉल में निःशुल्क हेल्थ कैंप 30 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जन कल्याण समिति सरकाघाट के सचिव एवं नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा और जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रणवीर गुलेरिया ने बताया कि 30 नवंबर शनिवार के दिन माता नबाही देवी मंदिर के हाल में जन कल्याण समिति के द्वारा लिवासा (पूर्व में आईवीवाई) हॉस्पिटल मोहाली के सौजन्य से एक विशाल निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एचके बाली, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य अग्रवाल, पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्र और उनकी टीम जन मानस के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करेंगे और संबंधित टेस्ट भी फ्री होंगे। लोगों की रजिस्ट्रेशन 30 नवंबर शनिवार को सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

### नारला में छात्रों ने मनाया फाइबोनैचि दिवस

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में फाइबोनैचि दिवस धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद मंढोत्रा ने बताया कि यह दिन प्रसिद्ध गणितीय अनुक्रम का सम्मान करता है। प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद ने छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें बहु-विषयक विषयों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ने के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। इस दिवस को मनाने के लिए छात्रों को एक विशेष वीडियो प्रस्तुति दी गई। जिसमें उन्हें फाइबोनैचि शृंखला और इसके दिलचस्प अनुप्रयोगों से परिचित कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मनोरंजक और मनोरम तरीके से फाइबोनैचि अनुक्रम को देखने और समझने में सहायता करने के लिए छात्र फिल्म देखने के बाद इंटरैक्टिव मस्तिष्क गतिविधियों में लगे रहे। छात्रों को पहेलियाँ, पैटर्न पहचान अभ्यास और व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से केवल अमूर्त विचारों के बजाय फाइबोनैचि संख्याओं को ऐसे कारकों के रूप में देखना सिखाया गया जो उनके परिवेश को प्रभावित करते हैं।

### स्वयंसेवियों ने पानी के स्रोतों की सफाई की



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनेड़ पटड़ीघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 22 नवंबर से आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, रास्तों की मरम्मत, गोद लिए गांव में पानी के स्रोतों की सफाई तथा अन्य जरूरी कार्य व शैक्षणिक सत्र, सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम शामिल रहेंगे। इस शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान राजेश शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मती उर्मिला चंदेल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी चमन लाल व भारती गुप्ता व सभी सलाहकार समिति सदस्य उपस्थित रहें।

### आपदाओं में जागरूकता से कम हो सकता है नुकसान



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से 21 नवंबर से 23 नवंबर तक आपदा जोखिम से निपटने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को खंड विकास कार्यालय सुंदरनगर के सभागार में हुआ जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अमर नेगी ने की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपमंडल सुंदरनगर की छातर, भौर, डुगराई और कनैड पंचायतों के लगभग 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन एसडीएम ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर अमर नेगी ने कहा कि विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से यदि लोग जागरूक होंगे तो आपदा से होने वाले जान व माल के नुकसान को कम किया जा सकता है।

### खेल मैदान और शौचालय के लिए 2 लाख : पवन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौबाही में एनएसएस के सात दिवसीय दिवसीय का समापन कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सतीश जंवाल द्वारा की गई। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सतीश जंवाल व सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यालय प्रबंधन समिति ने मुख्यातिथि पवन ठाकुर और उनके साथ आए गणमान्य लोगों का स्वागत किया। मुख्यातिथि पवन ठाकुर ने शिविर के दौरान की गई गतिविधियों के लिए स्वयं सेवियों को सम्मानित किया तथा बच्चों को प्रेरित करते हुए अपने विचार साझा किए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए खुश होकर बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा की तथा विद्यालय के शौचालय तथा खेल का मैदान पक्का करने के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### रोटरी क्लब का ग्रामीण लघु उद्योग पर फोकस



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर की बैठक में उपाध्यक्ष विनोद राठौर ने 2024 के प्रस्तावित प्रोजेक्टों को धरातल पर उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग स्थापित कर युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर जोर दिया गया। बैठक में यह जानकारी दी गई कि क्लब अब तक 100 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर 10,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चुका है। दिसंबर माह में सरकारी स्कूलों में हाईजीन जागरूकता अभियान और नशा मुक्ति रैली आयोजित की जाएगी। रैली में 80 से 100 वाहन शामिल होंगे। स्वास्थ्य सचिव रामलाल वालिया और सचिव सुशील पठानिया ने बताया कि क्लब ने मोतियाबिंद और अन्य बीमारियों के 500 से अधिक मरीजों का सफल उपचार कराया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग स्थापित कर महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा।

### रूप लाल के निधन पर अधिकारियों ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क राजीव कुमार उपनिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय मंडी कुमारी मंजुला, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय मंडी में कार्यरत नरेश कुमार, प्रचार सहायक के पिता रूप लाल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। वे 68 साल के थे तथा हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड से फोरमैन के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। आज उनका सुंदरनगर के समीप पैतृक गांव बनेड में अंतिम संस्कार किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है।

## 10 करोड़ के मिनी सचिवालय में स्थानांतरित नहीं हो पा रहे दर्जनों कार्यालय

# पीडब्ल्यूडी की नाकामी संधोल पर भारी

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

धर्मपुर उपमंडल के दूरदराज क्षेत्र संधोल में करीब 10 करोड़ की लागत से बना 5 मंजिला मिनी सचिवालय जनता के लिए महाज सफेद हाथी साबित हो रहा है आलम यह है कि धर्मपुर में बैठे पीडब्ल्यूडी के कुछ अधिकारियों ने इस आलीशान भवन का लोकार्पण भी खटाई में डाल रखा है। महज प्रशासनिक अप्रूवल लेने के लिए इन अधिकारियों की वजह से 2 साल का समय व्यतीत हो चुका है लेकिन अभी तक इस भवन में अन्य विभागों के कार्यालय स्थानांतरित नहीं हो पा रहे हैं।

दरसल पूर्व सरकार के समय 24 जनवरी 2019 में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह ने स्थानी जनता को राहत दिलाने के लिए इधर-उधर बिखरे पड़े सभी सरकारी भवनों को एक ही छत के नीचे लाने के मकसद से इस भवन का शिलान्यास कर युद्धस्तर पर निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया था, 5 मंजिल वाले इस सचिवालय का निर्माण कार्य साढ़े 3 वर्षों में अधिकांश पूरा भी हो गया था। चारदीवारी और मामूली से बचे हुए कार्य रहने के बावजूद जल्दबाजी में विधानसभा चुनाव से पूर्व इस भवन का उद्घाटन भी कर दिया गया,



संधोल में बना मिनी सचिवालय।

लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार ने भवन के पूरा होने के लिए प्रयास किए और न ही ये फंक्शनल हुआ।

जब विपक्ष द्वारा सरकार पर आरोप लगाए तो पीडब्ल्यूडी के इस उच्च अधिकारी ने भवन का मात्र एक प्रतिशत कार्य शेष होने का जवाब देकर पल्लू छुड़ा लिया। अधिकारी न तो जनता के सरोकार रखते हैं और न ही उन्हें बेगुनाह मकान मालिक से जिनके घरों में सरकारी दफ्तर किराए पर चल रहे हैं और इन मकान मालिकों को किराए के नाम पर फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं हो रही है। संघोल की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का कहना है कि गैर जिम्मेदाराना अफसर को धर्मपुर के अलावा कहीं और जगह नहीं मिलती है।(अनंत ज्ञान)

### विलंब में बढ़ रहा आर्थिक बोझ

**इसे** प्रशासनिक कमजोरी कहे या सरकार की लाचारी लेकिन दोनों ही सूरतों में ये कार्य राजनीति की सलीब पर चढ़ता नजर आ रहा है। जहां इसके विलम्ब में इसकी लागत बढ़ने से सरकार और निर्माण विभाग पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वहीं तहसील कार्यालय के परिसर के लिए दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे किराए से राजस्व विभाग की कमर तोड़ रहा है। हालांकि ये बात अलग है कि तहसील कार्यलय को भी पिछले 5 वर्षों से राजस्व विभाग ने फूटी कौड़ी नही दी है जिसके चलते मकान मालिक को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है।

### ठेकेदार ने कमाया पैसा और जनता परेशान

संधोल विकास समिति के अध्यक्ष मान सिंह सकलानी ने बताया कि स्थानीय विधायक ने 2 वर्षों के बाद भी मांग पर कोई गौर नही की। उनका कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अफसरों की नाकामी के कारण ही एसडीएम कार्यालय सुचारू रूप से नहीं चल पाया जिसके लिए मुख्यमंत्री ने छह दिन चलाने की घोषणा की थी। जनता का कहना है कि विधायक ने जानबूझकर दागी अफसर धर्मपुर में लाए ताकि उनके नजदीकी ठेकेदार पैसा कमाएं और जनता परेशानी भुगते। बहराल 10 करोड़ से बनने वाला ये भवन अब आगे कितने में बनेगा और कब ये तो कोई नही जानता ।

### खर्चों के लिए मांगी है प्रशासनिक अप्रूवल : एसई

लोक निर्माण मंडल धर्मपुर के एसई प्रमोद कश्यप ने कहा भवन का अधिकतर कार्य पूरा हो चुका है मामूली काम बचा है जिसे पूरा करने के लिए सरकार से प्रशासनिक अप्रूवल मांगी गई है अप्रूवल मिलते हैं काम पूरा करवाकर भवन जनता को सौंप दिया जाएगा।

# लोग आयुर्वेदिक सुविधाओं का जरूर उठाएं लाभ : डीसी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल मंडी की रोगी कल्याण समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में आयोजित की गई।

बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7 लाख 58 हजार रुपए का बजट अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने आयुर्वेदिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रोगियों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

अस्पताल में रोगियों के लिए पंचकर्म, क्षारसूत्र, कपिंग, अग्नि कर्म, मर्म चिकित्सा, रक्त मोक्षण तथा योगा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने लोगों का भी आह्वान किया कि इन आयर्वेदिक सुविधाओं का जरूर लाभ उठाएं। बैठक में विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में आयुर्वेद रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित**

### डॉ. मनुबाला गौतम ने आय व्यय का ब्यौरा किया प्रस्तुत

**आयुर्वेदिक** अस्पताल मंडी की प्रभारी तथा रोगी कल्याण समिति की सदस्य सचिव डॉ. मनुबाला गौतम ने रोगी कल्याण समिति के तहत चलाई जा रही योजनाओं, इनके माध्यम से रोगियों को गत वर्ष उपलब्ध करवाई गई सेवाओं तथा गत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया, साथ ही इस वर्ष दी जा रही सुविधाओं की भी विस्तार से जानकारी प्रदान दी। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के जिला विकास अधिकारी जीसी पाठक, उप-निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, विजय, आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल, बिजली बोर्ड के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता राजेश, रेडक्रॉस सोसाइटी मंडी के सचिव ओपी भाटिया, मुख्य आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी अशोक, डॉ. पबनेश, डॉ. यशवंत सहित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य शामिल थे।

# रिवालसर महाविद्यालय में पीटीए की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**



सामूहिक चित्र में पदाधिकारी व सदस्य।

राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अध्यापक अभिभावक संघ (पीटीए) की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

आम सभा की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने की। सर्वसम्मति से खेमचंद शर्मा को प्रधान चुना गया। उपप्रधान योग राज, सचिव प्रो. अंजलि परमार, संयुक्त सचिव कांता देवी व कोषाध्यक्ष धन देव, वरिष्ठ सलाहकार प्रो. दीपक गौतम व सलाहकार भवना देवी को चुने गए। सभा में प्रो. मनोज, डॉ. ब्रज नंदन, प्रो. यशपाल, प्रो. कुलदीप, प्रो. रमणीक शर्मा व सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष खेमचंद तथा अभिभावक मौजूद रहे।

### नशा और स्वच्छता पर छात्र निकालेंगे जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, गोहर।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट ने कहा कि 25 नवंबर को उपमंडल स्तरीय रेडक्रास मेले के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले के दिन 'नशा मुक्त गोहर स्वस्थ गोहर' के तहत नशा और स्वच्छता पर जागरूकता रैली निकाली जाएगी। उसके पश्चात स्कूल के बच्चों के द्वारा देवधुन( वाद्य यंत्र) के साथ नाटी प्रस्तुत की जाएगी। 11 बजे मुख्यातिथि रेडक्रॉस मेले में आगमन होगा और उनके द्वारा विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित स्टॉल का निरीक्षण किया जाएगा।

लोगों के लिए एक लक्की ड्रा भी आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा मेला के अवसर पर एक अन्य स्टॉल स्थापित किया जाएगा जिसमें लोगों द्वारा रेड क्रॉस के माध्यम से कपड़े व धनराशि दान की जाएगी ताकि जरूरतमंदों की मदद कर सकें।

# दिव्यांग दिवस एक जगह मनाने का सुझाव

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक के दौरान दिव्यांग व अन्य।

हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला अध्यक्ष हेमलता पठानिया ने इस बात पर हैरानी व्यक्ति की कि दिव्यांगों को एक वर्ष पहले कृत्रिम अंग लगाने के लिए एक संस्था द्वारा शिविर लगाया गया था। जांच शिविर में लगभग 500 दिव्यांग शामिल हुए थे।

इस दौरान कृत्रिम अंग शीघ्र उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि कृत्रिम अंग अब तक नहीं मिल पाए हैं। शनिवार को संस्था की मासिक बैठक के बाद उन्होंने प्रदेश में दिव्यांगों को पेंशन के रूप में 5000 रुपये देने की मांग की। उन्होंने उपायुक्त अपूर्व देवगन से आग्रह किया कि सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिव्यांगों के कार्य फोन पर निपटाने की सुविधाएं प्रदान की जाए। उनका मानना है कि वे कार्यालयों के बार-बार नहीं आ सकते। उन्होंने दिव्यांगों के घर के बाहर स्ट्रीट लाइट्स लगाने मांग उठाई।

**कृत्रिम अंग शीघ्र मुहैया करवाने की उठाई मांग**

उन्होंने सुझाव दिया कि तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम जो पड्डल मैदान में आयोजित होगा में जिला के सभी तहसील कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाए और यह कार्यक्रम जिला में एक साथ व एक जगह मनाया जाए।

### आज लगेगा एंटी टीबी जागरूकता शिविर

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में रविवार को एंटी टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक रोहंडा डॉ. अविनाश ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी स्वास्थ्य विभाग के मुख्य अधिकारी एवं सुंदरनगर ड्रग हेड क्वार्टर सुंदरनगर के ड्रग इंस्पेक्टर रीना चौहान सहित विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।

केमिस्ट ड्रजिस्ट एसो. सुंदरनगर के सभी दवाई विक्रेता होलसेल रिटेल इस मीटिंग में अवश्य भाग लेंगे। यह कैंप सुंदरनगर के बीडीओ के सभागार जवाहर पार्क के नजदीक में किया जा रहा है।

# सरकाघाट लघु सचिवालय की लिफ्ट फिर बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



लघु सचिवालय सरकाघाट की लिफ्ट अब फिर बंद हो गई है, जिससे कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों बुजुर्गों तथा अन्य जनता को हर रोज़ परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

हिमाचल दिव्यांग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति ने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से उपायुक्त मंडी को इस मामले को लेकर ज्ञापन भेजा और इस लिफ्ट को तुरंत शुरू करने की मांग की हैं। कंपनी ने इस लिफ्ट को ठीक करने के 6 लाख के करीब पैसे लिए है, लेकिन अब वो इस लिफ्ट को इसलिए नहीं चला रहे हैं, क्यूंकि लिफ्ट की एएमसी नहीं हुई है, और इसके लिए कंपनी अतिरिक्त तकरीबन 1 लाख रुपए मांग रही हैं।

गौरव है की सरकाघाट स्थित इस पांच मंजिला मिनी सचिवालय की लिस्ट अब तक दर्जनों बार खराब हो चुकी है अधिकतर कार्यालय टॉप फ्लोर में होने के कारण विकलांग बुजुर्गों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शिक्षक कुलदीप को किया सम्मानित

**जोगिंद्रनगर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। 30 नवम्बर को सेवानिवृत होने वाले शिक्षक कुलदीप सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजन और वन्देमातरम से हुई, उसके बाद समाजसेवियों ने एकता गीत प्रस्तुत किया।

प्रधानाचार्य टेक चंद सकलानी ने मुख्य अतिथि को समृद्धि चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समाजसेवी छात्र रोहन ठाकुर ने शिविर के दौरान किए गए अनुभव साझा किए। छात्रों ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया ।

# कविता पाठ प्रतियोगिता में अंकित प्रथम

**विनोद, नेरचौक**



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रशिक्ष व अन्य।

अभिलाषी शिक्षण संस्थान नेरचौक में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएड तथा डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापकों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को प्रोत्साहन देना तथा छात्रों में उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना है।

प्रतियोगिता के अंत में अभिलाषी शिक्षण महाविद्यालय की उप प्रधानाचार्य सपना गोयल ने हिंदी भाषा के सही उच्चारण तथा कविता पाठ के द्वारा अपने मनोभावों को प्रस्तुत करने के लिए छात्रों को अभिप्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में अंकित प्रथम, द्वितीय तुषाली और मिलन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के अंत में छात्रों को प्रशंसा पत्र वितरित किए गए।

# एफपीओ ने शुरू की मोबाइल मार्केटिंग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



मोबाइल मार्केटींग के दौरान गणमान्य।

एफपीओ धर्मपुर ने अनपे व अन्य अन्य एफपीओ के उत्पादों की बिक्री मोबाइल गाड़ी से शुरू कर दी है। जिसके चलते अब उपभोक्ताओं को उनके घर द्वार पर स्थानीय व विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध होंगे, इसके अलावा एफपीओ ने प्रमुख जगहों पर बिक्री केंद्र भी स्थापित करने का काम शुरू किया, जिनमें धर्मपुर खंड के अलावा सरकाघाट, मंडी, शिमला, चमाकड़ी-दाड़लाघाट इत्यादि जगहों पर सेल सेंटर स्थापित किए हैं। यही नहीं एफपीओ पूसा हॉट दिल्ली में भी अपना सेल्ज काउंटर स्थापित करने जा रहा है।

एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह, कार्यकारी महासचिव कुलदीप व रजनी सकलानी व निर्मला ने बताया कि एफपीओ ने मॉर्केटिंग के लिए पंकज बिष्ट, रोहित गुलेरिया व तारा चंद की इसके लिए मॉर्केटिंग टीम गठित की है।

### पेड़ से गिरा व्यक्ति, मौत

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम रखोह के गांव जंधरुकला (बंगवारी) के 69 वर्षीय जगदीश चंद भारद्वाज की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जगदीश चंद अपने खेत में पशुओं के लिए घास काटने गए थे।

पेड़ पर चढ़कर घास काटते समय टहनी टूटने के कारण वह नीचे गिर गए। उनके छोटे भाई मिलखी राम ने बताया कि गिरने के बाद जगदीश चंद बेहोश हो गए थे और उनकी नाक से खून बह रहा था जिन्हें सिविल अस्पताल सरकाघाट ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के वास्तविक निर्माता : ललित

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक चित्र में मुख्यातिथि, आयोजक व विद्यार्थी।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग द्वारा भारत के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने की।

संगोष्ठी संयोजक डॉ. राकेश ने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को याद करना और उनके द्वारा स्वतंत्र भारत के निर्माण में निभाई गई भूमिका को समझना है। इस मौके पर ललित कुमार ने इतिहास सोसायटी को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सरदार पटेल न केवल एक राजनेता थे बल्कि वे भारत के वास्तविक निर्माता थे। मुख्यातिथि द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृतिचिंह भेंट कर पुरस्कृत किया। राजेश कुमार ने सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने व उनके जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश ने बताया वाद-विवाद प्रतियोगिता में कैलाश व देवेंदर प्रथम, स्मृति व गौरव दूसरे व विक्रांत व आकृति तीसरे स्थान पर रहे।

**सम्मान** | हृदयवासी सेवा समिति ने करवाया वार्षिक समारोह, उल्लेखनीय कार्यों पर दिया सम्मान

# मंडी में दस हस्तियों को हृदयवासी सेवा सम्मान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

शहर की हृदयवासी सेवा समिति ने अपने वार्षिक समारोह पर आयोजित गरिमामयी समारोह में मंडी की दस हस्तियों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया।

बता दें कि श्री सत्य साईं बाबा के जन्मोत्सव पर हृदयवासी सेवा समिति द्वारा हर वर्ष उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मान प्रदान किए जाते हैं। इसी क्रम में शनिवार को हुए सालाना समारोह में कथा वाचक पंडित योगेश शर्मा, कथा वाचक पंडित पंकज शर्मा, कारगिल हीरो ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर,



हृदयवासी सेवा समिति द्वारा सम्मानित की गई हस्तियां।

समाजसेवी हरमीत सिंह बिट्ठू, सर्जन एवं नेरचौक मेडिकल कॉलेज में विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. परीक्षित मल्होत्रा, साहित्यकार मुरारी शर्मा व सत्यमहेश शर्मा, मुनीष सूद, मंडयाली धाम के विशेषज्ञ तारा बोटी व मंडयाली बोली में मंडी के साहित्य को नई पहचान देने वाले विनोद बहल को सम्मानित किया गया। मुख्य व विशेष मेहमान रहे स्वामी सोहम मुनी उदासीन, मंडी नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, इंटेक के संयोजक नरेश मल्होत्रा, संस्था के अध्यक्ष सुरेश बिष्ट, ओपी मल्होत्रा, टीएल वैद्य, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कृष्णा टंडन व अन्य विशेष अतिथियों ने इन हस्तियों को फूलमाला, नारियल, शॉल, स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कमल वैद्य को उनकी सेवाओं के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया गया, जबकि यूथ विंग के युक्तेश्वर बिष्ट, खानसामा लेखू भाई, सेवा के लिए नकुल को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

लीला, अंजना मल्होत्रा व धर्मा को भी सम्मानित किया गया। शिवांश व देवांश को बाल्यकाल में ही ऐसी सेवाओं से जुड़ने के लिए मेडल प्रदान किए गए। इस मौके पर हृदयवासी सेवा समिति के कोषाध्यक्ष कमल वैद्य भी उपस्थित रहे।

# निशा कुमारी बनी अखिल भारतीय पंजीकृत नर्स संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष

**विनोद जसवाल, नेरचौक**



अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज में उप प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत निशा कुमारी को अखिल भारतीय पंजीकृत नर्स संघ द्वारा हिमाचल प्रदेश की राज्य उपाध्यक्ष के रूप में निशा को नियुक्त किया गया है। निशा को नर्सिंग पेशे में उनके असाधारण योगदान के लिए यह पद दिया गया है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज गुप्ता द्वारा यह घोषणा की गई है।

अखिल भारतीय पंजीकृत नर्स संघ एक राष्ट्रीय संगठन है जो पूरे भारत में पंजीकृत नर्सों के कल्याण और हितों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह नर्सों को नेटवर्क बनाने, ज्ञान साझा करने और अपने अधिकारों की वकालत करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

महासंघ ने नर्सों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके पेशेवर विकास का समर्थन करने वाली नीतियों की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अभिलाषी शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी व अन्य प्रबंधन द्वारा निशा कुमारी को शुभकामनाएं लड़कर कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है।(अनंत ज्ञान)

### विद्युत उपभोक्ता ई-केवाईसी में करें सहयोग

**मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने बताया कि उपमंडल के तहत आने वाले सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की आधार ई-केवाईसी करवाने की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए विद्युत बोर्ड के कर्मचारी पंचायत मुख्यालय में आकर इस कार्य को पूरा करेंगे।

इसके लिए विद्युत उपभोक्ता को आधार नंबर और बिजली का बिल लाना जरूरी है। इस संदर्भ में क्षेत्र के सभी पंचायत प्रधानों को ई-केवाईसी की समय सारणी जारी कर दी गई है। उपभोक्ता पंचायत के प्रधान से ई-केवाईसी की तिथि बारे जानकारी हासिल कर लें तथा पंचायत मुख्यालय में आकर प्रक्रिया को पूरा करने में सहयोग करें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, भुवेशवरी** पत्नी केहर सिंह निवासी गांव व डाकघर घाट, तहसील बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.) ब्यान करती हूं कि मेरे लड़के ऐरावत व तीनों पुत्रियों किरणा ठाकुर, सारिका, निना कुमारी के जन्म प्रमाण पत्रों के रिकार्ड में माता का नाम भुवेशवरी (Bhuveshwari) के बजाए घरेलू नाम दर्ज है। जोकि गलत है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र ऐरावत व तीनों पुत्रियों किरणा ठाकुर, सारिका, निना कुमारी के जन्म प्रमाण पत्रों में मेरा सही नाम भुवेशवरी (Bhuveshwari) दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल से प्रतियोगिता के लिए पुनीत रवाना



**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** शिवालिक हिल पब्लिक स्कूल अंब का विद्यार्थी पुनीत संदल, जिसका चयन राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शनिवार को स्कूल से पुनीत को विदाई दी गई। शिवालिक हिल पब्लिक स्कूल अंब के विद्यार्थी पुनीत संदल पुत्र सुरजीत सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अंडर-14 में हुआ था, जिसे शनिवार को स्कूल में प्रधानाचार्य सुषमा द्वारा व स्कूल प्रबंधक अनिल परमार व अन्य स्कूल स्टाफ द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्कूल से विदाई दी। उक्त विद्यार्थी 24 से 5 तक दिल्ली में राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेगा। (अनंत ज्ञान)

### एप्पल ग्रुप में कक्षा तीसरी की रिद्धिका प्रथम



**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों के मानसिक विकास और गणितीय कौशल को बढ़ावा देने के लिए कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए अबेकस प्रतियोगिता तथा कक्षा पांचवी से दसवीं तक के छात्रों के लिए पर्यावरण और विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना था। अबेकस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में गणना कौशल, एकाग्रता और त्वरित सोच को प्रोत्साहित करना था। स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से रोहन सिंहा गौड़ प्रथम, नित्या धीमान, गीतांशी शर्मा द्वितीय तथा जपनूर सैनी, दलराज तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से रूही रहल प्रथम, रिद्धि, कृषिका द्वितीय तथा अभिनव, आयुष और रिद्धिका सैनी तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप में (कक्षा तीसरी) से रिद्धिका प्रथम, समृद्धि शर्मा द्वितीय तथा तनवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से प्राक्षी राणा प्रथम, मन्नत परमार द्वितीय तथा अर्शदीप कौशल तृतीय स्थान पर रहे। ऑरेंज ग्रुप में%इलेक्ट्रा एलीट टीम से काशवी पराशर, हेजल, समर्थय, इशिका राणा तथा सक्षम राणा प्रथम स्थान पर रहे। एटम एडमायर टीम से दीक्षिता ठाकुर, गुंजन, ध्रुव मदान, रान्या शर्मा, अर्णव राणा तथा दक्ष द्वितीय स्थान पर रहे। इनोवेटर्स टीम से सानिया, रुद्र कालरा, सतिंदर चौधरी, जय कौशल, विहान तथा शौर्य ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप में हाइड्रोजन टीम से गुरलीन, दिव्यम, सुहाना तथा अर्णव जसवाल प्रथम स्थान पर रहे। ऑक्सीजन टीम से सुहाना पांडा, वामन ,मनराज तथा अर्शिया द्वितीय स्थान पर रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं शैक्षिक विकास के साथ-साथ छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी मदद करती है।

### युवा महोत्सव एवं साइंस मेला 6 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** नेहरु युवा केंद्र ऊना द्वारा 6 दिसंबर को शिक्षा भारती बीएड कॉलेज समूर कलां में जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं साइंस मेला आयोजित किया जा रहा है। यह बात उपायुक्त जतिन लाल ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं साइंस मेले के संबंध में आयोजित हुई बैठक के दौरान कही। उन्होंने युवा महोत्सव एवं साइंस मेले के सफल आयोजन और जिला भर से युवाओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी को भरसक प्रयास करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपने पंजीकरण के लिए एनवाईके ऊना कार्यालय (रोटरी स्ट्रीट ऊना) में 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। केवल ऊना जिले के स्थायी निवासी ही कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी की आयु 15 साल से लेकर 29 साल तक होनी चाहिए। युवा उत्सव से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र ऊना के कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 01975223129 पर संपर्क किया जा सकता है।

# उत्तराखंड के अकाउंट में एक साल में हुई 'डेढ़ करोड़' की ट्रांजेक्शन

- मामला पूर्व विधायक चैतन्य व उनके साथियों पर लोक निर्माण विभाग में काम दिलवाने की एवज में आठ लाख ऐंठने के आरोप का

**अनंत ज्ञान, गगरेट**




पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा व उनके दो सहयोगियों पर काम के बदले पैसे लेने के आरोप लगाकर सुरेंद्र सिंह भोला द्वारा दर्ज करवाए गए मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने बैंक प्रबंधन से उस अकाउंट की सारी जानकारी मांग ली है, जिसमें सुरेंद्र सिंह भोला द्वारा मांग के अनुरूप छह लाख रुपए जमा करवाने का दावा किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उत्तराखंड के उस अकाउंट में एक साल में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की ट्रांजेक्शन हुई है। एक साल में इतना पैसा उस अकाउंट में कैसे और क्यों आया यह भी जांच का विषय है।

सरकारी ठेकेदार सुरेंद्र सिंह भोला द्वारा पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा व उनके दो सहयोगियों पर लोक निर्माण विभाग में काम दिलवाने की एवज में आठ लाख रुपए ऐंठने के आरोप लगाकर दर्ज करवाए गए मामले में सियासत भी गर्म हो गई है। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने उन्हें बदनाम करने के लिए इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए जहां सुरेंद्र सिंह भोला के विरुद्ध आपराधिक मानहानि का मुकद्दमा दायर किया है तो वहीं पुलिस ने भी इस प्रकरण में अपनी जांच को गति दे दी है। पुलिस द्वारा इस प्रकरण में बैंक प्रबंधन से संबंदित अकाउंट की सारी जानकारी मांगी है। ताकि यह पता लग सके कि उक्त अकाउंट किसके नाम से है और उसमें ही ये ट्रांजेक्शन क्यों हुई। पुलिस द्वारा उस अकाउंट की निकाली गई ट्रांजेक्शन हिस्ट्री से खुलासा हुआ है कि पहली फरवरी वर्ष 2024 को उक्त अकाउंट में छह लाख रुपए जमा हुए थे। इसके कुछ दिन बाद ही इसी अकाउंट में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा चार लाख रुपए डाले गए थे। ट्रांजेक्शन हिस्ट्री देखकर पुलिस भी दंग है क्योंकि उक्त अकाउंट में एक साल के भीतर करीब डेढ़ करोड़ रुपए की ट्रांजेक्शन हुई है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

अब पुलिस उक्त अकाउंट होल्डर के पास पहुंचने के लिए इस अकाउंट का सारा रिकार्ड मंगवा रही है। ताकि उक्त अकाउंट होल्डर को भी जांच में शामिल कर पूछताछ की जा सके। सुरेंद्र सिंह भोला द्वारा दर्ज करवाए गए इस मामले ने गगरेट क्षेत्र में राजनीतिक गलियारों को एक बार फिर से गर्म कर दिया है।

उधर एएसपी संजीव भाटिया का कहना है कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# समोसे के नाम से फेमस किया हिमाचल : चैतन्य

- भाजपा नेता ने करवाया मानहानि का मुकदमा दर्ज

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**



गगरेट से भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने चलेट स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता करते हुए सतारूढ़ सरकार पर तीखे प्रहार किए।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर झूठी गारंटियां देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल है। चैतन्य शर्मा ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर पलटवार करते हुए सुरेंद्र कुमार पर भारती नागरिक सुरक्षा एक्ट के सेक्शन 356 के तहत आपराधिक मानहानि का मुकदमा करने के दस्तावेज मीडिया के सामने रखे। उन्होंने सुरेंद्र सिंह पर मामला दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि पुलिस को उनके खिलाफ खुद मामला दर्ज करना चाहिए था। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने रिश्वत दी है और कानून के हिसाब से रिश्वत देने वाला भी उतना ही बड़ा अपराधी होता है, जितना कि लेने वाला, साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सुरेंद्र सिंह के साथ उनकी मुलाकात नहीं हुई थी और न ही उन्होंने सुरेंद्र सिंह से कोई रिश्वत ली है। यह आपराधिक मानहानि का मामला है, जो कि केवल मेरी छवि को बिगाड़ने के लिए किया जा रहा है। चैतन्य शर्मा ने कहा कि गगरेट में उनके कार्यकाल के बाद कोई विकास कार्य नहीं हुए और उन स्कीमों के ही शिलान्यास किए जा रहे हैं, जो कि उनके द्वारा लाई गई थी। उन्होंने सत्तारूढ़ सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार ने विभिन विभागों से 2 लाख नौकरियों को खत्म कर दिया है, जिस कारण बेरोजगारी दर बढ़ रहा है। उन्होंने गगरेट के सिविल अस्पताल, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल व इथेनॉल प्लांट की स्थिति पर सत्तारूढ़ सरकार पर तीखे प्रहार किए। चैतन्य शर्मा ने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को समोसे के नाम से और टॉयलेट टैक्स के नाम से जाना जा रहा है, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र में पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व से मिली प्रचंड जीत: भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन को प्रचंड जीत मिलने पर कहा कि आज कांग्रेस और उसके गठबंधन में जितनी भी राजनीतिक पार्टियां हैं, वह लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। जिस प्रकार देश के राज्यों में विधान सभा चुनावी परिणाम आ रहे हैं। उसमें अधिकतर भाजपा की सरकार बन रही है या फिर क्षेत्रीय दल सरकार बना रहे है।

भुट्टो ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री भी महाराष्ट्र में हिमाचल की दस गारंटियों को लेकर गए थे, लेकिन महाराष्ट्र की समझदार जनता ने कांग्रेस की गारंटियों को खटाखट खत्म करते हुए भाजपा गठबंधन को प्रचंड जीत दिलाई। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत है। भुट्टो ने कहा कि हिमाचल की सुक्खू यानी कांग्रेस सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में कभी शौचालय टैक्स, कभी समोसे की जांच, सरकारी कर्मचारियों को सैलरी के लाले, पेंशन भोगियों को पेंशन नहीं मिल रही है। राज्य में त्राहि त्राहि मची हुई है।

देश के राष्ट्रीय न्यूज चैनल हिमाचल सरकार के दो वर्ष के विफल कार्यकाल पर डिबेट कर रहे हैं। दिल्ली में हिमाचल भवन कुर्क होने की कगार पर पहुंच गया है। राज्य के पर्यटक होटल बंद होने जा रहे हैं। दो वर्षों में एक भी यूवा को नौकरी नहीं मिल पाई है। (अनंत ज्ञान)

# जनता की आवाज समीक्षा बैठक में रखी जाएगी: बलबीर

**अनंत ज्ञान, अंब।** पूर्व विधायक व वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने जिला स्तरीय दिशा कमेटी के अध्यक्ष सांसद अनुराग ठाकुर व डीसी ऊना जतिन लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिले के विकास कार्य के लिए केंद्र सरकार से अलग-अलग विभागों के लिए जो धनराशि एकत्रित होती है, उसके अनुसार जो विलंबित कार्य हैं उनको गति देने के लिए जनता की आवाज समीक्षा बैठक में रखी जाएगी।

इसके अतिरिक्त इस धनराशि को खर्च करने में जो कमी आ रही है, उसको भी दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। जनता की आवाज जिला प्रशासन के समक्ष रख कर निवारण करने का प्रयास करेंगे। दिशा समिति जिला स्तर पर विकास की निगरानी व समन्वय के लिए गठित एक सरकारी समिति है, जिसका मकसद जिले में विकास को कुशलता से और समय पर पूरा करना है।

## छात्रों का विरोध-प्रदर्शन



ऊना। आईटीआई से सत्र के बीच तीन ट्रेड गगरेट स्थानांतरित करने पर छात्रों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। शनिवार को छात्र कुछ संगठनों के बैनर तले डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उनका कहना है कि बीच सत्र के ट्रेड शिफ्ट करने से कई निर्धन छात्र इतनी दूर पढ़ाई के लिए भाड़े का खर्च नहीं कर सकते हैं। कुछ पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हैं।

# लठियानी में एनएसएस शिविर शुरू

**विनोद शर्मा, लठियानी**




राजेंद्र कौशल को सम्मानित करते अध्यापक और कार्यक्रम अधिकारी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियाणी में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ शिक्षा उपनिदेशक ऊना राजेंद्र कौशल ने किया।

यह शिविर 23 नवंबर से शुरू होकर 29 नवंबर तक चलेगा, जिसमें विद्यालय के 50 के करीब छात्र एवं छात्राएं से भाग ले रहे हैं। एनएसएस प्रभारी रवि कुमार एवं सविता देवी के नेतृत्व में बच्चे 7 दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों मे भाग लेकर पूर्ण विकास की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यातिथि महोदय ने अपने संबोधन में बच्चों को अनुशासन में रहकर सभी प्रकार के गतिविधियों में बढ़-चढ़कर कर भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय प्रमुख प्रधानाचार्य राजकुमार धीमान ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए प्रोगाम अधिकारी के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर हरविंदर एचपीएस एल ए जिला प्रधान देवेंद्र बेली, शशि पाल, सुरेश कुमार कुमार, कुलदीप कुमार, संजीव कुमार, मनोज कुमार, नरेश कुमार, शशि पाल, मेहर सिंह, संदीप कुमार, ज्योत्सना व अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# बढेडा में छात्रों को नशे के अवगुणों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बढेडा में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन पूर्व प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को नशा क्या है कौन-कौन सी चीज नशे के तहत आती है किशोरावस्था और युवा अवस्था में किस प्रकार बच्चा नशे की चपेट मैं आ जाता है, 14 वर्ष से 16 वर्ष तक की आयु वाला बच्चा अपरिपक्व होता है और वह नशेड़ियों की बातों में आकर इसमें लिप्त हो जाता है, जिससे वह चाहते हुए भी फिर नहीं छोड़ पाता।



नशे के दुष्टप्रभवों के संबंध में बताया कि सबसे पहले नशा हमारी शवसन प्रणाली पर हमला करता है, उसके उपरांत हार्ट बीट बढ़ जाती है। हाथ पैर कांपने लगते हैं। लीवर डैमेज हो जाता है। अंतड़ियों में क्रैक आने की वजह से हर वक्त बुखार रहता है।

भूख नहीं लगती और नशा करने वाला सूख जाता है तथा अपनी मौत का इंतजार करता रहता है। अब इस नशे की लत से छुटकारा कैसे पा सकते हैं, उसके लिए सबसे पहले हमें अपनी संगत बदलनी होगी।

# नशा मुक्त अभियान का संदेश रथ अंब में पहुंचा

**विवेक शर्मा, अंब**



रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए एसडीएम अंब सचिन शर्मा।

ब्रह्म कुमारीज द्वारा अंब स्थित अपने सेवा केंद्र से अंब उपमंडल में नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान भारत सरकार के समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा ब्रह्म कुमारीज के संयुक्त तत्वावधान में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 372 जिलों में लांच किया गया है। नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पूरे देश में रथ यात्राओं का आयोजन ब्रह्म कुमारीज मुख्यालय माऊंट आबू द्वारा किया गया है।

शनिवार को इस संदेश रथ को अंब के एसडीएम सचिन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इश अवसर पर ब्रह्म कुमारीज की जिला प्रभारी आशा, अंब केंद्र की प्रभारी रीतू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।। इससे पूर्व एसडीएम को ब्रह्म कुमारीज द्वारा सम्मानित किया गया। इस संदेश रथ पर कुंभकर्ण की झांकी को दर्शाया गया है, जो कि अज्ञानता की निद्रा से जगाने का संदेश देकर पवित्र जीवन बनाने में सद्गुणों को अपनाने का संदेश दिया है। रथ पर टीवी की बड़ी स्क्रीन द्वारा ज्ञानप्रद वीडियो क्लिप दिखाकर नशे के कुप्रभावों व नशे से दूर रहने के उपाये दर्शाए गए हैं। यह रथ यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति का संदेश देकर आध्यात्मिक शक्ति व राजयोग मेडिटेशन से इससे छुटकारा पाने की कारगर विधि अपनाने के लिए प्रेतित करेगी। संदेश रथ के संचालक बीके राजपाल व बीके कर्णवीर संचालित कर रहे हैं। डॉ. किरण ने इस अवसर पर कहा कि भारत सरकार ने जब यह आकलन किया कि सरकारी प्रयासों से देश को नशा मुक्त बनाने में प्रभावी असर नहीं हो रहा है, तो ब्रह्म कुमारीज को यह उतरदायित्व बड़े विश्वास से सौपा है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मकुमारीज के मेडिकल विंग ने देश के 1021 व्यक्तियों पर व्यसन मुक्त होने का अध्ययन राजयोग मेडिटेशन के आधार पर किया है, जिसमें 65 प्रतिशत लोगों ने एक मास व 85 प्रतिशत लोगों ने एक वर्ष में नशे से मुक्ति प्राप्त करने में सफल हुए हैं, जबकि एक प्रतिशत लोग नशे की आदत को छोड़ नहीं पाए। (अनंत ज्ञान)

# नवोदय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया स्कीम के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के 33 छात्र एवं छात्राओं ने अपने अध्यापकों भावना एवं सुनील कुमार के नेतृत्व ने टाहलीवाल में आधुनकि मशीनों से सुसज्जित हिंपा फूड्स प्रोसेसिंग यूनिट का भ्रमण किया।

इस यूनिट के फूड टेक्नोलॉजिस्ट रोहित वर्मा ने बच्चों को यूनिट के प्रोसेसिंग प्रक्रिया के बारे में बताया और। बच्चों द्वारा यूनिट से संबंधित पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर पूर्ण उत्पादन प्रक्रिया, पैकिंग एवं विक्रय क्रिया का ज्ञान दिया। बच्चों को यूनिट में उत्पादित जूस और मुरब्बा खाने को वितरित किया।

भ्रमण के बाद बच्चों ने यूनिट में अपने ज्ञान प्राप्ति भ्रमण को अत्यंत सराहनीय अनुभव बताया। टीम के साथ आए सुनील कुमार एवं भावना ने रोहित वर्मा द्वारा बच्चों के साथ अपने अनुभवों और उत्पादन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से समझने के लिए उनकी प्रशंसा की एवं धन्यवाद दिया।

**आयोजन** विधायक चूल्हडी, थानाकलां और घनेत स्कूलों में वार्षिक समारोह में रहे मुख्यातिथि

# शिक्षा के सुधारीकरण पर खर्च हो रहे करोड़ों रुपए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा स्कूली छात्रों के साथ।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चूल्हडी, थानाकलां और घनेत के स्कूलों में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इन कार्यक्रमों में उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए शिक्षा और सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल दिया।

विधायक ने कहा कि शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में कई अहम फैसले लिए जा रहे हैं और राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों की धनराशि खर्च कर निजी स्कूलों की तरह छात्रों को सारी सुविधाएं प्रदान कर रही है। कुटलैहड़ में हर सरकारी स्कूल मॉडल बने व शिक्षा के साथ खेलकूद प्रतियोगियों को बढ़ावा मिले। अच्छे खेल मैदान स्कूलों में बने व हर स्कूल में छात्रों की संख्या बड़े। इस पर सभी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने के लिए हरसंभव संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। इस समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

### भविष्य की दिशा और विधायक का संदेश

विधायक ने विद्यार्थियों को सतत प्रयास और मेहनत का संदेश दिया। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र को शिक्षा का मॉडल बनाना लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कुटलैहड़ को शिक्षा क्षेत्र में कैसे ऊंचाई तक ले जाना है। इस पर स्कूल स्टाफ और अभिभावक स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में चर्चा करें। विधायक ने चुरड़ी स्कूल के भवन मरम्मत के लिए दस लाख, बाउंड्री बॉल के लिए पांच लाख, स्कूल के लिए दो कमरे, प्राइमरी स्कूल के लिए पार्क, थानाकला स्कूल के खेल मैदान के लिए दस लाख, भवन के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए पांच लाख, शौचालयों के लिए साढ़े चार लाख तीनों स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 5100, 5100 रुपए प्राइमरी बिंग के लिए 2100, 2100 रुपए देने की घोषणा की।

# विधायक सुदर्शन ने मेधावी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**हीना पठानिया, बड़ूही**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, अंबेहड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। प्रधानाचार्य अमन गर्ग ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे स्टूडेंट्स विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायक ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम के महत्व को समझाते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की पहल से स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार हो रहा है। विधायक ने 2 लाख रुपए कमरे की मरम्मत, 2 लाख शौचालय के लिए, साढ़े 4 लाख पेंट व पुट्टी के कार्य को दिए। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सीी दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविंद्र शर्मा एसएमसी कमेटी के प्रधान एवं उपप्रधान अंबेहड़ा सतीश कुमार सोनू, नायब तहसीलदार अश्वनी धीमान आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री 28 नवंबर को आनी के प्रवास पर

**आनी।** हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 28 नवंबर को आनी में होंगे। वे आनी के मेला मैदान में आयोजित होने वाले पीएमश्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी के अतिरिक्त हॉल भवन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चवाई के दो अतिरिक्त कक्षा भवन का शिलान्यास करेंगे। साथ ही आनी में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे।

### बंजार पुलिस ने जुआ खेलते धरे आठ लोग

**बंजार।** बंजार पंचायत में बंजार पुलिस की टीम द्वारा जुआ खेलते हुए 8 लोगों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार बंजार पुलिस द्वारा गश्त के दौरान शेगलू बाजार में कांगड़ा बैंक की बिल्डिंग की धरातल मंजिल के 2 कमरों के अंदर 8 लोग पैसों पर दांव लगाकर ताश खेलते हुए पाए गए, जिनके कब्जे से 52/52 ताश के पत्ते व 4300 रुपए भारतीय करंसी नोट बरामद हुए हैं, जिस पर 8 आरोपियों के खिलाफ अंडर सेक्शन 3, 4 के अंतर्गत पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा थाना बंजार में दर्ज किया गया है।



कुल्लू की लगघाटी के दुर्गम गांव तिउन में शनिवार रात को आगजनी की घटना पेश आई। इस घटना में पांच घर जलकर राख हो गए हैं और करोड़ों की संपत्ति जल गई है। इस गांव तक सड़क सुविधा नहीं है, जिस कारण अग्निशमन विभाग का वाहन यहां तक नहीं पहुंच पाया। हालांकि ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। उधर, ग्रामीण रात भर आग बुझाने में जुटे रहे।

### रैंकिंग के लिए कुकुमसेरी कॉलेज का किया निरीक्षण



**कुल्लू।** उच्चतर शिक्षा विभाग को ओर से गठित पांच सदस्यीय टीम ने राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी का दौरा किया और वार्षिक रैंकिंग (सार) के लिए निरीक्षण किया। राजकीय महाविद्यालय बासा के प्राचार्य डॉ. पूर्ण चंद्र चौहान की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम कुकुमसेरी कॉलेज पहुंची और रैंकिंग के लिए निर्धारित सात बिंदुओं के अंतर्गत दस्तावेजों का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। साथ ही साथ कॉलेज का भौतिक निरीक्षण किया और प्रबंधन की तारीफ की। टीम में पनारसा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उरसेम लता उपाध्यक्ष, मंडी कॉलेज से डॉ. हरीश चौहान, बासा कॉलेज से डॉ. दिलीप कुमार और डॉ. विकास शामिल रहे। कुकुमसेरी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनिता कुमारी ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से गठित टीम ने सभी 7 एसएआर बिंदुओं पर दस्तावेजों का निरीक्षण और मूल्यांकन किया और कहा कि हमें अच्छी ग्रेडिंग मिलने की आशा है। इस अवसर पर कुकुमसेरी कॉलेज से आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ. रत्नेश त्रिपाठी, डॉ. अक्षय कुमार, सुरिंदर सिंह, मनोज कुमार, सतपाल सिंह, माया देवी, सालिक राम, गणेश कुमार आदि उपस्थित रहे और सभी ने अपने निर्धारित बिंदुओं पर टीम से समस्त जानकारी और दस्तावेज साझा किए।

### जनजातीय भत्ता व विंटर अलाउंस में की जाए वृद्धि



**केलांग।** गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की बैठक केलांग में आयोजित हुई। इस बैठक में गैर-शिक्षक कर्मचारी महासंघ एवं अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारी हितों से जुड़े कई महत्पूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। गैर-शिक्षक कर्मचारी महासंघ के जिला महासचिव प्रमोद कुमार ने बैठक में उपस्थित मुख्यातिथि त्रिलोक ठाकुर, प्रदेश महासचिव मनीश गुलेरिया, राजीव चौहान, रविंद्र मेहता का टोपी और खतक पहनाकर जनजातीय परंपरा अनुसार स्वागत व अभिनन्दन किया। प्रमोद ने कर्मचारियों की समस्याओं के बारे विचार करने और उनके समाधान के प्रति गंभीरता दिखने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। गैर-शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष मुकेश ने ठंड के मौसम में लाहौल आने पर पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी का जिला संगठन की ओर से आभार व्यक्त किया। बैठक में मुकेश ने शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में अधीक्षक वर्ग द्वितीय, कार्यालय खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी से स्थानांतरित करने बारे, जनजातीय क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को जनजातीय भत्ता व सर्दियों में मिलने वाली विंटर अलाउंस को बढ़ाने व आउटसोर्स में तैनात कर्मचारियों को भी नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर वित्तीय सुविधाएं देने की मांग को प्रमुखता से उठाया।

# रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, झूमे पर्यटक



अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर सीजन की पहली बर्फबारी के बाद का मनोरम दृश्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रे सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजुम दर्रे ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है।

मनाली सहित लाहौल घाटी में हल्की बारिश हुई है, जिससे हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। पर्यटन नगरी मनाली में सुबह धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद घाटी में बादल छा गए। बादल छाते ही रोहतांग दर्रे में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। हालांकि हिमपात अधिक नहीं हुआ, लेकिन पर्यटकों ने कुछ देर बर्फ के फाहों का खूब आनंद लिया। दो बजे के बाद रोहतांग दर्रे सहित राहनीनाला, मढ़ी, धुंधी जोत, पतालसू जोत, इंद्र किला, लदाखी पीक, सेवन सिस्टर पीक, हनुमान टिब्बा मकरबे व शिकरबे की पहाड़ियों, भृगु व दशौहर की पहाड़ियों ने भी बर्फ की हल्की चादर ओढ़ी। रोहतांग के उस पार लाहौल में बारालाचा दर्रे सहित जिंगजिंगबार, दारचा की पहाड़ियों, मयाड़ घाटी, घेपन पीक, लेड़ी ऑफ केलांग, कुंजुम जोत, दारचा की पहाड़ियों, शिला पीक, बढ़ा व छोटा शिंगरी ग्लेशियर व नील कंठ जोत सहित समस्त ऊंची चोटियों में हल्की बर्फबारी का क्रम शरू हो गया है। हालांकि, सर्दी के मौसम की दस्तक के बाद लाहौल-स्पीति प्रशासन ने मनाली-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही के लिए समय-सारिणी निर्धारित की है। रोहतांग में बर्फ के फाहे गिरते ही पर्यटक खुशी से झूम उठे। इस साल नवंबर माह तक बर्फबारी न होने के कारण स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों व पर्यटन कारोबारियों के चेहरे मुरझा गए थे, लेकिन शनिवार को बर्फबारी शुरू होते ही सभी खुश हो गए और पर्यटक रोहतांग में बर्फ के बीच खूब नाचते झूमते हुए नजर आए। उधर, मनाली ग्रांफू काजा मार्ग बंद हो गया है, जबकि शनिवार को हल्की बर्फबारी के बीच शिंकुला व बारालाचा दर्रे में निर्धारित समय अनुसार सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। एसपी लाहौल-स्पीति ने बताया कि शिंकुला व बारालाचा दर्रों में वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। (अनंत ज्ञान)



लाहौल-स्पीति जिले में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने जिला अधिकारियों के साथ मिलकर सड़क की स्थिति, यातायात प्रबंधन और पर्यटकों की सुरक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का भी हौसला बढ़ाया। डीसी ने जिले का दौरा करने की योजना बना रहे लोगों से दैनिक रूप से डीडीएमए के दिशा-निर्देश चेक करने की अपील की है।



### मारपीट की क्रॉस एफआईआर दर्ज

**आनी।** पुलिस थाना आनी में दो लोगों के बीच मारपीट की क्रॉस एफआईआर दर्ज हुई है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि देवी सिंह पुत्र दूधी सिंह निवासी नगौट, डाकघर कमांद ने पुलिस थाना आनी में इसी गांव के प्रताप सिंह पुत्र जैहर लाल के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता देवी सिंह के अनुसार प्रताप सिंह ने उसके आंगन में आकर गाली-गलौच की, जान से मारने की धमकी दी, मारपीट की ओर उसके मुंह पर जोरदार मुक्का मारा, जिससे उसका दांत टूट गया और दो दांत हिल गए। देवी सिंह की शिकायत पर पुलिस ने प्रताप सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 332(सी), 115(2), 351(2), 352 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, प्रताप सिंह ने भी देवी सिंह के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई है। प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि देवी सिंह ने उसका रास्ता रोककर मारपीट करने और मारने के लिए ईंट फेंकने की एफआईआर दर्ज की है। प्रताप सिंह का कहना है कि उसकी माता के बीच बचाव करने के बाद देवी सिंह से उसकी जान बची है। पुलिस ने प्रताप सिंह की शिकायत पर देवी सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## पंजीकृत सभी ऑपरेटर्स विभाग के दिए गए काउंटर नंबर लगाएं : रमेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन की बैठक बबेली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कुल्लू रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर उर्फ गोगी ने की। उन्होंने कहा कि बैठक में राफ्टिंग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।



विभाग की ओर से रायसन से लेकर पिरडी तक रिवर राफ्टिंग साइट में अधिकतर पंजीकृत ऑपरेटर्स को काउंटर नंबर दिए गए हैं, लेकिन कुछ ऑपरेटर्स ने अभी नंबर नहीं लिए हैं और उन्होंने पुराने ही नंबर लगाए हैं, जबकि कुछ ऑपरेटर्स ने दो अलग-अलग नंबर लगाए हैं। बैठक में सभी सदस्यों ने उन सभी ऑपरेटर्स से भी जल्द काउंटर नंबर लेने का आग्रह किया है। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने विभाग से मांग की है कि जो लोग रोड साइड राफ्टिंग काउंटर खोल के बैठे हैं और उनके ऑफिस नहीं हैं उन पर कार्रवाई की जाए क्योंकि जब कोई राफ्टिंग चलाने का लाइसेंस बनाता है, उसे ऑफिस दर्शाना पड़ता है, लेकिन कुछ लोग लोग रायसन से लेकर पिरडी तक सड़क किनारे बैठे हैं, जो कि सही नहीं है। उन्होंने विभाग से सड़क किनारे बैठे ऐसे लोगों के साइन बोर्ड को उठाने की मांग की है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी रोड किनारे से बोर्ड हटाएं और विभाग से नंबर लेकर अपने कार्यालय में बैठकर बुकिंग लें।

## बिजली सब्सिडी के लिए 3 तक करवाएं ई-केवाईसी

**कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल नंबर-1 कुल्लू ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही बिजली सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी 25 से 3 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक संबंधित स्थानों पर की जा रही है।

सब-स्टेशन अखाड़ा के अंतर्गत इनर अखाड़ा, आउटर अखाड़ा, ब्यासामोड़ और रामशीला, सरबरी सब-स्टेशन के अंतर्गत सरबरी, सुल्तानपुर, लोरन और मठ, स्टेशन ढालपुर के अंतर्गत ढालपुर, चामुंडानगर, लंका बेकर और हनुमानीबाग, सब-स्टेशन गांधीनगर के अंतर्गत गांधीनगर, शास्त्रीनगर और अपरबदाह, सब स्टेशन पीरडी के अंतर्गत पीरडी, कोलीबेहड, दमशेहर लोअर बदाह, सब-स्टेशन दोहरानाला के अंतर्गत पंचायत खरीहार, शीलीराजगीरी, भूलंग और बाराहार आदि क्षेत्रों के निवासियों की 25 से 3 दिसंबर तक ई-केवाईसी की जाएगी। बिजली विभाग की तरफ से संबंधित सब स्टेशनों पर विभाग के कर्मचारी नौ दिनों तक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करेंगे। उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी के लिए अपने बिजली बिल के साथ आधार कार्ड या राशनकार्ड लेकर आना होगा, ताकि उपभोक्ताओं की सब्सिडी के लिए ई-केवाईसी की जा सके।

## प्रेस क्लब कुल्लू के जनरल हाउस में कई प्रस्ताव किए पारित



जिला मुख्यालय स्थित मल्टी पर्पज भवन में प्रेस क्लब कुल्लू के जनरल हाउस में मौजूद पत्रकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय स्थित मल्टी पर्पज भवन में जिला प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू का जनरल हाउस हुआ। जनरल हाउस में कई प्रस्ताव पारित हुए। सबसे पहले हाउस ने पास किया कि एआर व डीआई को-ऑपरेटिव सोसायटी ने जो प्रेस क्लब के खिलाफ जांच रिपोर्ट तैयार की है उसे खारिज किया जाए और प्रेस क्लब को स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाए।

इसके अलावा डीसी एवं उप रजिस्टार से मांग की गई कि प्रेस क्लब स्वतंत्र संस्था है, इसकी जांच जैसी स्थिति नहीं होनी चाहिए और जो भी जांच हुई है वह द्वेषपूर्ण भाव से तैयार की गई है और एसडीएम को प्रेस क्लब भंग करने की सिफारिश कर फर्जीबाड़ा शुरू किया गया। रिपोर्ट साजिशकर्ताओं से मिलकर बनाई गई है और सही जांच नहीं हुई है। रिपोर्ट में प्रेस क्लब के पत्रकार कल्याण कोष पर सवाल उठाए गए हैं कि उसमें अन्यमियतीता बरती गई हैं, जो निराधार हैं।

## ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे फेडरेशन कप में जीते कांस्य पदक




नेशनल कराटे फेडरेशन कप में चार कांस्य पदक जीतने वाले चारों विद्यार्थी कोच के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

19 से 23 नवंबर तक तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में नेशनल कराटे फेडरेशन कप 2024 का आयोजन किया गया।

इस चैंपियनशिप में ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल शास्त्रीनगर के चार विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें चारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए चार कांस्य पदक अपने नाम किए। स्कूल के एमडीयू प्रगट सूद ने बताया कि ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल शास्त्रीनगर के छात्रों ने नेशनल चैंपियनशिप में चार कांस्य पदक झटक कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों में गोयल (कक्षा 2) और अंवेशा (कक्षा 3) ने काता में कांस्य पदक जीते, जबकि अनाया (कक्षा 6) और अनमोल शर्मा (कक्षा 5) ने कुमिते में कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने इन सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही उन्होंने स्कूल के अन्य विद्यार्थियों से भी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### चवाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## 63 होनहारों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, आनी**

शिक्षा खंड आनी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला च्वाई में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद कुल्लू के पूर्व चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



कार्यक्रम में छात्रों ने पहाड़ी, कुल्लवी, बॉलीवुड और किन्नौरी गीत पेश किए। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर खूब तालियां बटोरीं। छात्रों ने वाद्ययंत्रों की दमदार प्रस्तुति देकर लोक संस्कृति की छटा बिखेरते हुए सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में स्कूल के करीब 63 छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया। इसमें सुनाक्षी, राजकुमारी, प्रियम, मोनिका, दीक्षित, रोहित, राघव, नमन, कुमकुम, मुसकान, श्रुति, आदि नाम शामिल हैं। वहीं, इस कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक हरीश ठाकुर ने किया। विद्यालय प्रभारी कुमारी विधा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर स्कूल की शैक्षणिक सहित अन्य उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की।

समारोह के मुख्यातिथि बुद्धि सिंह ने कहा कि स्कूल में बच्चों को खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। स्कूल प्रशासन, एसएमसी और स्कूली बच्चों को वार्षिक उत्सव की बधाई दी। स्कूली बच्चों के प्रोत्साहन के लिए 51 हजार रुपए की

### पेंशनभोगी संघ कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक 25 को

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी व जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक 25 को प्रात: 11 बजे अटल सदन ढालपुर कुल्लू में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन करेंगे। बैठक में आवश्यक विचार-विमर्श के उपरांत संघ की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने, पेंशनभोगी संघ में अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स को सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए पेंशनभोगी सदस्यता अभियान चलाने, विभिन्न विभागों में पेंशनर्स के लंबित मामलों की सूची तैयार कर उनके त्वरित निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने, हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का मांग पत्र तैयार करने, पेंशनभोगियों को जनवरी 2016 से देय संशोधित वेतनमान और मंहगाई भत्ते की तीन किस्तों का बकाया एरियर का एकमुश्त भुगतान करने की प्रदेश सरकार से मांग की जाएगी। इसके अतिरिक्त 65, 70, 75 व 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशन भोगियों की पेंशन में 25, 50, 75 व 100 प्रतिशत वृद्धि करने की मांग पर बैठक में विस्तृत चर्चा की जाएगी। हिमाचल पेंशनभोगी संघ के महासचिव मिलाप चंद, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर एवं महासचिव किरण चंद शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि आगामी रणनीति तय की जा सके।

**सम्मान** कुल्लू कॉलेज में युवा महोत्सव का समापन, प्राचार्य ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

# 'कीलें' का मंचन कर हरिपुर कॉलेज प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



वन एक्ट प्ले में प्रथम स्थान पर रही राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली की टीम को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू की मेजबानी में आयोजित युवा महोत्सव (ग्रुप-4) का शनिवार को समापन हो गया। अटल सदन में सजे रंगमंच पर चार दिनों तक रंगकर्मियों के बीच जद्दोजहद देखने को मिला। अंतत: शनिवार को देर शाम परिणामों से पर्दा हटा तो हिमाचल के वरिष्ठ साहित्यकार एसआर हरनोट की कहानी 'कीलें' का अभिनय करने वाले राजकीय महाविद्यालय, हरिपुर (मनाली) के विद्यार्थियों के चेहरे पहला पुरस्कार पाकर चहकने लगे।

मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने 'कीलें' के किरदार नम्रता, प्रीती, अंतरा, मेनका, कुलदीप, साक्षी दिनेश, गौरव और रोहन को पुरस्कृत किया। नाटक का द्वितीय पुरस्कार मेजबान कुल्लू कॉलेज और सोलन कॉलेज को संयुक्त रूप से मिला। कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों ने 'पंचम वेद' शीर्षक से राजस्थानी लोक संस्कृति पर आधारित नाटक का मंचन किया, जिसमें भ्रष्टाचार, शोषण और संवेदना के जुड़े मुद्दे को कथानक, लाइट, साउंड और एक्शन के माध्यम से उजागर कर दर्शकों की वाहवाही लूटने में सफल हुए थे। इस नाटक में हेमा, मीनाक्षी, जय सिंह, चंदन, सरोज, नेहा, निहाल, हिमांशु और प्रेम पाल ने सराहनीय अभिनय किया। सोलन कॉलेज की तन्वी, कृष्णा, शिष्टी, कृतिका, सरगम, मेघा, अदिति, जतीन व सुरज का अभिनय सराहनीय रहा। नाटक का तीसरा पुस्कार बल्लभ कॉलेज मंडी और धर्मशाला ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। आयोजन सचिव डॉ. सोम नेगी ने बताया कि लघु नाटिका में सीमा कॉलेज को प्रथम, मंडी कॉलेज को द्वितीय व सोलन कॉलेज को तृतीय पुरस्कार मिला। मिमिकरी में धर्मशाला कॉलेज के अक्षय राजपूत को पहला, करसोग कॉलेज के हिमांशु को दूसरा और रामपुर कॉलेज के रितेश को तीसरा स्थान मिला। मूक अभिनय में कुल्लू कॉलेज प्रथम, सोलन कॉलेज द्वितीय और बिलासपुर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा।

मुख्यातिथि डॉ. मनदीप शर्मा ने अव्वल अभिनय करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया तथा उनको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नवोदित रंगकर्मियों को संबोधित करते हुए निर्णायक भूपेंद्र शर्मा ने रंगमंच पर नाकारात्मक और अश्लील दृश्यों के अभिनय से बचने का सुझाव दिया। यदि कथानक की मांग हो तो इसका प्रदर्शन प्रतीकात्मक रूप से करने का सुझाव दिया। इस दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी संजय सूद, भूपेंदर शर्मा, राज कुमार और दक्ष शर्मा निर्णायक की भूमिका में रहे। समापन समारोह में बंजार कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह, घुमारवीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा, डॉ. ब्रिजबाला, डॉ. चेतराम डॉ. सोम किशन, डॉ. राजेश, डॉ. रामनाथ, डॉ. हरिश आनंद, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. मही योगेश, डॉ. अवधेश, डॉ. सपना वर्मा समेत कॉलेज के समस्त प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक साल बाद भी वर्षाशालिका के लिए आए धन को नहीं खर्च पाया लोक निर्माण विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



ग्राम पंचायत सोयल-2 के गांव सौर में वर्षा शालिका निर्माण के लिए आए हुए धन को लोक निर्माण विभाग साल बाद भी खर्च नहीं कर पाया है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश पनप रहा है। यहां तक पंचायत प्रतिनिधियों ने विभाग के अधिकारियों से इसके निर्माण को लेकर बार-बार आग्रह किया, लेकिन विभाग इस कार्य को करने के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू नहीं कर रहा है। ऐसे में पंचायत के उपप्रधान गंगा सिंह ठाकुर ने इसकी शिकायत डीसी कुल्लू को सौंपी है, जिसमें उन्होंने विभाग को उचित दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

उपप्रधान पंचायत सोयल-2 गंगा सिंह ने कहा कि पंचायत सोयल-2 के प्रस्तावित करने पर डीसी कार्यालय से 10 जुलाई, 2023 को वर्षाशालिका निर्माण के लिए 2,50,000 रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन उपरोक्त कार्य का टेंडर लगवाने बारे अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग कटराईं (मनाली) से तीन-चार बार कार्यालय जाकर बातचीत भी हुई थी। अधिकारी इस बात को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिस कारण इसका निर्माण कार्य अभी तक भी शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी टेंडर लगवाने का झूठा आश्वासन देते आ रहे हैं, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के पश्चात भी लोक निमार्ण विभाग द्वारा अभी तक इसका टेंडर नहीं लगवाया गया है, जिससे पंचायत सोयल-2 के विकास कार्यों में बहुत दिक्कत आ रही है तथा लोगों को बारिश के चलते काफी सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीसी से आग्रह किया कि उनकी इस समस्या का समाधान करने के लिए लोक निर्माण विभाग को उचित दिशा-निर्देश जारी करें। इसके साथ ही निर्माण कार्य को गंभीरता से नहीं लेने को लेकर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए यदि लोक निर्माण विभाग कटराईं (मनाली) उपरोक्त कार्य को करने में सक्षम नहीं है, तो उपरोक्त धनराशि को पंचायत सोयल-2 में स्थानांतरित किया जाए। पंचायत इस कार्य को स्वयं कर सके।



# ई-ऑफिस से सुधरेगी नगर निगम की कार्यप्रणाली

## सरकार के निर्देश के बावजूद तीन वर्ष की प्रक्रिया में अभी तक 50 फीसदी कार्य ही हुए पेपरलेस

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने जनता के प्रति जवाबदेही और कार्य की पारदर्शिता को कार्यालय का कामकाज ई-आफिस से किए जाने के लिए लाखों रुपए के कंप्यूटर तो खरीदे पर अभी यह कार्य अधर में है।

निगम की कार्यप्रणाली के चलते तीन वर्ष की प्रक्रिया में अभी तक 50 फीसदी कार्य ही ई-ऑफिस प्रणाली से हो रहा है। बता दें कि सरकार ने सभी विभागों का कार्य ई-ऑफिस यानी पेपरलेस करने का निर्णय लिया है। पर निगम की कार्यप्रणाली से योजना अधर में लटकी है। ऐसे में सरकार व प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह पर सवाल खड़े होना लाजमी है। शुरू में ई-ऑफिस की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। पेपर लेस वर्क के लिए कंप्यूटर और इंवर्टर खरीदे गए हैं। इसके तहत निगम का सारा रिकॉर्ड कंप्यूटर में अपलोड करने का कार्य किया गया, ताकि आने वाले समय में पेपरलेस वर्क को बढ़ावा मिल सके। इस कार्य के लिए आईटी सहायकों की ड्यूटी सुनिश्चित की थी। 15 कंप्यूटर और इतने ही स्कैनर खरीदे गए पर आयुक्त के बदल जाने से अब यह कार्य लंबित हो गया। प्रदेश में संभवतया निगम पेपर लेस वर्क वाला पहला विभाग बन जाता। (अनंत ज्ञान)

### काम में आएगी पारदर्शिता

**आमतौर** पर नगर निगम में भवनों के नक्शे, भवन की एनओसी, लाइसेंस, पानी कनेक्शन, भवन निर्माण का स्टेटस, प्रॉपर्टी टैक्स, पानी बिल, किराया और अवैध निर्माण की शिकायतों का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाता है। ऐसे में कई फाइलें दबी रहती हैं यानी समय रहते कार्रवाई नहीं होती। कार्यालय जमा फाइलों की डिटेल तक भी गायब हो जाती है। इसी तरह अवैध निर्माण अतिक्रमण की फाइलें भी गुम हो जाती हैं, जिससे अधिकारियों को कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम ने इस समस्या का समाधान करने के लिए ही ई-ऑफिस की व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है।



नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा

नगर निगम ने पानी बिल, प्रॉपर्टी टैक्स और किराया जमा कराने के लिए भी ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। इसके लिए पहले ही संबंधित ब्रांच शाखा में कंप्यूटर और नेट की सुविधा उपलब्ध है। ई-आफिस बनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को तुरंत और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। आमतौर पर एनओसी पानी के बिल और अन्य शिकायतों को फाइलों में दस्तावेज जोड़े जाते हैं, लेकिन इसमें हेरफेर की संभावना रहती है। ऐसे में कई बार कार्य लंबित हो जाते हैं या फिर कार्रवाई करने में देरी हो जाती है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों की जवाबदेगी तय होगी साथ ही अधिकारियों को भी काम करने में आसानी होगी।

### प्रॉपर्टी संबंधी डाटा होगा मेंटेन

**शहर** में निर्माण कार्य हुआ उसका स्टेटस का डाटा मेंटेन रखने के लिए ही ऑफिस कारगर साबित होगा। आमतौर पर लोग एनओसी लेने के बाद अतिरिक्त निर्माण करते हैं, जिसकी नगर निगम को जानकारी नहीं रहती। इससे कागजी कार्रवाई का पता लगाना मुश्किल हो जाता है या फाइलें दवा दी जाती हैं। ऑनलाइन व्यवस्था से तिथि वार संबंधित प्रॉपर्टी का स्टेटस पता चल सकेगा साथ ही अवैध निर्माण अतिक्रमण जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाना आसान होगा। निगम ने फिलहाल इस कार्य की रूपरेखा बनानी शुरू कर दी है और आने वाले समय में नगर निगम के रिकॉर्ड को अपलोड करने का कार्य शुरू हो जाएगा।



निगम को ई-ऑफिस बनाने का कार्य प्रगति पर है। लोगों को पारदर्शी व त्वरित सेवाएं देने के लिए ई-ऑफिस के कार्य को सिरे चढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

## योगेश बने समिति के सदस्य सचिव

**सोलन।** बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी सिंह तोमर ने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एक समिति का गठन किया है। यह समिति अग्निशमन विभाग की ओर से उद्योगों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए लागू नियमों एवं नियमन की जांच कर इन्हें और व्यावहारिक बनाने के संबंध में प्रदेश सरकार को संस्तुतियां प्रस्तुत करेंगी। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी सिंह तोमर इस समिति की अध्यक्ष होंगी।

एकल खिड़की स्वीकृति प्राधिकरण बद्दी के उपनिदेशक उद्योग योगेश गुप्ता को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अग्निशमन अधिकारी हेमराज, नालागढ़ के अग्निशमन अधिकारी जयपाल, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बद्दी के सहायक पर्यावरण अभियंता पवन कुमार, बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल तथा हिमाचल ड्रग मैनूफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गुप्ता समिति के सदस्य होंगे। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र के उद्योग संघों द्वारा नामित तीन सुरक्षा विशेषज्ञ भी समिति के सदस्य होंगे।

## शादी का झांसा देकर किया शोषण, लड़की ने खाया जहर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस चौकी चायल के तहत शादी का झांसा देकर शोषण करने पर नाबालिग लड़की ने जहर खा लिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी चायल में आईजीएमसी शिमला से दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को जहरखुरानी हालत मे ईलाज के लिए लाए हैं, जिस सूचना पर थाना कंडाघाट/चायल चौकी से एक पुलिस टीम हालात तस्दीक करने के लिए आईजीएमसी शिमला पहुंची। आईजीएमसी शिमला में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की उपचाराधीन पाई गई। इस लड़की ने पुलिस के पास अपना ब्यान दर्ज करवाया कि करीब एक वर्ष पहले इसकी पहचान शुभम नामक लड़के से हुई थी, जो राजगढ़ का रहने वाला है। शुभम इससे शादी करने की बात करता था, जिसने इससे शादी का झांसा देकर इसके साथ शारीरिक संबंध बनाए,

**आरोपी युवक के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज**

लेकिन इसी दौरान शुभम ने इससे अचानक मिलना व फोन पर बातचीत करना बंद कर दिया। इसने 20 नवंबर को शुभम को फोन कर इस बारे मे पूछा तो शुमभ ने कहा कि अब वह इससे बात नहीं करेगा तथा न ही इससे कोई रिश्ता रखना चाहता है, जिस पर गुस्से में आकर इसने घर पर रखी फिनायल को पी लिया। उसके बाद इसके माता-पिता इसे ईलाज के लिए आईजीएमसी शिमला लाए। उपचार के दौरान डॉक्टर ने इसे गर्भवती होना बताया। शुभम ने शादी का झांसा देकर इसके साथ शारीरिक संबंध बनाए तथा इसका शोषण किया, जिस पर थाना कंडाघाट में अभियोग अधीन धारा 64 बीएनएस, 4, 6 पोस्को एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी शुभम पुत्र अमर सिंह निवासी तह. राजगढ़ जिला सिरमौर उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## 29 व 30 को होगी वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट की ओर से आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर को चौधरी कांप्लेक्स के ग्राउंड में किया जाएगा। यह फैसला दाड़लाघाट में आयोजित बैठक में अध्यक्ष चेतन ठाकुर की अध्यक्षता में लिया गया। सचिव तनुज शुक्ला, कोषाध्यक्ष तरुण ठाकुर और आशीष गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा व उत्तरप्रदेश के अलावा प्रदेश और जिले की विभिन्न वॉलीबाल क्लब की टीम भाग लेंगी, जिसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31000 रुपए और उपविजेता को 21000 रुपए की राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रति टीम की रजिस्ट्रेशन फीस 1200 रुपए रहेगी। कार्यक्रम 29 नवंबर को 10 बजे शुरू होगा और कमेटी व रेफरी का निर्णय अंतिम रहेगा। खिलाड़ियों के लिए खाने व रहने की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ एडीकेएम सभा के प्रधान वेदप्रकाश शुक्ला करेंगे। समापन समोरह के मुख्यातिथि विधायक अर्की संजय अवस्थी होंगे, जबकि अंबुजा सीमेंट के मुख्य निर्माण अधिकारी मुकेश सक्सेना विशेषातिथि शिरकत करेंगे। धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स के सदस्यों ने विधायक संजय अवस्थी से दाड़लाघाट में मुलाकात कर उन्हें वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए निमंत्रण दिया। विधायक ने निमंत्रण स्वीकार किया। अध्यक्ष चेतन व आशीष गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हमें उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता सभी के सहयोग से सफल होगी और सभी खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव मिलेगा।



## एनसीसी के अनुशासनात्मक मूल्यों के बारे में बताया

**दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में एनसीसी दिवस के मौके पर एक सूक्ष्म कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी गीत गाया और एनसीसी दिवस पर पोस्टर भी बनाए। कार्यक्रम के पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने स्कूल प्रांगण और पसल गांव में सफाई अभियान चलाया, जिसमें प्रथम वर्ष के 25 और द्वितीय वर्ष के 22 कैडेट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कैडेट्स ने अनुशासन का बेहतरीन परिचय दिया। एनसीसी प्रभारी हरेंद्र वर्मा ने एनसीसी के महत्व और एनसीसी के अनुशासनात्मक मूल्यों के बारे में बताया। उन्होंने कैडेट्स को देशभक्ति और समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य शिक्षकों और छात्रों ने भी भाग लिया।




## चिट्टा/हेरोइन सहित तीन को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन में नशा तस्करी करने वाले तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार कड़ी नजर रख रही है।

इसी क्रम में जब 10 नवंबर 2024 को विशेष अन्वेषण ईकाई सोलन की टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस थाना परवाणू के क्षेत्र में मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी नंबर एचपी-64ए-6691 ब्लैनो चंडीगढ़ की तरफ से परवाणू/धर्मपुर की ओर आ रही है, जिसमें धीरेन ठाकुर, हर्ष ठाकुर व महेश ठाकुर नाम के तीन युवक सवार हैं, जो उक्त तीनों अपने साथ उक्त गाड़ी में भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोईन को धर्मपुर में सप्लाई करने के लिए लाए हैं। सूचना पर उक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दत्यार के पास नाकाबंदी कर उक्त गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका। चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी में बैठे तीन युवकों, जिनके नाम व पता महेश ठाकुर पुत्र गोविंद ठाकुर निवासी गांव बाडा डाखा कुमारहट्टी तह. व जिला सोलन उम्र 31 वर्ष, हर्ष ठाकुर पुत्र धनी राम ठाकुर निवासी डाखा मांडोधार तह. कसौली जिला सोलन उम्र 22 वर्ष व धीरेन ठाकुर पुत्र हरदेव ठाकुर निवासी डाखा बोहली तह. व जिला सोलन उम्र 22 वर्ष मालूम हुए उनको करीब 11 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी को जब्त कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया।



गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ की गई और इनके सप्लायर आरोपी का पता लगाया गया। जांच के दौरान पता चला कि इन आरोपियों ने उपरोक्त चिट्टा को एक चिट्टा तस्कर आरोपी हेमंत उर्फ रमण नामक व्यक्ति से खरीदा था, जिस पर पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम ने आरोपी हेमंत उर्फ रमण पुत्र सुभाष चनेर निवासी उलकाना मंडी तह. उलकाना मंडी जिला हिसार हरियाणा उम्र 28 वर्ष को पिछले कल हरियाणा के रामगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा उक्त आरोपी के कब्जे से 8.18 ग्राम चिट्टा/हेरोइन भी बरामद किया गया है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी चिट्टे का स्वयं सेवन नहीं करता था, बल्कि अन्य लोगों को चिट्टा सप्लाई करता था। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

## दूरसंचार संबधी शिकायतों के निवारण के लिए 4 दिसंबर को विशेष शिविर

**राजगढ़।** दूरसंचार उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए आगामी चार दिसंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ के सभागार में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल उपभोक्ता सरंक्षण परिषद के अध्यक्ष एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सदस्य जोगेंद्र कंवर करेंगे। इस शिविर में उपभोक्ता अनचाही वाणिज्य कॉल, मेसेज संबंधी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। इस शिविर में परिषद के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ट्राई द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गए विभिन्न निर्णय बारे जानकारी दी जाएगी। टावर लगाने के नाम पर हो रही ठगी बारे भी उपभोक्ताओं को जानकारी दी जाएगी कि ऐसी फ्रॉड कॉलस से कैसे सतर्क रहना है। शिविर में सेवानिवृत्त जिला नियंत्रक नागरिक आपूर्ति मामले जीत राम शर्मा और सुरेंद्र शर्मा ने उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की खरीददारी में सतर्कता बरतने बारे जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार रिटायर्ड हिमाचल प्रशासनिक अधिकारी कैलाश गौड़ मापतोल के नियमों बारे जानकारी देंगे। इस शिविर में प्रदेश में कार्यरत सभी टेलीफोन कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित हो सके।

## सत्य साईं बाबा के 99वें जन्मोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया

**अनंत ज्ञान, अर्की**

श्री सत्य साईं सेवा समिति कुनिहार ने सत्य साईं बाबा के 99वें जन्मोत्सव को बहुत हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया।

इस अवसर पर कुनिहार समिति ने विभिन्न भजन-संकीर्तन, सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन कर श्री सत्य साईं बाबा के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। इस पावन अवसर पर कुनिहार समिति ने विशेषत गणपति एजुकेशन सोसायटी के अंतर्गत कार्यरत दिव्यांग एवं विशिष्ट बालकों की सेवार्थ गैर-सरकारी संस्था में जाकर ऐसे विशिष्ट एवं दिव्यांग बालकों के लिए नारायण सेवा के रूप में मिष्ठान, फलाहार एवं सर्दियों में उपयोग होने वाले गर्म वस्त्र वितरित किए। साथ ही वहां पर भजन-संकीर्तन के साथ-साथ श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा चलाए जा रहे विश्व भर में मानवीय एवं आध्यात्मिक कार्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। संगठन द्वारा श्री सत्य साईं बाबा के बताए हुए मार्गदर्शन एवं पद चिन्हों पर चलते हुए विश्व स्तर पर मानवीय मूल्यों की शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के कार्य निस्वार्थ भावना के साथ निरंतर चलाए जा रहे हैं। इस सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कुनिहार समिति के संयोजक देवी दत्त परिहार ने बताया कि इस अवसर पर गणपति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष रोशन लाल शर्मा ने श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा चलाए जा रहे निष्काम एवं मानवीय कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के बाद समिति ने दो घंटे का अखंड भजन-संकीर्तन का आयोजन किया और उसके बाद वहां पर सभी को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर गीता राम, हिरादत्त शर्मा, शकुंतला, निर्मला, बंती देवी, सुनीता, सीमा के साथ-साथ गैर सरकारी संस्था कुनिहार के सभी सदस्य सम्मिलित रहे।



समिति दिव्यांग बालकों के लिए फलाहार एवं सर्दियों में उपयोग होने वाले गर्म वस्त्र देती हुई।

## रोहड़ू के संजीव बने चंडीगढ़ कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

जिला शिमला के रोहड़ू से संबंध रखने वाले मशहूर सेब कारोबारी संजीव कुमार भ्रांटा को चंडीगढ़ कबड्डी एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है।

इसे पहले संजीव भ्रांटा चंडीगढ़ कबड्डी एसोसिएशन में महासचिव पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। संजीव भ्रांटा के अच्छे कार्य को देखते हुए चंडीगढ़ कबड्डी एसोसिएशन के सभी मतदाताओं ने इन्हें अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया, जिससे चंडीगढ़ में कबड्डी खेल को और ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाए। संजीव भ्रांटा के छोटे भाई राजकुमार भ्रांटा भी हिमाचल कबड्डी एसोसिएशन के मौजूदा प्रधान हैं और दोनों भाई राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं।



# बीबीएन में 40 दिन में बिका 17 करोड़ रुपए का धान

## नालागढ़ व मलपुर में खरीदा गया 73 हजार क्विंटल धान, गत वर्ष की अपेक्षा काफी अधिक बिका धान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में खुले धान खरीद केंद्रों में करीब 73 हजार क्विंटल धान की बिक्री हुई है। 40 दिन में ही करीब 17 करोड़ रुपए के धान की खरीद की गई है, जिसका किसानों ने भरपूर लाभ उठाया है।

गत वर्ष की अपेक्षा धान की बिक्री काफी अधिक हुई है, जिसका कारण पंजाब की अनाज मंडियों में हिमाचल की धान की बिक्री न होना बताया जा रहा है। अब तक करीब 73,344 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है और करीब 1,457 किसानों का धान बिक चूका है। जानकारी के अनुसार बीबीएन में चल रहे दो धान खरीद केंद्रों में धान की बिक्री रिकॉर्ड तोड़ हुई है, जहां पहले गत वर्ष किसानों का 50 हजार क्विंटल धान बिका था। वहीं, अब तक 73344. 535 क्विंटल धान खरीदा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दिसंबर तक चलने वाली खरीद में किसानों को इसका और लाभ मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में चल रहे दो धान खरीद केंद्रों में अब तक करीब 73344. 535 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। नालागढ़ में चल रहे धान खरीद केंद्र में अभी तक 668 किसानों से करीब 33,168 क्विटल धान की खरीद हो चुकी है। वहीं, मलपुर स्थित धान खरीद केंद्र में 789 किसानों से 40,175 क्विंटल धान खरीदा गया।

धान की खरीद में तेजी लाने के लिए नालागढ़ के बाद मलपुर स्थित औद्योगिक शेड में धान खरीद केंद्र शुरू किया है। बता दें कि बीबीएन में चार हजार हेक्टेयर जमीन पर किसान धान लगाते हैं। पहले उपमंडल के किसान अपने धान पंजाब में बेचकर आते थे, लेकिन अब बीबीएन में खरीद केंद्र खुलने से यही पर किसानों से धान खरीद की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### सुचारु रूप से चल रहा कार्य

**बीबीएन** में 10 तारीख से शुरू हुए धान खरीद केंद्र में 1457 किसानों से करीब 73, 344 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। मलपुर स्थित धान खरीद केंद्र में 789 किसानों से 40, 175 क्विंटल धान खरीदे गए, जबकि नालागढ़ धान खरीद केंद्र में 668 किसानों से करीब 33, 168 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक सोलन नरेंद्र धीमान ने बताया कि बीबीएन में चल रहे दो धान खरीद केंद्रों में अब तक 73 ,344 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। धान खरीद का कार्य दोनों केंद्रों में सुचारु रूप से चल रहा है। दोनों केंद्रों में धान की खरीद अच्छी खासी हुई है।

### दाड़लाघाट में एचडीएफसी बैंक ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## 53 लोगों ने रक्त देकर किया महादान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में एचडीएफसी बैंक की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन चौधरी कांप्लेक्स में किया गया। इस शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

बैंक के अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्र के लोगों ने इस शिविर में रक्तदान किया। वरिष्ठ प्रबंधक शिमला रमेश ने बताया कि बैंक वित्तीय मामलों के अलावा सामाजिक उत्थान के कार्य भी करता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में 63 लोगों ने पंजीकरण करवाया था, लेकिन रक्तदान 53 लोगों ने किया। रक्तदाताओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया और लोगों से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है और इससे समाज को बहुत लाभ हो सकता है। इस मौके पर एरिया सेल्स प्रबंधक योगेश गौतम, एचडीएफसी दाड़ला से अंकित गौतम, राकेश गौतम, ओमप्रकाश शर्मा, महेंद्र ठाकुर, भरत गौतम, संजीव शर्मा, कमलेश आदि मौजूद रहे।



दाड़लाघाट में एचडीएफसी बैंक के रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

## डॉ. शांडिल 25 को सोलन में



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 25 नवंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 25 को प्रात: 11.00 बजे राजकीय उच्च विद्यालय धारों की धार में आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे व मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे।

**समारोह** अर्की के विधायक ने बलेरा पंचायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

# शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का ज्ञान भी आवश्यक : संजय अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का ज्ञान दिया जाना आवश्यक है।

संजय अवस्थी अर्की की पंचायत बलेरा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं को तकनीक के विभिन्न आयामों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के लिए चरणबद्ध आधार पर विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की जा रही हैं और शिक्षा प्रदान करने के नवीनतम साधन प्रयोग में लाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर युवाओं को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रदेश में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा आरंभ की गई हैं। शिक्षण संस्थानों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इस वित्त वर्ष में 850 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार हिमाचल के युवाओं को एक बेहतर नागरिक बनाने के साथ-साथ एक सफल युवा बनाने के लिए भी कृत संकल्प है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ बच्चों को नैतिक मूल्य प्रदान करने पर भी बल दिया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि ऑनलाइन के इस युग में बच्चों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ें, ताकि युवा पीढ़ी उचित मार्गदर्शन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व नैतिक मूल्यों का ज्ञान भी प्राप्त कर सके। संजय अवस्थी ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम, एकाग्रता व दृढ़ता का होना आवश्यक है। किसी भी कार्य क्षेत्र में धैर्य और परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि मेहनत से डरे नहीं, बल्कि लक्ष्य तय कर एकाग्रता से लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएं। विधायक ने स्कूल में पुस्तकालय भवन के निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, खेल मैदान के निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, कुरमाला से पनोल गांव तक संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए प्रारंभिक राशि के तौर पर 1 लाख रुपए प्रदान देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बलेरा स्कूल के बच्चों को 2100 रुपए, प्राथमिक पाठशाला बलेरा के बच्चों को 1100 रुपए तथा शिवालिक हिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों को 1100 रुपए देने की घोषणा भी की। संजय अवस्थी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया और आशा जताई कि इनकी उपलब्धियां अन्य छात्रों को भी बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा के प्रधानाचार्य मनिल ने इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।


बलेरा स्कूल में वार्षिक समारोह में छात्रों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में महाराष्ट्र की जीत का जश्न



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ भाजपा ने आज सेक्टर 33 स्थित पार्टी कार्यालय कमलम में महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी की शानदार जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच जलेबियां बांटी गईं। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, पूर्व पार्टी अध्यक्ष संजय टंडन, उपाध्यक्ष देविंदर सिंह बबला, रामबीर भट्टी, कार्यालय सचिव, मनीष शर्मा, संजय पूरी, सचिव रमेश सहोर और अन्य पदाधिकारी, नेता सहित वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पार्टी अध्यक्ष मल्होत्रा ने कहा, 'लोगों ने एक बार फिर भाजपा गठबंधन में अपना विश्वास जताया है। हम सरकार को फिर से बना रहे हैं, क्योंकि राज्य सरकार की नीतियों के अलावा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं ने भी कमाल कर दिया है। लोग डबल इंजन वाली सरकार के साथ रहना चाहते हैं।'

### 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक रहेगी सड़क बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़, सेक्टर 46/47/48/49 के राउंडअबाउट से लेकर सेक्टर 46/47, चंडीगढ़ के छोटे चौक तक सेक्टर 46/47 साइकिल ट्रैक के समीप डिवाइडिंग रोड सेक्टर 46/47 पर 800 मिमी आई/डी एम.एस. पाइप लाइन बिछाने जा रहा है। इस कार्य के कारण, सेक्टर 46/47 डिवाइडिंग रोड की ओर जाने वाली सड़क को काटा जाएगा और सड़क 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक बंद रहेगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम, चंडीगढ़ के साथ धैर्य रखें।

### एनएएमएस के प्रेजिडेंट बने डॉ. दिगंबर बेहरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में प्रोफेसर एमेरिटस और उसी संस्थान के पूर्व डीन तथा वर्तमान में फोर्टिस अस्पताल, मोहाली, पंजाब में पल्मोनरी मेडिसिन और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के डायरेक्टर डॉ. दिगंबर बेहरा ने 3 वर्षों की अवधि के लिए नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनएएमएस) के प्रेजिडेंट का पदभार संभाला है। उन्होंने एम्स, जोधपुर में आयोजित एक दीक्षांत समारोह में आउटगोइंग प्रेसिडेंट डॉ. एस के सरीन से कार्यभार संभाला। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि थे। नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज की स्थापना 1961 में राज्य सरकार, यूनिवर्सिटीज और प्रोफेशनल बॉडीज से परामर्श के बाद सेंट्रल कॉउंसिल ऑफ हेल्थ की बैठक में अपनाए गए प्रस्ताव के अनुसरण में की गई थी। यह भारत के प्रख्यात मेडिकल और बायोमेडिकल साइंटिस्ट्स की सर्वोच्च शैक्षणिक संस्था है। डॉ. बेहेरा ने कहा कि उन्हें इस पद पर आसीन होने पर गर्व है, जिस पर पहले देश की दिग्गज चिकित्सा हस्तियाँ और पीजीआई के कुछ प्रतिष्ठित पूर्व निदेशक रह चुके हैं। वह अकादमी की परंपराओं को बनाए रखने की कोशिश करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि एनएएमएस देश में चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा वितरण में और अधिक योगदान दे।



### पीटीआई के प्रदर्शन से पहले बढ़ाई सुरक्षा

**इस्लामाबाद।** पीटीआई के 24 नवंबर को इस्लामाबाद में होने वाले विरोध प्रदर्शन से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पाकिस्तान के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद में सख्ती बढ़ा दी है। यहां अधिकारियों ने आज से ही इस्लामाबाद के प्रमुख प्रवेश मार्गों को बंद करना शुरू कर दिया। पीटीआई ने जेल में बंद अपने नेता इमरान खान की रिहाई के लिए विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया है। यहां राष्ट्रीय मोटरवे और राजमार्ग प्राधिकरण ने मरम्मत कार्य का हवाला देते हुए एम-1 और एम-2 मोटरमार्गों के साथ-साथ अन्य प्रमुख मार्गों को बंद करने की घोषणा की है।

### भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन

**सोनीपत (हरियाणा)।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय में भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन किया। बिरला ने विश्वविद्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को संविधान से परिचित कराएगा। संग्रहालय का उद्देश्य संविधान के आवश्यक तत्वों और प्रमुख प्रावधानों के बारे में समझ बढ़ाना है और लोगों को यह बताना है कि इसके मूल्यों और आदर्शों ने राष्ट्र को किस प्रकार आकार दिया है।

### महाकुंभ: देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए रखी जाएगी सम्राट अशोक के स्तंभ की रेप्लिका




**प्रयागराज।** महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज, भारत के महान सम्राट अशोक के स्तंभ और उस पर लिखी सम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति से परिचित कराने जा रहा है। महाकुंभ के महाआयोजन को अविस्मरणीय बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रही है। इसी क्रम में संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान आगंतुकों के लिए अशोक स्तंभ की छोटी प्रतिकृति स्मृति चिह्न के रूप बनाने का फैसला किया है। जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु गंगा स्नान के साथ न केवल इसकी अलौकिक आभा को निहार सकें, बल्कि साथ ले जाकर उसकी ऐतिहासिकता का अनुभव भी कर सकेंगे।

# चार में से तीन सीटों पर चली 'आप' की झाड़ू, एक पर कांग्रेस ने मारा पंजा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में तीन सीटों पर सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) की झाड़ू चली है। वहीं एक सीट पर कांग्रेस का पंजा चला है। इनमें चब्बेवाल (होशियारपुर), डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर) और गिद्दड़बाहा (मुक्तसर) सीट आम आदमी पार्टी ने जीती है।

चब्बेवाल से डॉ. इशांक कुमार, डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा और गिद्दड़बाहा सीट से हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों जीते हैं। वहीं सगंरूर जिले की बरनाला सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप सिंह ढिल्लों ने जीत दर्ज की है।

गिदड़बाहा सीट से भाजपा उम्मीदवार व पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल को भी हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कांग्रेस के दो मौजूदा सांसदों की पत्नियां भी हारी हैं। डेरा बाबा नानक सीट से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी जतिंदर कौर और गिद्दड़बाहा सीट से पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष व लुधियाना से सांसद राजा वडिंग की पत्नी अमृता वडिंग भी हार गई हैं।



जीत के बाद अपने समर्थकों के साथ डॉ. इशांक कुमार।

होशियारपुर के कंडी क्षेत्र के हलके चब्बेवाल में आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार डॉ. इशांक चब्बेवाल ने भारी मतों से जीत हासिल की है। डॉ. इशांक को 50 हजार से ज्यादा वोट मिले हैं। खास बात यह है कि उन्होंने करीब 30 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। कांग्रेस प्रत्याशी रणजीत को 23171 और भाजपा उम्मीदवार सोहन को 8667 मत मिले हैं। डॉ. इशांक 31 साल के हैं और वे पंजाब के सबसे युवा विधायक भी बने हैं।

## तीन सीटों की जीत पर भारी पड़ी बरनाला की हार



पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी 'आप' ने तीन सीटों पर जीत का परचम लहराया है। वहीं बरनाला सीट पर आप उम्मीदवार हार गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह जिला संगरूर की बरनाला सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया है। बरनाला से कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप सिंह ढिल्लों ने जीत दर्ज की है। उन्होंने 'आप' के हरिंदर सिंह धालीवाल को करीब 2 हजार वोटों के अंतर से हराया है। कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप ढिल्लों को 28,254 वोट मिले हैं। 'आप' कैंडिडेट हरिंदर धालीवाल को 26,097 वोट पड़े। बरनाला सीट पर में 'आप' के बागी गुरदीप सिंह बाठ 'आप' की हार और कांग्रेस की जीत के लिए मुख्य फैक्टर रहा है। गुरदीप सिंह बाठ ने 16, 899 वोट झटके हैं।

## चंडीगढ़ में बिजली बोर्ड के निजीकरण की तैयारी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन ने बिजली बोर्ड के निजीकरण की तैयारी कर ली है। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मंजूरी मिलने के बाद, चंडीगढ़ प्रशासन ने कोलकाता स्थित एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ईईडीएल) को आशय पत्र (एलओआई) जारी कर दिया। यह आरपी संजीव गोयनका (आरपीएसजी) समूह की सहायक कंपनी है।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को यूटी पॉवरमेन यूनियन की याचिका खारिज करके बिजली विभाग के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। केंद्र द्वारा मई 2020 में शुरू किए गए 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत बिजली क्षेत्र में सुधारों के हिस्से के रूप में निजीकरण की परिकल्पना की गई थी। इसका अनुसरण करते हुए चंडीगढ़ में निजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई और एमिनेंट कंपनी को सफल बोलीदाता के रूप में चुना गया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) का गठन किया गया। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को सीपीडीएल में ट्रांसफर करने का प्रस्ताव है। 'चंडीगढ़ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज मास्टर ट्रस्ट' भी बनाया



गया है, जो ट्रांसफर होने वाले कर्मचारियों की सभी देनदारियों को पूरा करेगा और कंपनी द्वारा इस खाते में 263 करोड़ रुपये की राशि डाली जाएगी।

प्रशासन ने 9 नवंबर, 2020 को बोलियां आमंत्रित की थीं। सात कंपनियों स्टरलाइट पावर, रीन्यू विंग एनर्जी, एनईएससीएल, अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड, टाटा पावर, टोरेंट पावर और एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी पावर लिमिटेड ने अपनी बोलियां जमा की थीं। पांच अगस्त, 2021 को एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड को सबसे अधिक बोली लगाने वाला घोषित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## राज्यपाल कटारिया ने चंडीगढ़ सदन की बैठक में लिया भाग

**एजेसी, चंडीगढ़**



पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सुंदर नगर निगम के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ सदन बैठक में भाग लिया। मेयर कुलदीप कुमार ने मुख्यातिथि गुलाब चंद कटारिया का स्वागत किया और चंडीगढ़ नगर निगम के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे सड़कें, उद्यान, सीवरेज, शौचालय और अन्य क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। एमसी आयुक्त अमित कुमार, ने पिछले पांच वर्षों में प्राप्त अनुदान सहायता के बारे में संक्षिप्त प्रस्तुति दी, जिसमें समय के अनुसार पूंजीगत और राजस्व मद के अंतर्गत व्यय, वार्षिक संचालन और रखरखाव लागत का ब्यौरा दिया गया। एमसी आयुक्त ने यह भी कहा कि निगम राजस्व बढ़ाने और व्यय कम करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने वित्तीय बोझ से बाहर निकलने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन से सकारात्मक हस्तक्षेप का भी अनुरोध किया।

प्रशासक ने सभी पार्षदों का परिचय लिया, अपने लंबे राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा किए और कहा कि एक बार चुने जाने के बाद पार्षद आम जनता का होता है।

## जीत पर मुख्यमंत्री धामी का धन्यवाद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ विधानसभा की देवतुल्य और राष्ट्रवादी जनता का आशा नौटियाल को विजयी बनाने के लिए धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ विधानसभा में हमें मिली ये जीत जनता की जीत है, हमारी ये जीत संगठन की जीत है, हमारी ये जीत कार्यकर्ताओं की जीत है, हमारी ये जीत मोदी की जीत है, हमारी ये जीत विकास की जीत है, हमारी ये जीत राष्ट्रवाद की जीत है और हमारी ये जीत सनातन की जीत है।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं हमारी ये जीत क्षेत्रवाद की हार है, हमारी ये जीत जातिवाद की हार है और हमारी ये जीत मुझ पर और मेरी सरकार पर विपक्ष द्वारा लगाए गए झूठे और बेबुनियाद इल्जामों की भी हार है।

## गांव बल्लोमाजरा की फिरनी को पक्का करने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

मोहाली विधानसभा क्षेत्र के गांव बल्लोमाजरा की फिरनी को पक्का करने का काम विधायक कुलवंत सिंह ने आरम्भ करवाया।उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की नीतियों में विश्वास रखने वाले सरपंच चुने गए हैं और बड़ी संख्या में युवा सरपंचों ने गांवों में विकास कार्य भी शुरू किए हैं। इसी कड़ी के तहत आज गांव बल्लोमाजरा की फिरनी को पक्का करने का काम शुरू किया गया है, जिसकी लंबाई एक किलोमीटर और चौड़ाई करीब 11 फीट है। इसे बनाने में 28 लाख रुपए की लागत आएगी। इस फिरनी को 60 मिमी. इंटरलॉक टाइल्स/पेवर ब्लॉक से पक्का किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि गांव बल्लोमाजरा में फिरनी का काम करीब दो महीने में पूरा हो जाएगा। इस मौके पर गुरजिंदर सिंह सरपंच, जसवीर कौर, सुरजन सिंह, हरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह (सभी पंचायत सदस्य), बलजीत सिंह नंबरदार, मनजीत सिंह, बलवीर सिंह सरपंच रायपुर, कुलवीर सिंह सरपंच बरयाली आदि उपस्थित थे।

## देश-विदेश

## मणिपुर: विधायकों के आवासों पर आगजनी के मामले में दो और लोग किए गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल**

**इंफाल** घाटी में विधायकों के आवासों पर 16 नवंबर को हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मामले में दो और लोगों की गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने कहा कि वह इंफाल घाटी के विभिन्न इलाकों में 16 नवंबर को हुई आगजनी की घटनाओं के संबंध में प्राप्त सूचनाओं की जांच कर रही है तथा अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। विधायकों के आवासों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं की जांच जारी है। मणिपुर में उस दौरान हिंसा बढ़ गई जब सुरक्षाबलों और संदिग्ध कुकी-जो उग्रवादियों के बीच 11 नवंबर को हुई मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए थे। इसके बाद से मेइती समुदाय के तीन बच्चे एवं तीन महिलाएं लापता हो गई थीं। 16 और 17 नवंबर को इन सभी के शव बरामद किए गए जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी में हिंसक प्रदर्शन किया।

भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन विधायकों तथा कांग्रेस के एक विधायक के आवास को आग लगा दी थी जिसके बाद यहां अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। पिछले साल मई से इंफाल घाटी के मेइती और पहाड़ियों पर रहने वाले कुकी-जो समुदाय के बीच जारी जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 258 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं पर रोक दो दिन और बढ़ाई

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर लगी रोक शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। प्रशासन ने बढ़ती हिंसा के बीच असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था के लिए समस्या पैदा करने वाली सूचनाएं फैलाने से रोकने के लिए 16 नवंबर को दो दिन के लिए सेवाएं निलंबित कर दी थीं। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है। गृह विभाग के आदेश में कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर व कांगपोकपी में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं दो दिन के लिए निलंबित रखने का निर्णय लिया है।

## बेरूत में इसराइल की एयर स्ट्राइक, 11 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**

**इसराइल** की ओर से बेरूत के मध्य क्षेत्र में किए गए मिसाइल हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग घायल हुए हैं।

लेबनान के नागरिक स्वंयसेवी संगठन ने बताया कि हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि आपातकालीन बचावकर्मी अभी भी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं। इसराइल ने लेबनान की राजधानी पर एक सप्ताह से भी कम समय में चौथी बार हमला किया है। लेबनान पर ऐसे समय में यह हमला किया गया है जब इस सप्ताह अमेरिका के दूत अमोस होचस्टीन ने इसराइल और चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला के बीच संघर्षविराम समझौता कराने के लिए क्षेत्र की यात्रा की थी। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इसराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में अब तक 3,500 से अधिक लोग मारे गए हैं जबकि 15,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



## फरवरी में होगी भारत-आसियान व्यापार समझौते की समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा बैठक के लिए वार्ता का अगला दौर अगले साल फरवरी में होगा। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। इस महीने यहां चौथे दौर की वार्ता संपन्न हुई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि आसियान भारत वस्तु व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) की समीक्षा आसियान क्षेत्र के साथ व्यापार को स्थायी तरीके से बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की अगली बैठक फरवरी 2025 में जकार्ता, इंडोनेशिया में होनी है। एआईटीआईजीए संयुक्त समिति के तहत बाजार पहुंच, उत्पत्ति के नियम, मानक और तकनीकी विनियमन, सीमा शुल्क प्रक्रिया, आर्थिक और तकनीकी सहयोग, व्यापार से संबंधित पहलुओं पर बातचीत करने के लिए आठ उप समितियां हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में हिंसा, 37 लोग मारे गए

**एजेंसी, पेशावर**

पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हिंसा में पिछले 24 घंटे में 37 लोग मारे गए हैं, जबकि 30 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में यात्री वैन पर हुए हमले के बाद अलीजई और बागन कबाइलियों के बीच हिंसा भड़क गई। बलिशखेल, खार काली, कुंज अलीजई और मकबल में भी गोलीबारी जारी है। स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल करते हुए कबाइली समुदायों के लोग एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं। हिंसा में अब तक 37 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और 30 घायल हुए हैं। सूत्रों ने हिंसा में 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। हिंसा में घरों और दुकानों को निशाना बनाया गया, जिसके बाद विभिन्न गांवों से लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। हालात बिगड़ते देख जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान शनिवार के लिए बंद कर दिए गए जिसकी पुष्टि 'प्राइवेट एजुकेशन नेटवर्क' के अध्यक्ष मुहम्मद हयात हसन ने की। वीरवार को बागन, मंदुरी और ओछाट में 50 से अधिक वाहनों पर गोलीबारी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसमें महिलाओं और बच्चों सहित 47 लोगों की मौत हो गई।



## दिल्ली में फिर बढ़ा प्रदूषण का प्रकोप, एक्यूआई 453 पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गई। शनिवार को राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 420 दर्ज किया गया, जो कि 'गंभीर' श्रेणी में आता है। दिल्ली के 38 निगरानी स्टेशनों में से 9 स्टेशनों पर एक्यूआई 450 से अधिक रिकॉर्ड किया गया।

शनिवार को शादीपुर में एक्यूआई 436, आर के पूरम में 422, नॉर्थ कैंपस 416, मंदिर मार्ग में 414, आया नगर में 390, पूसा में 396, मुंडका में 453, द्वारका में 440, वजीरपुर में 465, अशोक विहार में 452, चांदनी चौक में 428 एक्यूआई दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता में वीरवार को अनुकूल हवा की स्थिति के कारण थोड़े समय के लिए सुधार हुआ, लेकिन शुक्रवार शाम वायु गुणवत्ता में गिरावट शुरू हो गई, जो 'गंभीर' श्रेणी के करीब पहुंच गई। शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में पिछले 22 दिनों से खतरनाक वायु प्रदूषण की स्थिति है।

दिल्ली का एक्यूआई 30 अक्तूबर को 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा और अभी भी सुधार नहीं हुआ, जबकि दिल्ली में ग्रैप- चार की पाबंदियां लागू हैं।



## अमेरिकी एसईसी ने अडानी व भतीजे सागर को किया तलब

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अडानी समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने उन पर लगे आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए तलब किया है।



अडानी और उनके भतीजे पर अनुकूल सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (2,200 करोड़ रुपएए) की रिश्वत देने में शामिल होने का आरोप है। अडानी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म हाउस और उनके भतीजे सागर के इसी शहर में बोदकदेव आवास पर समन भेजकर 21 दिन के भीतर एसईसी को जवाब देने के लिए कहा गया है। न्यूयॉर्क पूर्वी जिला अदालत के माध्यम से 21 नवंबर को भेजे गए नोटिस में कहा था कि इस समन की तामील के 21 दिनों के भीतर (जिस दिन आपको यह समन मिला, उसे छोड़कर) आपको वादी (एसईसी) को संलग्न शिकायत का जवाब देना होगा या संघीय सिविल प्रक्रिया के नियम 12 के तहत एक प्रस्ताव तामील करना होगा।

## नड्डा ने स्पेशल ओलंपिक्स हेल्दी एथलीट्स का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा ने त्यागराज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित एक समारोह में स्पेशल ओलंपिक्स हेल्दी एथलीट्स का उद्घाटन किया।



यह पहल स्पेशल ओलंपिक्स की ओर से की गई है, जो राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हो रही पहली स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोच्चे और बॉलिंग प्रतियोगिता के साथ-साथ आयोजित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को समावेशी स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने का अवसर प्रदान करने के लिए स्पेशल ओलंपिक्स भारत की ओर से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एक मौलिक अधिकार है और यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हर व्यक्ति, स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सके। भारत सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत विशेष एथलीट्स का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, जिसमें दृष्टि, सुनने की क्षमता, दंत चिकित्सा, शारीरिक फिटनेस और पोषण आदि क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि बौद्धिक और विकासात्मक अक्षमता आईडीडी वाले व्यक्तियों के लिए उचित चिकित्सा देखभाल प्रदान करने, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कौशल को बढ़ाना आवश्यक है। शारीरिक लक्षणों को पहचानने के लिए ही नहीं बल्कि आईडीडी वाले लोगों की विशेष आवश्यकताओं को समझने, सरल भाषा में प्रभावी संवाद करने, सहायक उपकरणों का उपयोग करने और उनकी विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप सहानुभूतिपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

# आईपीएल नीलामी : पंत रच सकते हैं इतिहास, अर्शदीप भी पीछे नहीं

**एजेंसी, जेद्दा ( सउदी अरब )**

इंडियन प्रीमियर लीग की रविवार से होने वाली दो दिवसीय मेगा नीलामी में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हो सकते हैं जबकि 577 खिलाड़ियों पर बोली लगने जा रही है। आईपीएल की दस टीमों के पास 641.5 करोड़ रुपए का पर्स है और 204 संभावित चयन होने बाकी है। ऐसे में सभी की नजरें पंत के नाम पर लगी होंगी।

पंजाब किंग्स के पास सर्वाधिक 110.50 करोड़ रुपए का पर्स है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 83 करोड़ रुपए है। दिल्ली कैपिटल्स के पास 73 करोड़ रुपए और राइट टू मैच (आरटीएम) कोर्ड है, जिससे वे अपने पूर्व कप्तान को खरीद सकते हैं। वैसे समझा जाता है कि पंत नहीं चाहते कि दिल्ली आरटीएम कार्ड का प्रयोग करे क्योंकि अलग होते समय संबंधों में दरार आ गई थी और पंत खुद को अब टीम का हिस्सा नहीं मानते।

उन्होंने कहा भी था ,''मेरा रिटेंशन पैसे को लेकर नहीं था। यह तय है।'' सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पंत 25 करोड़ रुपए पार करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के पास सिर्फ 45 करोड़ रुपए है और वे उन्हें इस कीमत पर खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे। हर दो साल में टीम बदलने के लिए मशहूर पंजाब किंग्स के पास काफी बड़ा पर्स है और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग अपने पसंदीदा खिलाड़ी के साथ फिर एकजुट होना चाहेंगे।




नीलामी के लिए 81 खिलाड़ियों का बेसप्राइज दो करोड़ रुपए है। पिछले तीन सत्र में 96 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट ले चुके अर्शदीप सिंह पर भी बड़ी बोली लग सकती है। पंजाब के पास आरटीएम कार्ड है, लेकिन पता नहीं कि बोली कहां तक जाती है। तेज गेंदबाजों की भी काफी मांग होंगी जबकि श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल को छोड़कर भारत के लगभग सभी स्टार क्रिकेटर लिए जा चुके हैं। अय्यर कप्तानी के लिए दिल्ली की पसंद हो सकते हैं।



आरसीबी, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंटस, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए तीन संभावित कप्तान पंत, राहुल या अय्यर हो सकते हैं। भारतीय खिलाड़ियों में ईशान किशन भी प्रमुख होंगे, लेकिन इस बार मुंबई इंडियंस उन्हें पिछली बार की तरह 15 करोड़ रुपए में खरीदने की स्थिति में नहीं है।

**577** खिलाड़ियों पर लगेगी 641.5 करोड़ रुपए की बोली

**204** खिलाड़ियों को खरीदेगी 10 आईपीएल टीमें

## नीलामी में इन खिलाड़ियों पर भी रहेंगी नजरें

1. **खलील अहमद।** जो अर्शदीप सिंह को नहीं खरीद पाएंगे, उनकी निगाहें खलील पर होंगी। यश दयाल को आरसीबी ने बरकरार रखा है लिहाजा खलील को अच्छे दाम मिल सकते हैं। मांग-आपूर्ति समीकरण के तहत उन पर अच्छी बोली लग सकती है।



2. **दीपक चाहर।** पिछले कुछ साल में चोटों से परेशान रहे दीपक चाहर पॉवरप्ले में अच्छे स्विंग गेंदबाज साबित होते हैं। उनके लिए कई टीमें दम लगा सकती है।



3. **आवेश खान।** पिछले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए 19 विकेट लेने वाले आवेश खान दस करोड़ में खरीदे गए थे। उन्हें एक बार फिर अच्छा दाम मिल सकता है।



4. **हर्षल पटेल ।** हमेशा आईपीएल में हर्षल पटेल को मोटा करार मिलता है। राष्ट्रीय टीम के लिये चयन में भले ही उनके नाम पर विचार नहीं होता है, लेकिन पिछले सत्र में 24 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज को आईपीएल में अनदेखा नहीं किया जा सकता ।



5. **भुवनेश्वर कुमार।** पॉवरप्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारत के सीम और स्विंग गेंदबाज कम ही हैं और भुवनेश्वर के पक्ष में उनका अनुभव भी है। उन्हें दस करोड़ से कम में खरीदा जा सकता है और दुनिया जानती है कि सीएसके के असल कप्तान एमएस धोनी को अनुभवी खिलाड़ी कितने पसंद हैं।



6. **जोस बटलर ।** इसकी संभावना कम है कि यशस्वी जायसवाल को अपने पसंदीदा जोस भाई के साथ खेलने का मौका मिले, लेकिन बेन स्टोक्स की गैर-मौजूदगी में वह सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजों की मददगार पिच को देखते हुए आरसीबी उन पर दाव लगा सकता है।



7. **लियाम लिविंगस्टोन ।** यह ऐसा खिलाड़ी है जिस पर पंजाब किंग्स आरटीएम कार्ड प्रयोग कर सकता है। दूसरी टीमों पर भी उनकी नजरें होंगी।



8. **कैगिसो रबाडा।** आईपीएल में रबाडा की मांग हमेशा रहेगी। दिल्ली कैपिटल्स उन्हें फिर खरीद सकती है और पंजाब के पास आरटीएम का विकल्प है। मुंबई इंडियंस भी जसप्रीत बुमराह के साथी तेज गेंदबाज के रूप में उन्हें लेने पर विचार कर सकती है।



## स्पोर्ट्स विंडो

### ट्वेंटी-20 में तिलक वर्मा ने लगाया लगातार तीसरा शतक

**मुंबई।** तिलक वर्मा टी-20 में लगातार तीन शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए जबकि श्रेयस अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी से पहले शतक लगाया, जिससे दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले दौर में सुर्खियां बटोरीं। हाल में सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ने वाले तिलक ने ग्रुप-ए के राजकोट में हुए मैच में मेघालय के खिलाफ एक और शतक बनाया। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक ने सिर्फ 67 गेंद में 14 चौके और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए जिससे हैदराबाद ने 20 ओवर में चार विकेट पर 248 रन बनाने में कामयाब हुई। अनिकेथरेड्डी और तनय त्यागराजन ने मिलकर सात विकेट साझा किए जिससे हैदराबाद ने प्रतिद्वंद्वी टीम को महज 69 रन पर समेटकर 179 रन की विशाल जीत दर्ज की। वहीं ग्रुप-ई के मैच में श्रेयस अय्यर ने मुंबई के लिए चमकदार प्रदर्शन किया, जिन्हें आईपीएल 2024 का खिताब दिलाने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया था। उन्होंने गोवा के खिलाफ मुंबई के लिए 57 गेंद में नाबाद 130 रन बनाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। श्रेयस के शतक की बदौलत मुंबई ने चार विकेट पर 250 रन बनाए, लेकिन गोवा की टीम इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 विकेट पर 224 रन ही बना सकी और 26 रन से हार गई।



### ऑस्ट्रेलियाई वनडे टीम की कप्तान होंगी ताहलिया

**नई दिल्ली ।** अनुभवी हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा को भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नियमित कप्तान एलिसा हीली की गैर मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया की 13 सदस्यीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया।



### बांग्लादेश के खिलाफ वेस्टइंडीज ने 5 विकेट पर बनाए 250 रन

**नॉर्थ साउंड ।** मकाइल लुईस और एलिक अथानाजे पहले शतक से मामूली अंतर से चूक गए लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज को पांच विकेट पर 250 रन तक पहुंचा दिया। लुईस 97 रन बनाकर और अथानाजे 90 के स्कोर पर आउट हुए। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 140 रन की साझेदारी की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर जस्टिन ग्रीव्स 11 और जोशुआ डासिल्वा 14 रन बनाकर खेल रहे थे। लुईस ने तीसरे विकेट के लिए कावेम हॉज (25) के साथ 59 रन जोड़े। इससे पहले तसकीन अहमद ने कैरेबियाई कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (चार) और केसी कार्टी (0) को जल्दी आउट कर दिया था। अथानाजे 78वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने 130 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 90 रन बनाए। वहीं लुईस 90 रन पर मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और 97 के स्कोर पर शहादत हुसैन की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे।



## पर्थ टेस्ट

### मेजबान ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रनों पर सिमटी, भारत की बढ़त 200 पार

# भारत ने वाका में कसा शिकंजा

**एजेंसी, पर्थ**

यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल की संयम से भरी अर्धशतकीय पारियों और पहले विकेट के लिए 172 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दूसरी पारी में बेहतरीन शुरूआत करते हुए कुल 218 रन की बढत बना ली।

इससे पहले कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 11वीं बार पारी में 5 विकेट लेने का कमाल करके ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर समेट दिया। पहली पारी में 150 रन बनाने वाली भारतीय टीम को 46 रन की बढ़त मिली थी। जायसवाल ने पहली पारी की गलती से सबक लेते हुए धैर्यपूर्वक खेला तो राहुल ने अपने तकनीकी कौशल का फिर प्रदर्शन किया। दोनों ने विशुद्ध टेस्ट क्रिकेट अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अच्छी गेंदों का सम्मान किया तो ढीली गेंदों को नसीहत दी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर जायसवाल 90 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि पहली पारी में तीसरे अंपायर के विवादास्पद फैसले का शिकार हुए राहुल ने 153 गेंद में 62 रन बना लिए हैं। दूसरी पारी में पिच पर जमी घास सूख गई थी और दरारें भी दिखने लगी जिससे गेंदबाजों को उतनी मदद नहीं मिल रही और बल्लेबाजों के लिए स्ट्रोक्स खेलना आसान हो गया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सात गेंदबाजों को आजमाया, लेकिन राहुल और जायसवाल की एकाग्रता नहीं तोड़ सके।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

जायसवाल ने चाय के बाद अपना अर्धशतक 123 गेंदों में पूरा किया जो 15 टेस्ट में उनका सबसे धीमा अर्धशतक है। यह बताता है कि बतौर बल्लेबाज वह बेखौफ ही नहीं बल्कि हालात के अनुरूप भी खेलने में माहिर हैं। इस पिच पर 300 से अधिक का कोई भी लक्ष्य आसान नहीं होगा और पिच में दरारें बढ़ने पर वॉशिंगटन सुंदर प्रभावी साबित हो सकते हैं।

पहली पारी में विवादास्पद तरीके से आउट हुए राहुल ने जिस तरह से कमिंस को आन ड्राइव पर बेहतरीन शॉट खेला और जायसवाल ने जबर्दस्त परिपक्वता से मिशेल स्टार्क जैसे खतरनाक गेंदबाज को कवर्स पर चौका लगाया, उससे भारतीय बल्लेबाजों के तेवर जाहिर हो गए थे ।

पारी की शुरूआत में रक्षात्मक खेलते हुए जायसवाल ने आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को खूब परेशान किया।



**90** रनों पर नाबाद खेल रहे जायसवाल

### बुमराह ने 11वीं बार पारी में पांच विकेट झटके

इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने एक पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जबकि टेस्ट में पदार्पण कर रहे हर्षित राणा ने शानदार पहला स्पैल डाला जिसकी मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी जोड़ी मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने भारत को आखिरी विकेट के लिए काफी इंतजार कराया। ऑस्ट्रेलिया के 9 विकेट 79 रन पर गिर गए थे जिसके बाद स्टार्कऔर हेजलवुड ने 18 ओवर तक चली 25 रन की साझेदारी की।



**62** रनों पर नाबाद खेल रहे लोकेश राहुल

### यशस्वी ने गंभीर का रिकॉर्ड तोड़ा

यशस्वी जायसवाल ने गौतम गंभीर का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। मौजूदा भारतीय कोच ने 2008 में एक कैलेंडर वर्ष में आठ मैचों में 70.67 की औसत से 1134 रन बनाए थे। यशस्वी के नाम एक कैलेंडर वर्ष में फिलहाल 55.28 की औसत से 1161 से ज्यादा रन हैं।



**172** रनों की साझेदारी पहले विकेट के लिए की यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल ने

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी) 150/10

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ख्वाजा क. कोहली ब. बुमराह | 08 | 19 | 1/0 |
| मैकस्वीनी पगबाधा ब.बुमराह | 10 | 13 | 2/0 |
| लाबुशेन पगबाधा ब. सिराज | 02 | 52 | 0/0 |
| स्मिथ पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| हेड ब. हर्षित | 11 | 13 | 2/0 |
| मार्श क. राहुल ब. सिराज | 06 | 19 | 1/0 |
| केरी क. पंत ब. बुमराह | 21 | 31 | 3/0 |
| कमिंस क. पंत ब. बुमराह | 03 | 05 | 0/0 |
| स्टॉर्क क. पंत ब. हर्षित | 26 | 112 | 2/0 |
| लियोन क. राहुल ब. हर्षित | 05 | 16 | 0/0 |
| हेजलवुड (नाबाद) | 07 | 31 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (51.2 ओवर)** | 104/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-14, 2-19, 3-19, 4-31, 5-38, 6-47, 7-59, 8-70, 9-79, 10-104.

**गेंदबाजी :** बुमराह 18-6-30-5, सिराज 13-7-20-2, हर्षित 15.2-3-48-3, नीतिश 3-0-4-0, वॉशिंगटन 2-1-1-0.

| भारत (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल (नाबाद) | 90 | 193 | 7/2 |
| राहुल (नाबाद) | 62 | 153 | 4/0 |
| **अतिरिक्त** | 20 | | |
| **कुल : (57 ओवर)** | 172/0 | | |

**गेंदबाजी :** स्टॅर्क 12-2-43-0, हेजलवुड 10-5-9-0, कमिंस 13-2-44-0, मार्श 6-0-27-0, लियोन 13-3-28-0, लाबुशेन 2-0-2-0, हेड 1-0-8-0.

### यशस्वी जायसवाल ने ब्रैंडन मैक्कुलम को पीछे छोड़ा

**पर्थ** के ऑप्टस स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान यशस्वी जायसवाल ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दरअसल उन्होंने टेस्ट में एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक छक्के लगाने का ब्रैंडन मैक्कुलम (33 छक्के) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाथन लियोन के खिलाफ अपना 34वां छक्का लगाया। ब्रैंडन मैक्कुलम जहां 9 मैचों में यह कारनामा किया था, वहीं यशस्वी जायसवाल ने 12 मैच में यह उपलब्धि हासिल की है।



### गुलवीर ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में किया सुधार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने शनिवार को जापान में '2024 हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस मीट' के 10,000 मीटर स्पर्धा में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। तोक्यो के निकट स्थित हाचोझी में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने 27 मिनट 14.88 सेकंड के समय के साथ अपनी दौड़ पूरी की। इस स्पर्धा में उनका पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27 मिनट 41.81 सेकंड था, जिसे उन्होंने 16 मार्च को अमेरिका के सैन जुआन में 'द टीईएन' प्रतियोगिता में कायम किया था।

उन्होंने 2023 हांगझोऊ एशियाई खेलों में 28 मिनट 17.21 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता था।

गुलवीर के नाम 10,000 मीटर के साथ 5000 मीटर का भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उन्होंने इस साल सितंबर में जापान एथलेटिक्स मीट में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया था।

## एचपीसीएल प्रो-11 शिमला का अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा में दबदबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर तहसील अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के 7वें दिन शनिवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच शिमला रूरल किंग्स व बुशहर सुपर किंग्स रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें रामपुर की टीम ने आसानी से जीत हासिल की।

इस मैच में शिमला की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 108/6 रन बनाए, जबकि रामपुर की टीम ने लक्ष्य 11.2 ओवर में 1 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। शिमला की ओर से अरनव ने 52 व काव्य ने 14 रन बनाये। रामपुर की ओर से सत्यम ने 2 व सर्वेश ने 1 विकेट प्राप्त की।

लक्ष्य का पीछा करते हुए रामपुर की टीम नें शुभम के 52 व नीरव के 33 रनों की बदौलत लक्ष्य आसानी से 11.2 ओवर में 1 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शुभम जकटु को दिया गया। दूसरा मैच के कांत क्रिकेट फाउंडेशन रोहड़ू बनाम एचपीसीएल प्रो-11 शिमला के मध्य खेला गया, जिसमें एचपीसीएल प्रो-11 शिमला की टीम ने जीत हासिल की।

इस मैच में एचपीसीएल प्रो-11 शिमला की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 207 रन बनाए, जबकि रोहड़ू की टीम 20 ओवर में 133/6 रन ही बना सकी। संभव शर्मा के शानदार नाबाद शतक 119 रन व दक्ष ठाकुर के नाबाद 69 रन की मदद से 207 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहड़ू की टीम 20 ओवर में 133/6 रन ही बना सकी और 74 रन से हार गईं।

रोहड़ू के लिए रियान 34 और कार्तिक ने 39 रन का योगदान दिया। शिमला के लिए सूजल ने 2 विकेट लिए। इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संभव शर्मा को दिया गया।



### आज के मुकाबले

सुबह पहला मैच बुशहर सुपर किंग्स रामपुर व कोटखाई डेयरडेविल्स के मध्य सुबह 9.30 व दूसरा मैच शिमला रूरल किंग्स बनाम एचपीसीएल प्रो-11 शिमला के मध्य 1.30 पर होगा।

## शतरंज

### विश्व शतरंज चैंपियनशिप के सोमवार से खेले जाएंगे 14 राउंड के मुकाबले

# गुकेश का पलड़ा भारी, लेकिन लिरेन भी दमदार

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारत के युवा डी गुकेश का पलड़ा विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले में अनुभवी डिंग लिरेन पर भार दिख रहा है, लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों का मानना है कि चीन के लिरेन की चुनौती को नकारा नहीं जा सकता। सोमवार से शुरू हो रहे पहले मैच के साथ ही खिलाड़ियों को अधिकतम 14 क्लासिकल मुकाबले खेलने हैं और पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी 25 लाख डॉलर ईनामी राशि की चैंपियनशिप जीतेगा।



मुकाबला टाई रहने पर कम अवधि के मैच के जरिये विजेता का फैसला होगा। अतीत में हमेशा गत चैंपियन को चैलेंजर पर तरजीह मिलती आई है, लेकिन गुकेश और लिरेन के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए 18 वर्ष के गुकेश का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। वह सबसे युवा चैलेंजर हैं और उनके पास सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने का मौका है।



लिरेन 2023 में खिताब जीतने के बाद से लगातार औसत प्रदर्शन के बाद विश्व रैंकिंग में खिसककर 23वें स्थान पर आ गए। दूसरी ओर गुकेश विश्व रैंकिंग में 5वें नंबर पर पहुंच गए।

उन्होंने अप्रैल में कैंडिडेट्स खिताब जीतकर लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलने की पात्रता हासिल की। लिरेन मानसिक स्वास्थ्य मसलों को लेकर अवसाद में रहे और 2023 में कई टूर्नामेंट नहीं खेल पाए। वह 2024 में लौटे और कुछ समय पहले स्वीकार भी किया कि वह विश्व चैंपियनशिप मुकाबला हार सकते हैं।

विश्व चैंपियनशिप मुकाबला मानसिक दृढता की भी कसौटी है और लिरेन का इसमें कोई सानी नहीं। उन्होंने पिछले साल रूस के दिग्गज इयान नेपोम्नियाश्चि को हराया था । दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी का मानना है कि गुकेश इस मुकाबले में लिरेन को हरा सकता है।

**25** लाख डॉलर की ईनामी राशि मिलेगी विजेता को